धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
सुप्रभात
रांची, बुधवार
22.03.2023
'हिन्दू नववर्ष' नव संवत्सर विक्रम संवत 2080 की हार्दिक शुभकामनाएं
* नगर संस्करण । पेज : 12 | epaper.khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 246

12 सिंगापुर के ड्रीम क्रूज पर अक्षरा सिंह ने मचाया धमाल

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007 BACET
Flagship Courses : B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## सीएम ने तपोवन मंदिर सौंदर्यीकरण की रखी आधारशिला

### मंदिर में शीश झुकाकर राज्य की सुख-शांति की दुआ मांगी, जल्द मिलेगी नयी पहचान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि 14 करोड़ 67 लाख रुपये खर्च कर रांची के ऐतिहासिक तपोवन मंदिर का सौंदर्यीकरण और पुनर्निर्माण किया जायेगा। सीएम श्री सोरेन ने मंगलवार को पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर तपोवन मंदिर के आसपास के क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण और पुनर्निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। उनके साथ विधायक सीपी सिंह भी मौजूद थे। उन्होंने मंदिर में शीश झुकाकर राज्य की उन्नति, सुख-शांति, सद्भाव और समृद्धि की कामना की। फिर विधानसभा सत्र की व्यस्तता का हवाला देते वे जल्द ही वहां से निकल गये। उन्होंने जनसमुदाय से कहा कि उन्हें फिर खुशी होगी जब वे रामनवमी के दिन इस मंदिर में आयेंगे।



### मुख्यमंत्री ने गदा उठाकर जयश्रीराम का किया उद्घोष

शिलान्यास कार्यक्रम के क्रम में सीएम ने गदा उठा कर जय श्रीराम का उदघोष किया। उन्होंने कहा कि तपोवन मंदिर के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास करते हुए काफी खुशी हो रही है। रामनवमी के अवसर पर जब हम सभी लोग यहां आयेंगे और बदला हुआ स्वरूप यहां दिखाई देगा तो हम सभी को अच्छा लगेगा। उन्होंने कहा, जल्द ही ऐतिहासिक मंदिर का धार्मिक तीर्थ स्थल के रूप में इसकी एक अलग पहचान बनेगी। श्रद्धालुओं के लिए यहां कई सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मंदिर और आसपास का क्षेत्र विकसित किया जायेगा। इधर, ऐतिहासिक तपोवन मंदिर के महंत ओमप्रकाश शरण ने राज्य सरकार के द्वारा तपोवन मंदिर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के शिलान्यास पर खुशी जताते हुए कहा कि इस स्थल से लाखों श्रद्धालुओं का आस्था जुड़ी हुई है। सीएम ने पिछले वर्ष रामनवमी के अवसर पर इसकी सौंदर्यीकरण की घोषणा की थी जो आज फलीभूत हो रही है, यह बेहद खुशी की बात है। मौके पर क्षेत्र के गणमान्य व समाजसेवी उपस्थित थे।

### जुडको को जिम्मा, 14 करोड़ की लागत आयेगी

तपोवन मंदिर परिसर और आसपास के 7000 वर्ग मीटर के क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण और पुनर्निर्माण कार्य पर 14 करोड़ 67 लाख रुपये खर्च होंगे। इसकी जिम्मेवारी जुडको को दी गयी है। उसने एक्शन प्लान तैयार कर लिया है। इसके तहत कडरू से तपोवन मंदिर तक पुल का चौड़ीकरण और हरमू नदी को कवर किया जायेगा। ओवरब्रिज से निवारणपुर जाने वाली सड़क का भी चौड़ीकरण किया जायेगा। मंदिर आने के लिए वैकल्पिक मार्ग और अप्रोच रोड भी बनाया जायेगा। मंदिर के दोनों ओर तोरणद्वार बनेंगे। यहां पार्किंग एरिया, लॉन, बच्चों के खेलने का क्षेत्र पार्क आउटडोर जिम, सर्विस ब्लॉक टेंपल प्लाजा, ग्रीन ग्रीन वॉल और कियोस्क की भी सुविधा श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध होगी।

### चैत्र नवरात्र- प्रथम शैलपुत्री



**या देवी सर्वभूतेषु शैलपुत्री रूपेण संस्थिता! नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:!!**

**नवरात्रि** के पहले दिन कलश स्थापना के बाद देवी शैलपुत्री की पूजा की जाती है। शैलपुत्री, संस्कृत में, दो शब्दों का मेल है- 'शैल' अर्थातपर्वत और 'पुत्री' अर्थात बेटी। वह हिमालय की बेटी हैं। मां शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बायें हाथ में कमल का फूल, माथे पर एक अर्धचंद्र के साथ नंदी बैल पर सवार रहती हैं। चूंकि मां शैलपुत्री को सफेद रंग प्रिय हैं अतः उन्हें सफेद वस्त्र और सफेद फूल चढ़ाया जाता है। इनकी पूजा से सभी मनोकामना पूर्ण होती हैं।

### न्यूज डायरी

#### रांची : सड़क हादसे में दो छात्राओं की मौत

**रांची।** मंगलवार को नामकुम तुपुदाना लिंक रोड के कोजाटोली के समीप एक बाइक और वाहन की टक्कर में बाइक सवार दो छात्राओं की मौके पर ही मौत हो गयी। दोनों डोरंडा कॉलेज की छात्रा थी। दोनों की पहचान विभा पासवान और शिवानी तिर्की के रूप में की गयी। वहीं बाइक चला रहा युवक संदीप तिर्की गंभीर रूप से घायल है। वह शिवानी का भाई बताया जा रहा है।

#### दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में भूकंप के झटके

**नयी दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। रिक्टर स्केल में तीव्रता 5.5 आंकी गयी। भूकंप के तेज झटकों से लोगों में खौफ छा गया। लोग अपने घरों से बाहर निकल आये। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में बताया जा रहा है। दिल्ली के अलावा चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, यूपी में भी भूकंप के झटके महसूस किये गये हैं। पंजाब, उत्तराखंड में भी लोगों ने भूकंप के झटके लगे।

#### लोहरदगा : हाइवा ने दो स्कूटी सवारों को रौंदा

**लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के कुडू-लोहरदगा मुख्य पथ पर कड़ाक पुलिया के समीप हाइवा तथा स्कूटी की भिड़ंत में एक नाबालिग सहित दो छात्रों की मौत हो गयी। एक छात्र को इलाज के बाद रिम्स भेजा गया है।

#### कार दुर्घटना में तीन की मौत, एक घायल

**सरायकेला।** चांडिल थाना इलाके के जरियाडीह में सोमवार देर रात एक कार हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। वे शादी समारोह से लौट रहे थे। अचानक उनकी कार हादसे की शिकार हो गयी। कार पर सवार एक अन्य की हालत गंभीर है।

#### विस्थापितों को 10 दिन में मिलेगा मुआवजा : जोबा

**रांची।** विधानसभा में मंगलवार को भाजपा विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि हिंडाल्को कंपनी कोयला खनन कर रही है लेकिन रैयतों को जमीन का उचित मुआवजा नहीं दिया गया है। मंत्री जोबा मांझी ने भरोसा दिया कि 10 दिन के अंदर विस्थापितों को मुआवजा मिल जायेगा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 54,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

## मानवता शर्मसार : एक लाख में मां ने बेच दिया कलेजे का टुकड़ा

■ आरोपी मां और सौदा कराने वाली सहिया हिरासत में, रुपये बरामद, नवजात की खोज जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** एक बार फिर मानवता शर्मसार हुआ है। चंद रुपये के लालच में मां की ममता का सौदा करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन रेस हो गया और अधिकारियों की सक्रियता के बाद उसके घर से एक लाख रुपये बरामद कर महिला को हिरासत में ले लिया गया है। आरोप सदर अस्पताल की एएनएम और सहिया पर है। सदर अस्पताल से नवजात के बेचे जाने की खबर के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त अबु इमरान ने सिविल सर्जन के नेतृत्व में एसडीओ और एसडीपीओ की संयुक्त टीम का गठन कर जांच के आदेश दे दिये हैं। त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम आरोपी सहिया और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों से पूछताछ कर बेचे गये नवजात को बरामद करने में जुट गयी है। पुलिस सदर अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। अधिकारियों ने कहा है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषी के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।



**आरोपी मां एक लाख के साथ गिरफ्तार :** अस्पताल परिसर से सहिया की मिलीभगत से नवजात की बिक्री की खबर आग की तरह शहर में फैलते ही अधिकारियों और कर्मियों के हाथ पैर फूलने लगे। डीसी के निर्देश पर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला के घर की तलाशी लेकर नवजात का सौदा कर घर में रखा एक लाख रुपया नकद बरामद कर लिया। साथ ही आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया। आरोपी सहिया को भी पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। नवजात का सौदा करने वाली कलयुगी मां ने बताया कि सहिया ने प्रसव के बाद बताया था कि उसके भाई के बच्चे नहीं है।

(शेष पेज 11 पर)

### राम और तालिबान के नाम पर हंगामे के बीच श्रम विभाग की अनुदान मांग पास

## रामनवमी जुलूस और डीजे को लेकर सदन में कुर्ताफाड़ प्रदर्शन

■ जुलूस पर रोक नहीं, भाजपा लोगों को भड़का रही है : मंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रामनवमी जुलूस के दौरान डीजे बजाने को लेकर सरकार के गाइडलाइन का मामला सदन में गूंजा। भाजपा विधायकों ने सरकार को घेरने की कोशिश की तो सरकार की ओर से मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मोर्चा संभाले रखा। सदन में राम और तालिबान के नाम पर जमकर तीर चले। श्रम विभाग के अनुदान मांग पर कटौती प्रस्ताव पेश करते हुए भाजपा विधायक मनीष जयसवाल ने कहा कि रामनवमी को लेकर सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन तालिबानी फरमान जारी कर रहा है। एक विशेष समुदाय को खुश करने के लिए ऐसा फरमान जारी किया गया है। जिला प्रशासन ने चलंत डीजे पर रोक लगायी है, हजारीबाग में रामनवमी की 104 साल पुरानी परंपरा है। उन्होंने कहा कि ये लोग मुसलमानों के नाम पर जीते हैं, मरते हैं। अपनी मांग पर जोर देने के लिए मनीष जायसवाल ने वेल में जा कर अपना कुर्ता फाड़ डाला। इसके बाद तालिबानी शब्द के प्रयोग पर हंगामा शुरू हो गया। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि रामनवमी के जुलूस पर कहीं भी प्रतिबंध नहीं है। भाजपा वाले लोगों को भड़का रहे हैं। सिर्फ डीजे को लेकर सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेश को सुनिश्चित किया जा रहा है। हंगामे के बीच सदन ने श्रम विभाग की अनुदान मांग पास कर दी। (शेष पेज 11 पर)



### वेल में जा कर कुर्ता फाड़ा

सदन में हजारीबाग, पलामू और चतरा में रामनवमी जुलूस को लेकर फिर हंगामा हुआ। मनीष जायसवाल ने रामनवमी जुलूस निकालने नहीं देने की बात पर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बेल पर पहुंच कर अपना कुर्ता फाड़ दिया और कहा कि इस राज्य में अब इज्जत बचाना मुश्किल है। हालांकि, इरफान अंसारी ने मनीष जयसवाल को रोकने की कोशिश की, पर वह सफल नहीं हो सके। वहीं दीपिका पांडे ने कहा की सदन में मुस्लिमों का अपमान तालिबानी कह किया जा रहा है। इस दौरान मनीष जायसवाल ने भाषण जारी रखा। उन्होंने कहा कि यूपी लॉ एंड ऑर्डर का राज, झारखंड में दंगा हो रहा है।

### ओबीसी आरक्षण को लेकर एक-दूसरे पर लगाये आरोप

बजट सत्र के दौरान मंगलवार को सदन के बाहर ओबीसी आरक्षण का मुद्दा गरमाया रहा। सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से आरोपों की झड़ी लगती रही। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने भाजपा और आजसू को ओबीसी विरोधी बताते हुए कहा कि बाबूलाल के शासनकाल में ओबीसी को 27 प्रतिशत से 13 प्रतिशत आरक्षण कर दिया गया।

## पलामू में नक्सलियों ने पांच ट्रैक्टर जलाये

**नावा बाजार पलामू।** टीपीसी उग्रवादी संगठन के हथियारबंद दस्ता ने नावा बाजार थाना क्षेत्र के कंडा में स्थित एसकेएम ईंट्ट भट्ठा में खड़े पांच ट्रैक्टर को जला दिया। घटना सोमवार देर रात की है। उग्रवादियों ने भट्ठा के मुंशी और मजदूरों को चेतावनी दी कि भट्ठा मालिक को बता देना कि भेंट कर लेगा, नहीं तो फिर आकर इससे भी बड़ा नुकसान पहुंचा देंगे। भट्ठा व्यवसायी सत्यानंद मेहता का है। मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ के बगल में स्थित ईंट भट्टा में उग्रवादी घटना से ईंट भट्टा संचालकों के साथ स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा रात्रि में ही दमकल के साथ घटनास्थल पहुंचे। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात करीब दस बजे टीपीसी उग्रवादी संगठन के 30-40 हथियारबंद दस्ता सत्यानंद मेहता के चिमनी ईंट्ट भट्ठा पहुंच कर मुंशी और मजदूरों को बंधक बनाते भट्ठा पर लगे पांच ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। (शेष पेज 11 पर)

## 26 अप्रैल तक जेल में ही रहना होगा प्रेमप्रकाश को

■ सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका, जमानत याचिका पर सुनवाई टली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दिल्ली/रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को झारखंड में पवार ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर सुनवाई 26 अप्रैल तक टाल दी है। इस साल जनवरी में झारखंड हाईकोर्ट ने प्रेम प्रकाश को बेल देने से इनकार करते हुए उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद प्रेम प्रकाश ने अपनी जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। प्रेम प्रकाश की जमानत अर्जी सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी।

### दुर्भावना से फंसाया

मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी प्रेम प्रकाश ने अपनी याचिका में कहा है कि एजेंसी ने उन्हें दुर्भावना से फंसाया और कथित अपराध में उनकी संलिप्तता का कोई सबूत नहीं था। उन्होंने तर्क दिया कि ईडी अवैध खनन के उद्देश्य से पंकज मिश्रा के साथ उनके किसी भी संबंध को स्थापित नहीं कर सका। इसके अलावा उन्होंने दावा किया कि संजय चौधरी और अमित अग्रवाल के साथ उनका लेन-देन उस व्यवसाय का हिस्सा था, जिसका साहिबगंज में तथाकथित अवैध खनन और परिवहन से कोई लेना-देना नहीं था. उन्होंने कहा कि ईडी ने बिना किसी आधार के उन्हें अवैध खनन कारोबार में शामिल कुछ कंपनियों से जोड़ा। साहेबगंज के बरहरवा टोल प्लाजा मामले में वह आरोपी भी नहीं था।

## दुल्हन की तरह सजा मां छिन्नमस्तिके मंदिर का दरबार, पुष्प सज्जा आकर्षक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिके मंदिर में चैत्र नवरात्र को लेकर मंदिर न्यास समिति और जिला प्रशासन की ओर से तैयारी पूरी कर ली है। चैत्र नवरात्र में मां छिन्नमस्तिके मंदिर की खूबसूरती देखते बन रही है। बुधवार से शुरू हो रहे नवरात्र को लेकर सारी तैयारियां कर ली ली गयी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। 13 हवन कुंड की साफ सफाई कर दी गयी है। साधकों के रहने के लिए निशुल्क व्यवस्था की गयी है। रजरप्पा मंदिर परिसर स्थित धर्मशाला में लोग रूक पायेंगे। मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। भव्य पुष्प सज्जा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। बुधवार को कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू हो जायेगा। बता दें कि शारदीय नवरात्र और चैत्र नवरात्र में मां छिन्नमस्तिके मंदिर में साधक और श्रद्धालु मां की आराधना करने पहुंचते हैं। मां का आशीर्वाद लेते हैं। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है।



## सरयू राय का छलका दर्द, कहा- सदन में भाजपा भी नहीं कर रही सपोर्ट

### स्वास्थ्य मंत्री के जवाब से खफा सदन की शेष कार्यवाही का किया बहिष्कार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पिछले कुछ महीनों से निर्दलीय विधायक सरयू राय और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के बीच तनातनी बढ़ गयी है। मंगलवार को भी सदन की कार्यवाही के दौरान दोनों के बीच विवाद फिर से बढ़ गया, जिसके बाद सरयू राय ने स्पीकर रवींद्रनाथ महतो से मुलाकात कर अपनी आपत्ति दर्ज करायी। उन्होंने बाकी बचे दो दिनों की कार्यवाही का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। निर्दलीय विधायक सरयू राय को लगता है कि न ही सत्ता पक्ष के लोग उनका समर्थन कर रहे हैं और न ही विपक्ष के लोग। खासकर भाजपा से उन्हें काफी निराशा हाथ लगी है।

मंत्री बन्ना गुप्ता और सरयू राय के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर बेहद ही तल्ख हो गया है। दोनों एक दूसरे को चुनौती भी देते नजर आ रहे हैं। इस प्रकरण में अब सरयू अकेला महसूस कर रहे हैं। वह बन्ना के मामले में जहां स्पीकर पर पक्षपात का आरोप लगा रहे हैं वहीं भाजपा के व्यवहार से भी आहत हैं। सोमवार को सरयू ने भाजपा के कई विधायकों से बात कर सदन में उनका समर्थन करने का आग्रह किया था, लेकिन मंगलवार को जब सदन में सरयू राय अपनी बात रख रहे थे, तो भाजपा विधायक हंगामा कर रहे थे, जिसका उन्हें मलाल है। कहा कि भाजपा विधायकों से समर्थन मांगने बाद भी, नहीं मिला। जब सदन में सुदेश महतो बोल रहे थे तब भाजपा के विधायक चुप थे, लेकिन जब मेरी बारी आई तो वे लोग हंगामा करने लगे।





**बन्ना गुप्ता को है भाजपा का मौन समर्थन :** सरयू राय ने कहा कि जमशेदपुर में जब हम बन्ना गुप्ता के विरोध में कुछ बोलते हैं तो भाजपा का एक भी कार्यकर्ता कुछ भी नहीं बोलता। यही सिलसिला विधानसभा में देखने को मिल रहा है। ऐसे में लगता है कि बन्ना गुप्ता से भाजपा का सांठगांठ है या फिर उनके प्रति सहामुभूति है। मंगलवार को माहौल इतना बिगड़ गया की सरयू राय नाराज होकर सदन से बाहर निकल गये। (शेष पेज 11 पर)

## फरार अमृतपाल पर लगाया गया एनएसए

■ पुलिस ने कहा, हुलिया बदल कर भागा, कोर्ट ने पूछा- 80 हजार जवान क्या कर रहे थे

**एजेंसी**

**अमृतसर।** वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह को पुलिस पिछले चार दिन से तलाश रही है। अमृतपाल कहां है, अभी इसकी जानकारी किसी को नहीं है। अब पुलिस का कहना है कि अमृतपाल हुलिया बदलकर भाग गया है। पुलिस ने उसकी नयी-पुरानी तस्वीरें जारी की हैं। पुलिस ने उस पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया है। उसकी एनआरआइ पत्नी किरणदीप कौर और परिवार के बैंक खातों, मूवमेंट और संबंधों की जांच की जा रही है। जांच के लिए अमृतपाल के 500 करीबियों की लिस्ट भी तैयार की गयी है। अभी तक 154 आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। (शेष पेज 11 पर)

## कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला

एस.एस. +2 उच्च विद्यालय, गुमला परिसर, गुमला पिन : 835207
Email ID :- rmsagumla@gmail.com

**अत्यावश्यक सूचना**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में दायर अवमाननावाद संख्या 612/2022 में दिनांक 15.12.2023 को पारित अन्तिम न्यायादेश के आलोक में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रांची के विज्ञापन संख्या–21/2016 के तहत् अनुसूचित जिलों में नियुक्ति हेतु (19 सीधी नियुक्ति अन्तर्गत $ 01 PRT कोटि अन्तर्गत, कुल 20 अभ्यर्थियों) लम्बित संस्कृत विषय के अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची मूल फोल्डर के साथ सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 814 दिनांक 14.03.2023 द्वारा प्राप्त हुई है।

उक्त के आलोक में अनशंसित संस्कृत विषय के सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति एवं पदस्थापन के पूर्व उनके शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/आवासीय/जाति प्रमाण पत्रों की जांच/काउन्सेलिंग हेतु दिनांक 23.03.2023 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से विकास भवन स्थित उप विकास आयुक्त, गुमला के समागार में आयोजित की गयी है।

अनशंसित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त निर्धारित तिथि/समय व स्थल पर ससमय निश्चित रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
गुमला।

PR 293261 Jharkhand Education Project Council(22-3)D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT ROAD DIVISION, KHUNTI

**e-Procurement Notice**
**Re. E-Tender (2nd Call)**
**E_Tender Reference No. RCD/KHUNTI/ 194 Date :- 20/03/2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | IRQP work of Sarsa (Bero – Khunti Road) to Darand - Latratu Dam Via Sai Temple form Km 0.00 to 7.817 (Total Length 7.817 KM) |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 5,10,52,362.00 Rs. Five Crore Ten Lakh Fifty Two Thousand Three Hundred Sixty Two only. |
| 3. | Bid Security (Rs.) | Rs. 5,11,000.00 Rs. Five Lakh Eleven Thousand Only. |
| 4. | Cost of Document (Rs.) | Rs. 10,000.00 Rs. Ten Thousand Only. |
| 5. | Time of Completion | 02 Months |
| 6. | Last date / Time for receipt of bids | 19.04.2023 up to 12:00 Noon |
| 7. | Date of Publication of Tender on website | 27.03.2023 at 12:00 Noon |
| 8. | Name & Address of office Inviting Tender | Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Khunti |
| 9. | Contact no. of Procurement Officer | 06528-221215 |
| 10. | Helpline number of e-Procurement Cell | 0651-2401010 |

Note :- Estimated cost of tender can be increased or decreased
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Khunti

PR.NO.293246 Road(22-23):D

## कार्यालय झारखंड शिक्षा परियोजना, रामगढ़

राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड, रामगढ़ कैंट
ई मेल :- ssa_ramgarh@rediffmail.com फोन नं0/फैक्स नं० – 06553–231133,

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

रामगढ़ जिले के 04 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एवं 02 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय के लिए वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु खाद्य पदार्थ, हरी सब्जी, मछली, चिकेन, दूध, पनीर, पोशाक एवं अन्य वस्त्र तथा स्टेशनरी इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु जिले में निबंधित इच्छुक संस्थानों/विक्रेताओं से मुहरबंद अल्पकालीन निविदा विद्यालयवार एवं पैकेजवार निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक निविदादाता जिला कार्यालय (झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़) से निविदा प्रपत्र दिनांक–23.03.2023 से दिनांक–31.03.2023 तक (कार्यालय अवधि में) प्राप्त कर जिला कार्यालय में दिनांक–05.04.2023 के संध्या 05:00 बजे तक भरकर जमा करना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तरीय क्रय समिति के द्वारा दिनांक–06.04.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से समग्र शिक्षा अभियान, रामगढ़, बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड, रामगढ़ में पैकेजवार निविदा खोलने की कार्रवाई की जायेगी।

कार्यालय द्वारा सिर्फ सामग्रियों का दर निर्धारित किया जायेगा। तत्पश्चात आवश्यकतानुसार सामग्रियों का क्रय एवं विपत्र/अभिश्रवों का नियमानुसार भुगतान संबंधित विद्यालयों द्वारा किया जायेगा।

निविदा हेतु संबंधित विद्यालय का नाम एवं पता निम्नलिखित रूप से है –

| क्र०सं० | विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | पता |
|---|---|---|
| 1 | कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, रामगढ़ | महुआजारा, बाजार समिति कैंथा, रामगढ़। |
| 2 | कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, माण्डू | नियर माण्डू ब्लॉक, माण्डू। |
| 3 | कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, गोला | मुरपा, रजरप्पा रोड, गोला। |
| 4 | कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, पतरातू | पतरातू ब्लॉक परिसर, पतरातू। |
| 5 | झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, चितरपुर | नियर माण्डू ब्लॉक, माण्डू। |
| 6 | झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, दुलमी | महुआजारा, बाजार समिति कैंथा, रामगढ़। |

वर्ष 2023–24 का पैकेज विवरणी – **पैकेज संख्या 1** – खाद्य पदार्थ एवं अन्य सामग्री, **पैकेज संख्या 02** – हरी सब्जी, मछली, चिकेन, दूध, पनीर इत्यादि, **पैकेज संख्या 3** – पोशाक एवं अन्य वस्त्र तथा **पैकेज संख्या 4** – स्टेशनरी इत्यादि। पूर्ण एवं आवश्यक निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए (प्रत्येक पैकेज के लिए) Sarva Shiksha Abhiyan, Ramgarh के नाम से अप्रतिदेय (Non Refundable) 1000/- रूपये (एक हजार रूपये मात्र) राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट में देना अनिवार्य है। निविदा में किसी भी प्रकार की संशोधन अथवा रद्द करने का अधिकार जिला स्तरीय क्रय समिति के पास सुरक्षित होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, रामगढ़।

PR 293270 (District) 22-23 (D)

## कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा

**इच्छा की अभिव्यक्ति सूचना संख्या – 02/2022–23 दिनांक – 21.03.2023**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत निर्मित दुकानो की आवंटन समयावधि अप्रैल 2023 से मार्च 2026 तक के लिए की जानी है जिसमे निबंधित संस्था/प्रतिष्ठान/अच्छे आचरण वाले व्यक्ति प्रति दुकान के लिए आवेदन शूल्क– 10000/– (दस हजार) रूपये जमा कर नगर पंचायत कार्यालय से दिनांक – 21.03.2023 से 31.03.2023 तक कार्यालय दिवस में आवेदन प्राप्त कर जमा किया जा सकता है। दिनांक 01.04.2023 से 03.04.2023 तक आवेदनो की सत्यापन की जायेगी एवं दिनांक – 05.04.2023 से 06.04.2023 तक आपति निराकरण की जायेगी तथा दिनांक 10.04.2023 को दुकानो की बन्दोबस्ती की जायेगी। कार्यालय अवधि में सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत राशि का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत कोडरमा के नाम से देय होगा एवं नियम व शर्त के अनुसार अन्य कागजात आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। तय समयावधि के उपरान्त कोई भी आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा। दुकानो का आवंटन उप विकास आयुक्त, कोडरमा की अध्यक्षता में गठित कमिटि के सदस्यों के समक्ष कार्यालय, नगर पंचायत कोडरमा के द्वारा तैयार सूची को प्राथमिकता दी जायेगी एवं लॉटरी के माध्यम से की जायेगी। बिना कारण बताये निविदा को स्थगित / रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को रहेगा। दुकानो की बन्दोबस्ती की विवरणी निम्नवत है –

| क्र0 सं0 | आवंटन की जाने वाली दुकानो का स्थान | दुकानो की संख्या | आवंटन का स्थान | आवंटन की तिथि एवं समय | सुरक्षित जमा राशि प्रति दुकान (रूपये में) | प्रतिमाह किराया प्रति दुकान (रूपये में) | आवेदन प्रपत्र का शूल्क (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत टाउन हॉल के सामने, वार्ड सं0 01 में निर्मित दुकान जिसका साईज 10'0"X9'0" (भू–तल–09 दुकान) | 09 | उप विकास आयुक्त कार्यालय, कोडरमा | दिनांक – 10.04.2023, समय– अपराह्न 02:00 बजे | 250000/– | 2500/– | 10000/– |
| 2 | नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत टाउन हॉल के सामने, वार्ड सं0 01 में निर्मित दुकान जिसका साईज 10'0"X9'0" (प्रथम तल–09 दुकान) | 09 | उप विकास आयुक्त कार्यालय, कोडरमा | दिनांक – 10.04.2023, समय– अपराह्न 02:00 बजे | 150000/– | 1500/– | 10000/– |
| 3 | नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत सुधा स्वीट के सामने, वार्ड सं0–14 में निर्मित मार्केट कम्प्लेक्स में अवस्थित 13 दुकान, जिसका साईज 9'0"X10'0", | 13 | उप विकास आयुक्त कार्यालय, कोडरमा | दिनांक – 10.04.2023, समय– अपराह्न 02:00 बजे | 250000/– | 2500/– | 10000/– |
| 4 | नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत सुधा स्वीट के सामने, वार्ड सं0–14 में निर्मित मार्केट कम्प्लेक्स के दोनो कोने पर अवस्थित दो दुकान जिसका साईज 19'0"X9'0". | 02 | उप विकास आयुक्त कार्यालय, कोडरमा | दिनांक – 10.04.2023, समय– अपराह्न 02:00 बजे | 350000/– | 3500/– | 10000/– |

नोट :– निविदा की शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

ह0/– प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 293238 Urban Development (22-23)_D

## झारखंड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला के अन्तर्गत निकाली गयी ई–अति अल्पकालिन निविदा संख्या:–R1/2022-23/NREP/EE/ Gumla के PR No- 292984NREP(22-23)_D जो दिनांक 19.03.2023 को प्रकाशित हुआ था, के कंडिका 3, 4 एवं 5 में निविदा प्रकाशन की तिथि निम्न प्रकार से संशोधन की जाती है।

3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 26.03.2023 अपराह्न 5.00 बजेके जगह पर 27.03.2023 अपराह्न 5.00 बजे पढ़ा जाय।
4. जिला नियंत्रण कक्ष गुमला में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकि योग्यता दस्तावेज की एक प्रतिजमा करने की तिथि एवं समय 27.03.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे के जगह पर 28.03.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे पढ़ा जाय।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 28.03.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे के जगह पर 29.03.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे पढ़ा जाय।

बाकी सभी शर्तें यथावत रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, गुमला

PR 293235 NREP(22-23)#D

## Govt. of Jharkhand
## Drinking Water & Sanitation Mech. Division, Medininagar

**e-Procurement**
**Very Short Terms INVITATION FOR BIDS (IFB)**
**Tender reference no.- DWSMD/04 (2nd Call) (2022-23) Date: - 21.03.2023**

| Sl. No. | Name of Schemes | Estimated Cost ( Rs in lakh) | Earnest Money (Rs) | Cost of Tender Paper (Rs) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Supplying, Installation, Testing & Commissioning of 1000KVA HT AVR at Belwatikar WTP under Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar | 36.78957 | 74000 | 5000.00 | 2 Months |

2. Date of publication of Tender on Web site :- 23/03/2023 at 01.30 PM
3. Last date & Time for receipt of Bid :- 31/03/2023 at 03.00 PM
4. Cost of Bidding document & bid security (Hard Copy) is received date & time :- 01/04/2023 at 04.00 PM
5. Date of opening of Tender :- 03/04/2023 at 02.00 PM
6. Place for opening of Bids :- Executive Engineer, D.W.&.S Mech. Division Medininagar (Palamau)
7. Name & address of office inviting tender :- Executive Engineer, D.W.&.S Mech. Division, Medininagar (Palamau)
8. Contact no of Procurement office :- 9471163627 9931809532
9. Helpline no of e-procurement cell :- 06562-230060

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W.& S. Mech. Division,
Medininagar (Palamau)

PR.NO.293228 Drinking Water and Sanitation(22-23):D


# समरेश दादा की याद दिला गयी कुर्ता फाड़ प्रदर्शन

## झारखंड विधानसभा में मर्यादा तोड़ने वाली परंपराओं की लंबी है फेहरिस्त

**उदय चौहान**

**रांची।** पलामू व हजारीबाग में रामनवमी के मौके पर डीजे बजाने पर लगे प्रतिबंध को लेकर सदन जबरदस्त रूप से गरम हो गया। भाजपा विधायक मनीष जायसवाल ने मंगलवार को पहली पाली में रामनवमी जुलूस निकालने व डीजे बजाने की अनुमति को लेकर कुर्ता फाड़ प्रदर्शन किया। श्री जायसवाल यहीं नहीं रुके, वेल पर पहुंच कर जोर-जोर से चिल्लाने लगे। थोड़ी देर के लिये सदन में सन्नाटा छा गया। स्पीकर भी सकते में आ गये। भाजपा विधायक मनीष जायसवाल का कुर्ता फाड़ प्रदर्शन ने दिवंगत समरेश सिंह का याद दिला दी।



दरअसल, पुराना विधानसभा भवन में एक बार दादा शमरेस सिंह ने रिपोर्टिंग टेबल पर चढ़ कर कुर्ता फाड दिया था। शमरेस सिंह को सदन में अनोखे ढंग से विरोध करने को लेकर भी जाना जाता था। मंगलवार को सदन में मनीष जायसवाल ने भी आक्रामक तरीके से सरकार का विरोध किया। इसके बाद द्वितीय पाली में रामनवमी जुलूस निकालने व डीजे बजाने को लेकर पक्ष-विपक्ष में घमासान हुआ। इस दौरान विधायक प्रदीप यादव ने भाजपाइयों को दंगाई पार्टी बताया।

वहीं, विपक्षी दलों ने यहां तक कह दिया कि इस राज्य में हिन्दू होना दुर्भाग्यपूर्ण है। मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये हिन्दूओं के पर्व-त्योहार पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। भाजपा विधायकों ने कहा कि जिला प्रशासन ने तालिबानी फरमान जारी किया है। चलंत डीजे पर रोक लगा दी गई है। जबकि हजारीबाग में इसकी 104 साल पुरानी परंपरा है। इधर, तालिबानी शब्द के प्रयोग पर भी हंगामा मचा। इरफान अंसारी ने मनीष जयसवाल को रोकने की कोशिश की। कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे ने कहा कि सदन में मुस्लिमों का अपमान तालिबानी कह कर किया जा रहा। बेल में इरफान अंसारी और उमाशंकर आ गये तो उन्हें देख भाजपाइयों ने बांग्लादेश बांग्लादेशी कह शोर मचाया। इस दरमियान मनीष जयसवाल ने भाषण जारी रखा। कुल मिला कर सदन में अराजक स्थिति बनी रही और स्पीकर सदस्यों से अनुनय-विनय करते रहे।

इधर, कांग्रेसियों का भी पारा चढ़ गया। झारखंड सरकार में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि भावनाओं को भड़काया जा रहा है। हजारीबाग में धरना पर बैठने वाले भाजपा कार्यकर्ता हैं। किसी को हजारीबाग में रोका नहीं गया है। भाजपा वाले झूठ बोलते हैं। हम लोग असली रामभक्त हैं। हम लोग जय सियाराम बोलते हैं। ये लोग जय श्रीराम बोलते हैं। इतना कहते ही भाजपा विधायक भड़क उठे। सदन में मंत्री मिथिलेश ठाकुर व विपक्षी विधायक मनीष जायसवाल भिड़ गये। उन्होंने मिथलेश ठाकुर को कहां की ये बेईमान हैं। बेईमान मंत्री से क्या कहना।

जब मनीष जायसवाल कटौती प्रस्ताव रखे जाने के दौरान बोल रहे थे, तो दीपिका पांडे के बार-बार टोके जाने पर उन्हें कहा कि ये जिस पार्टी में हैं, उसके संस्कार हैं। भाजपा के अमर बाउरी ने कहा कि मिथलेश ठाकुर का व्यवहार ठीक नहीं हैं। उन्होंने चार टाइम अजान का डिसाइबल चेक किया है क्या। वहीं, भाजपा के भानु प्रताप शाही ने कहा कि हम हिंदू अब और तुष्टिकरण बर्दाशत नहीं करेंगे। भोजनावकाश के बाद भी विधानसभा में राम और तालिबान के नाम पर पक्ष और विपक्ष में नोकझोंक हुई। तात्पर्य यह कि सदन में मर्यादा अर्द्धनग्न की स्थिति में बार-बार पहुंच रही है। जो हो, मनीष जायसवाल के विरोध प्रदर्शन ने मंगलवार को शमरेश दादा का स्मरण करा दिया।

### गलतबयानी को लेकर स्वास्थ्य मंत्री पर चले अवमाननावाद : सरयू राय

**रांची।** मंगलवार को प्रथम पाली में निर्दलीय विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य मंत्री पर अवमाननावाद चलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री सदन में झूठ बोल कर अपना भ्रष्टाचार छिपाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दवाओं की खरीद में अनियमितता की गयी है। दरअसल, श्री राय पूरक प्रश्न पूछा कि भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय तथा स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा भारत सरकार के लोक उपक्रमों से दवाएं खरीदने का दिशा.निर्देश सरकार के लिए बाध्यकारी है या सलाहनुमा है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा था कि यह बाध्यकारी है। इसके बाद आसन ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। इसके बाद सरयू राय ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि सदन स्थगित कर दिए जाने की वजह से पूरक प्रश्न नहीं पूछ सका। फिर मेरे एक ही पूरक प्रश्न का जो उत्तर स्वास्थ्य मंत्री ने दिया वह सरासर गलत है। इस उत्तर से उन्होंने सदन को गुमराह किया है। सदन के सामने असत्य कहा है। उन्होंने अपना भ्रष्टाचार छुपाने की कोशिश की है। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो को लिखे पत्र में उन्होंने भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के पत्र का हवाला दिया। इस पत्र में स्पष्ट कहा है कि सरकारी संस्थाओं से ही दवा खरीद करना बाध्यकारी नहीं है। यह, उन्होंने रेलवे की पृच्छा के उत्तर में दिया है। स्पष्ट है कि स्वास्थ्य मंत्री ने इस बारे में सदन को गुमराह किया है और असत्य कहा है। राज्य सरकार ने भारत सरकार की कंपनी कर्नाटका एंटिबायोटिक्स से 41.56 रुपये प्रति भॉयल की दर से खरीदा है। उसी को निविदा के माध्यम से पुष्कर फार्मा से 24.60 रुपये की दर पर खरीदा है। स्वास्थ्य मंत्री के नजदीकी और उनके दल के प्रदेश स्तर के एक नेता के पास कर्नाटका एंटिबॉयोटिक्स का झारखंड राज्य का सीएनएफ है। कर्नाटका एंटीबॉयोटिक्स ने रांची की यूनिक फार्मा से एक एग्रीमेंट किया है। जिसके अनुसार उसे 12 से 15 प्रतिशत कमीशन दवाओं की बिक्री पर कंपनी देगी। यूनिक फार्मा का राज्य के स्वास्थ्य मंत्री से क्या संबंध है और कर्नाटका एंटिबॉयोटिक्स ने इसके माध्यम से मंत्री को कितना उपकृत किया हैए यह जांच का विषय है। इसी तरह से गोवा एंटिबॉयोटिक्स जो भारत सरकार की कंपनी हैए ने क्रमशः अजमेर के विष्णु चौधरी की कंपनी से तथा भोपाल के उपकरण फार्मा में निर्मित आयुर्वेदिक दवाएं सरकार को बेचा है और ऊंचे दाम पर बेचा है। राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग के तत्कालीन संयुक्त निदेशक ;औषधि, सुरेन्द्र प्रसाद ने पकड़ा कि भारत सरकार की कंपनियां जिन दवाओं की आपूर्ति कर रही हैं। उनका जांच प्रतिवेदन उनका नहीं बल्कि जिन प्राईवेट निमार्ताओं से इन्होंने खरीदा है।

# गोला अभियंत्रण कॉलेज कब होगा शुरू : सुनीता चौधरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आजसू विधायक सुनीता चौधरी ने मंगलवार को बजट सत्र में अल्प सूचित प्रश्न के माध्यम से गोला स्थित अभियंत्रण महाविद्यालय एवं डियर पार्क का मामला उठाया। अभियंत्रण महाविद्यालय के मामले पर राज्य सरकार की ओर से उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने बताया गया कि अभियंत्रण महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2023 24 से पठन-पाठन प्रारंभ कर दिया जायेगा। अभियंत्रण महाविद्यालय पीपीपी मोड पर संचालन के लिये अरका एजुकेशन एंड कल्चरल ट्रस्ट बेंगलुरू का चयन किया गया है। साथ ही, यह भी बताया गया कि राजकीय महिला अभियंत्रण महाविद्यालय को अभियंत्रण महाविद्यालय के नाम से कर लिया गया है। जवाब में सरकार ने यह स्वीकार किया है कि राजकीय महिला अभियंत्रण का निर्माण 16.80 एकड़ में भूमि में हुआ है। इसी क्रम में सुनीता चौधरी ने राज्य सरकार से गोला प्रखंड के पूरब डीह में डियर सॉफ्ट रिलीज सेंटर ;पार्क, प्रारंभ करने को लेकर सवाल पूछा। इस पर सरकार की ओर से प्रभारी मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने बताया गया कि प्रस्तावित डियर सॉफ्ट रिलीज सेंटर को केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली के नियमानुसार बदलाव लाने के लिए प्लान तैयार किया जा रहा है। इसके बाद लाइसेंस के लिए आवेदन किया जायेगा। लाइसेंस प्राप्ति के बाद डियर सॉफ्ट रिलीज सेंटर को चालू करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# चीक बड़ाईक को प्रमाण पत्र बनाने में हो रही परेशानी : शिल्पी

**ध्यानाकर्षण प्रस्ताव**

**रांची।** कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत सदन में चीक बड़ाईक समाज की परेशानी उठायी। उन्होंने कहा कि खतियानी त्रुटि के कारण चीक बड़ाईक समाज को प्रमाण पत्र बनाने में परेशानी हो रही है। इसके लिए उच्च स्तरीय कमेटी बने। इसपर मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि प्रमाण पत्र निर्गत करने में सरलीकरण करने की जरूरत है। नये सर्टिफिकेट निर्गत करने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। इसपर विधायक नमन विक्सल कोंगाडी ने कहा कि धर्म के आधार पर जाति प्रमाण पत्र निर्गत हो रहा है। आवेदक से पैसे लेकर प्रमाण पत्र की अनुशंसा की जाती है।

# तीन साल में युवाओं को नहीं मिला बेरोजगारी भत्ता : सुदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के बेरोजगारों को भत्ता देने का मामला आजसू विधायक सुदेश महतो ने सदन में उठाया। उन्होंने श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता को चुनौती देते हुए कहा कि वे बतायें कि तीन सालों के अब तक कितने बेरोजगारों को यह भत्ता मिला है। सरकार ने 2021-22 के बजट में ही स्नातक पास बेरोजगारों को 5000 और स्नातकोत्तर पास बेरोजगारों को सालाना सात हजार देने की बात कही थी। मौजूदा वित्तीय वर्ष में इसके लिए 146 करोड रुपए का प्रावधान भी किया गया है। सुदेश महतो के इस सवाल का जवाब देते हुए श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि 2020-21 में नियोजन सेवा का विस्तार करने के लिए 12320 लाख का बजट रखा गया था जो प्रत्यर्पित कर दिया गया। मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के तहत 8766 लाखों रुपए का बजट रखा गया था, उसे भी प्रत्यर्पित कर दिया गया। चालू वित्तीय वर्ष 2022.23 में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री युवा उड़ान योजना, मुख्यमंत्री युवा सामर्थ्य योजना और मुख्यमंत्री प्रतिभा प्रोत्साहन योजना में कुल 8322 लाख की राशि का बजटीय उपबंध किया गया था। उसे भी प्रत्यापित करते हुए नई योजना मुख्यमंत्री सारथी योजना को शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जो 1 अप्रैल 2020 से शुरू होगी। सत्यानंद भोक्ता के जवाब पर विधायक सुदेश महतो ने कहा कि सरकार ने तीन साल में बेरोजगारी भत्ता देने की जगह केवल योजनाओं का नाम ही बदलती रही है। आज तक एक भी युवा को बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला।

# जनता की समस्या से बेखबर केंद्र सरकार संसद की कार्यवाही को कर रही है बाधित : वृंदा करात

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान को लेकर बयान को लेकर लगातार बाधित हो रही संसद की कार्यवाही पर सीपीआईएम की पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने कहा है कि एक तरफ नरेंद्र मोदी संसद को जनता का मंदिर कहते हैं। वहीं दूसरी तरफ उनकी पार्टी एक व्यक्ति के बयान को लेकर संसद की कार्यवाही बाधित करती है। इस कारण संसद में देश की जनता के सुविधा से जुड़े कार्यो की चर्चा नहीं हो पा रही है।

उन्होंने कहा कि इस मसले पर सरकार को सोचने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में देश की स्थिति और भी खराब होगी। वृंदा करात मंगलवार को पार्टी कार्यालय में मीडिया से बात कर रही थी।

वृंदा करात ने कहा कि पहली बार सरकार ही सदन की कार्यवाही को बाधित कर रही है। यह कहीं से भी सही नहीं है। सरकार को कोई हक नहीं है कि जो लोग विपक्ष से जीतकर सांसद बने हैं और अपनी क्षेत्र की बातों को रखना चाह रहे हैं, उन्हें अपनी बात कहने से रोका जाए। इसके बावजूद भारतीय जनता पार्टी के सांसद लोगों की समस्या को नजरअंदाज कर राहुल गांधी के बयान पर पार्लियामेंट की कार्यवही को बाधित कर संसद का अपमान कर रहे हैं।

वहीं, वृंदा करात ने छत्तीसगढ़ में भाजपा और आरएसएस की बैठक में जनजातीय मंच के गठन पर कहा कि यह भाजपा का ही एक टीम है, जो आदिवासी के कुछ मासूम लोगों को अपने पाले में लेकर धर्म के खिलाफ लोगों को भड़काने का काम कर रही है। इसके अलावा खालिस्तान के फिर से बढ़ रही मांग को लेकर वृंदा करात ने कहा कि पंजाब गवर्नमेंट को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। आखिर किस प्रकार से पुलिस की टीम रहने के बावजूद भी खालिस्तान की मांग को मजबूत करने वाले लोग अपनी आवाज को ऊंचा कर रहे हैं।

ब्रिटेन में खालिस्तान के झंडे को लहराने के मामले की निंदा करते हुए बृंदा करात ने कहा कि यह पूरी तरह से गलत है। पंजाब सरकार को ऐसे लोगों पर नकेल कसने की आवश्यकता है जो खालिस्तान की आवाज को ऊंचा करने में जुटे हैं।

### छह जिले के साइबर थाने के अधिकारी के साथ होगी समीक्षा बैठक

**रांची।** राज्य में साइबर क्राइम पर आपराधिक मामला दर्ज होने के बाद डीजी सीआइडी अनुराग गुप्ता बुधवार को साइबर अपराध की समीक्षा करेंगे। डीजी सीआईडी धनबाद,जमशेदपुर, जामताड़ा, देवघर, गिरिडीह और पलामू जिले के साइबर अपराध थाना प्रभारी के साथ साइबर अपराध थाना के कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसे लेकर सीआईडी एसपी की ओर से इन जिलों के एसपी को पत्र लिखकर कहा है कि अपने-अपने साइबर अपराध थाना प्रभारी को समय से बैठक में भाग लेने के लिए आदेशित करेंगे।

# हाइकोर्ट ने पूछा- एसीबी में कितने मामले हुए दर्ज

## मनरेगा घोटाला : खूंटी व अड़की पुलिस से भी मांगी स्टेटस रिपोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने मनरेगा घोटाले में खूंटी की तत्कालीन डीसी पूजा सिंघल की भूमिका की जांच को लेकर दायर अरुण कुमार दुबे की जनहित याचिका पर सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार से पूछा है कि खूंटी में मनरेगा घोटाला मामला में कितने केस एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में दर्ज किए गए और इन केस की अनुसंधान की वर्तमान स्थिति क्या है, इसकी अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की जाए। खूंटी और अड़की थाना पुलिस से भी कोर्ट ने पूछा है कि मनरेगा घोटाले में कितने केस दर्ज किए गए हैं और उसकी क्या स्थिति है। कोर्ट ने सीबीआई के अधिवक्ता से पूछा कि क्या इस मामले की जांच कराने को सीबीआई तैयार है, इस पर सीबीआई के अधिवक्ता की ओर से कहा गया कि कोर्ट के आदेश का पालन होगा। वहीं सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया की अगली सुनवाई में हाइब्रिड मोड में सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल इस मामले में पैरवी करेंगे। अगली सुनवाई 5 अप्रैल को होगी।

### हाइकोर्ट ने केंद्र सरकार को बनाया प्रतिवादी, मांगा जवाब

**रांची।** जंगल की जमीन एवं सरकारी जमीन की खरीद बिक्री की जांच कराने को लेकर डॉ लाल राजीव रंजन नाथ शाहदेव कि जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में खंडपीठ ने केंद्र सरकार को प्रतिवादी बनाया है और जवाब मांगा है।

### बच्चू यादव की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** पंकज मिश्रा के सहयोगी बच्चू यादव की ओर से दायर जमानत याचिका की सुनवाई हाइकोर्ट में मंगलवार को हुई। कोर्ट ने प्रार्थी और ईडी का पक्ष सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया।

### क्रिमिनल रिट खारिज

**रांची।** केंद्र सरकार द्वारा एनआइए जांच का आदेश दिए जाने को चुनौती देने वाली फूलेश्वर गोप की क्रिमिनल रिट को हाइकोर्ट ने खारिज कर दिया है।

### प्रशांत बोस की जमानत पर हुई सुनवाई

**रांची।** नक्सली नेता प्रशांत बोस की जमानत याचिका पर हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने प्रशांत बोस की जमानत अर्जी पर आंशिक सुनवाई की। सुनवाई के बाद कोर्ट ने प्रशांत बोस की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 18 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है।

### राहुल गांधी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

**रांची।** भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस के वर्ष 2018 के अधिवेशन में टिप्पणी करने से जुड़े चाईबासा कोर्ट में दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा दाखिल याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में वादी राहुल गांधी की ओर से हस्तक्षेप याचिका दाखिल की गई। अब मामले की अगली सुनवाई 18 मई को होगी। यह सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई। अगली सुनवाई 18 मई तक राहुल गांधी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रहेगी।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



मरङ गोमके जयपाल सिंह मुण्डा

# पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना

शैक्षणिक सत्र - 2023-24

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 15 मई 2023

## युवाओं के सपनों को मिल रही उड़ान

1 अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों को मिलेगा लाभ

2 31 विषयों में Masters/M Phil करने का अवसर

3 युनाइटेड किंगडम और नॉर्दन आयरलैण्ड के 110 विश्वविद्यालयों/संस्थानों में उच्च शिक्षा

4 अधिकतम 25 छात्र/छात्राओं के लिए नि:शुल्क पढ़ाई की व्यवस्था

5 छात्रवृत्ति योजना के तहत ट्यूशन शुल्क, हवाई यात्रा शुल्क, वार्षिक देय भत्ता, वीजा शुल्क, मेडिकल इंश्योरेंस के प्रीमियम का भुगतान एवं अन्य व्यय का भी भुगतान

6 अधिकतम 35 वर्ष के छात्र/छात्राएं योजना का ले सकेंगे लाभ

आवेदन निम्न लिंक से करें

आवेदन करें:- www.mgos.jharkhand.gov.in



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PRNO 293287 ( Schedule Tribe,Schedule Caste, Minority and Backward Class welfare Department) IPRD 22-23

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

## स्पीड न्यूज

### वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने कमेटी का किया विस्तार



मेदिनीनगर। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने कमेटी का विस्तार किया। उन्होंने कई लोगों को प्रदेश कमेटी में स्थान दिया है। वहीं दूसरी ओर पलामू जिला कमेटी का भी घोषणा किया। वे अपने आवास पर आयोजित सम्मेलन में झारखंड प्रदेश संगठन मंत्री का प्रभार अरविंद गुप्ता को दिया है। जबकि पलामू जिला अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल को एवं जिला महामंत्री निलेश चन्द्रा को व पलामू प्रमंडल महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अहिल्या गुप्ता को, छतरपुर जिला परिषद सदस्य अमित जायसवाल को पलामू प्रमंडलीय युवा अध्यक्ष के रूप में घोषणा किया। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुए कहा कि आप सभी संगठन के मजबूती एवं विस्तार करने में अपना बहुमूल्य समय दे।

### एमवीआई पलामू ने चलाया चेकिंग अभियान, नौ वाहन को किया जब्त



हुसैनाबाद, पलामू। मंगलवार हुसैनाबाद में मोटर वाहन निरीक्षक पलामू रंजीत कुमार मरांडी ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जिसमें चार टेम्पू, चार पिकअप वैन व एक ट्रैक्टर को जब्त किया इस सबंध में मरांडी ने बताया कि सरकार व वरीय पदाधिकारीयो के निर्देश पर पलामू जिले के हर थाना में लगातार इस तरीके से अभियान चलाया जा रहा हैं पूर्व में जपला में लगातार चेकिंग चलाया गया। उन्होंने बताया कि कुल नौ गाड़ी जब्त किया गया हैं जिसमे कुछ गाड़ी को कागजात चेक करने के बाद फाईन के छोड़ दिया गया वही आगे यह अभियान जारी रहेगा मौके पर गुंजन सिंह और हुसैनाबाद थाना के बल उपस्थित थे।

### मध्य विधालय बारा मे मध्यान भोजन मे गड़बड़ी

नौडीहा बाजार (पलामू)। छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय बारा मे सरकार के महत्वकांक्षी योजना जो बच्चों के नेवाला भी छीन लिया जार रहा है और शिक्षा विभाग चुपी साधी है। जबकि विधालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मति गीता देवी ने कहा कि बच्चों की नियमित रूप से मीनू के अनुसार बच्चों के मध्यान भोजन नहीं दिया जाता है जबकि कभी दाल मे पानी के मात्रा अधिक कभी सब्जी कम हो जाता है यह रवैया करीब कई महीना से चल रही है। जबकि विधालय के प्रधानाध्यापक कुलदीप राम है। इन्होने अपनी से इसकी देखभाल नहीं करके विधालय मे कार्यरत सहायक शिक्षक अशोक कुमार एवम पारा शिक्षक रविन्द्र पासवान के द्वारा चलाया जाता है। इससे प्रतित होता है तीनों के मिलीभगत से मध्यान भोजन मे भारी लूटा जा रहा है।

### सरकार के मापदंड के अनुसार खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित हो : 20 सूत्री अध्यक्ष

चैनपुर पलामू। प्रखंड चैनपुर में पूरा राशन भी वितरण नहीं किया जा रहा है इस तरह के शिकायत मिलने के पश्चात मंगलवार को 20 सूत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दुबे के द्वारा सरकार के खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रधान सचिव को एक पत्र लिखकर चैनपुर में हो रही जन वितरण प्रणाली में अनियमितता की शिकायत की है और उन्होंने आग्रह किया है की अनियमितता की जांच करवाते हुए दोषी प्रखंड आपूर्ति से जुड़े सभी पदाधिकारियों पर कड़ी करवाई करने की अपील की है।

### नेशनल चैम्पियनशिप के लिए पलामू में स्केटिंग खिलाड़ीयो का चयन किया



मेदिनीनगर। पलामू डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के द्वारा टाइम ट्रायल विमला पांडे मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल बैरिया में किया गया। चयन किए गए खिलाड़ी मोहाली में आयोजित नेशनल चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। जिला स्तरीय चयन कार्यक्रम को एसोसिएशन के अध्यक्ष बिनोद सिंह,सचिव चन्दन कुमार एवं आर एस एफ आई के रैफरी रवि रंजन, उपाध्यक्ष राजन सहाय,उप सचिव आशीष सोनी, रंजन प्रसाद के देखरेख में किया गया। अध्यक्ष बिनोद सिंह ने कहा कि पलामू में प्रतिभा की कमी नहीं है। सिर्फ उन्हें सही प्लेटफार्म की जरूरत है। पलामू के बच्चे स्केटिंग में झारखंड सहित अन्य राज्यो में जाकर नेशनल अस्तर के प्रतियोगिता में भाग लिया है।

### बिश्रामपुर में दिब्यांगों को दिया ट्राई साइकल



प्रतिनिधि बिश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को दिब्यांगो के बीच ट्राई साइकल का वितरण किया गया। ट्राई साइकल का वितरण बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम व जिला पार्षद विजय रविदास ने संयुक्त रूप से किया। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने कहा कि सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदो तक पहुंचाया जा रहा है। जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि बगैर किसी भेद भाव के हर सरकारी योजना का लाभ लोगों तक पहुंचाना सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। मौके पर उप प्रमुख सतेंद्र नारायण सिंह सहित कई पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

### मेदिनीनगर जिला शांति समिति की बैठक



मेदनीनगर। मेदिनीनगर शहर थाना परिसर मंगलवार की शाम में रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ राजेश कुमार साह ने की। संचालन विजय ओझा ने किया। बैठक में रामनवमी त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में एसडीओ राजेश कुमार साह एवं डीएसपी ऋषभ गर्ग ने पलामूवासियों को रामनवमी की अग्रिम बधाई देते हुये पर्व आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। शांति समिति की बैठक में मुख्य रूप से सीओ जे के मिश्रा, उपमहापौर मंगल सिंह, महावीर नवयूवक दल जेनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर, मोहर्रम इंतजामया कमेटी के खलीफा जीशान खान, दिनेश गिरी, दुर्गा जौहरी, बिट्टू पाठक, बबलू गुप्ता, प्रभात उदयपुरी, नागेंद्र कुमार नागिन, सोमेश सिंह, संजय सिंह उमेश, प्रभात अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, राजकुमार बर्मन, दीपू चौरसिया, श्याम चौधरी, सुरेश कुमार टाम, राजू चंद्रवंशी अशोक गिरी, मुन्ना कुमार, रामनरेश स्वर्णकार, संतोष गुप्ता, अरविंद गुप्ता, अजीत सिन्हा, रंजित चंद्रवांसी पंकज शर्मा, ऋषि अग्रवाल एवं रामनवमी समिति के सदस्य एवं मोहर्रम इंतजाम के सदस्य बैठक में मौजूद रहे।

### हुसैनाबाद, हैदरनगर,मोहम्मदगंज, हरिहरगंज व पिपरा में री सर्वे पर सरकार गंभीर नहीं: बीनू



हुसैनाबाद,पलामू। एनसीपी के प्रदेश महासचिव सह इंटक के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने हुसैनाबाद, हैदरनगर, हरिहरगंज, मोहम्मदगंज व पिपरा अंचलों के संबंध में कहा है कि विधायक कमलेश कुमार सिंह ने री सर्वे कराने को लेकर विधानसभा में तीन बार पुरजोर तरीके से आवाज बुलंद की है। विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू ने कहा कि हुसैनाबाद, हरिहरगंज, मोहम्मदगंज, हैदरनगर, पिपरा में 1980–81 ई में हुए सर्वे को 2016–17 में ट्रायल ऑनलाइन कर भूमि मालिको को परेशानी में डाल दिया है। ऑनलाइन इंट्री में बड़े पैमाने पर त्रुटि है, जिसे विभागीय अधिकारी भी मानते हैं। जबकि विधानसभा में इस सवाल पर सरकार का रटा रटाया जवाब दिया जाता है की कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए बंदोबस्त पदाधिकारियों से रोस्टर सहित संशोधित अधियाचना की मांग की गई है।

## सांसद बीडीराम का प्रयास लाया रंग, नितिन गडकरी 23 मार्च को क्षेत्र के 4287 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के मंत्री नितिन गड़करी के द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 4287.09 करोड़ रूपए की लागत से परियोजनओं के निर्माण कार्य का शिलान्यास रांची स्थित पुरानी विधानसभा के मैदान में संध्या पांच बजे किया जाएगा। उक्त जानकारी पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम उर्फ बीडीराम ने दी। इस अवसर पर उक्त कार्यक्रम में माननीय सांसद पलामू विष्णु दयाल राम उपस्थित रहेंगे। सांसद राम ने पलामू एवं गढ़वा के सम्मानित कार्यकता एवं जनता से भारी संख्या में उपस्थित होने का कष्ट करने का आग्रह किया है। सांसद ने बताया की लातेहार जिला के उदयपुरा से पलामू जिला के भोगू तक 49.94 किलोमीटर, सदर प्रखण्ड के ग्राम भोगू से शंखा तक 49.420 किलोमीटर एवं गढ़वा जिला के ग्राम खजुरी से विढ़मगंज उत्तर प्रदेश के सिवाना तक 40.883 किलोमीटर खंड-5 राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-39 जिसमें दो बाईपास रमना एवं नगर उटारी का फोरलेन सड़क निर्माण। उल्लेखनीय है कि एनएचएआइ के द्वारा भारत माला परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-39 कुडू से विंढ़मगंज कि0मी0 55.00 से कि0मी0 250 तक सड़क को फोरलेन करने हेतु पांच खंडों में विभक्त कर कार्य पूर्ण किया जा रहा है। सांसद राम ने बताया कि कई खंडों में परियोजनाओं का क्रियावयन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त स्वीकृत दो महत्वपूर्ण सड़को एवं एक आरओबी का निर्माण भजनिया से मोहम्मदगंज होते हुए हैदरनगर वाया कोल्हुआ, बरडीहा, पंसा, अधौरी एवं रानीदेवा तक 17.372 किलोमीटर एवं कुट्टी मोड़ (चैनपुर) से हुटार वाया रामगढ़ ब्लॉक हेड़ क्वार्टर तक 24.1 किलोमटर, सेतु बंधन योजना के तहत सिंगरा-चेड़ाबार कोयल नदी पर बने पुल को सिंगरा एन0एच0 39 से जोड़ने हेतु रेलवे लाइन पर 83.54 करोड़ रूपए की लागत से आर0ओ0बी0 के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उक्त परियोजनाओं का निर्माण पलामू प्रमंडल के लोगों की चिर-प्रतीक्षित मांग थी। पलामू प्रमंडल के लोगों को राजधानी रांची से जुड़ने के लिए बेहतर सड़क का सपना जल्द पूरा होगा। उक्त परियोजनाओं के निर्माण हेतु पलामू प्रमंडल की जनता के तरफ से सांसद राम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं नितिन गडकरी के प्रति आभार प्रकट किया है।

## दो दिनों में चालू होगा दीनदयाल मार्ग : महापौर

महापौर ने स्वयं तुड़वाया बाउंड्री वॉल



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। बहुत दिनों से बंद दीनदयाल मार्ग जो पूर्व के अध्यक्ष द्वारा सरकार को तालाब का नक्शा पारित करते वक्त बंद कर दिया गया था उसे स्वयं महापौर एवं उप महापौर ने स्थल पर जाकर संवेदक को खोलने का निर्देश देते हुए बाउंड्री वॉल तोड़ने का कार्य अपने सामने प्रारंभ करा दिया। महापौर अरुणा शंकर ने बताया की कई मोहल्ले वाले लोगों ने मिलकर असुविधा की शिकायत की थी और मैंने भी महसूस किया था कि यह मार्ग खोलना चाहिए पर तालाब के ठेकेदार के ऑब्जेक्शन की वजह से नहीं खुल पा रहा था जिसे आज बोर्ड से पूर्व मैं अपने शक्ति का इस्तेमाल करते हुए स्वयं उपमहापौर राकेश सिंह उर्फ मंगल सिंह के साथ स्थल पर जाकर अपने समक्ष गेट खोलने का आदेश संवेदक को देते हुए गेट खोलने हेतु बाउंड्री वॉल तोड़वाना शुरू करवा दी। महापौर शंकर ने बताया की पानी बरसने की वजह से पूरा नहीं टूट सका जिसे एक-दो दिन में तोड़कर एक गोल गेट लगा दिया जाएगा। यह गेट सुबह पार्क खुलने के साथ खोला जाएगा और रात्रि पार्क बंद होने के समय बंद कर दिया जाएगा। महापौर ने बताया यह दुर्भाग्य की बात है कि पूर्व के अध्यक्ष ने मोहल्ले वालों की सुविधा को नजरअंदाज करते हुए इस पार्क के अधीन वर्षों पुरानी चालू दीनदयाल मार्ग को ले लिया जिसके चलते आज मोहल्ले वाले परेशान हैं लेकिन अब यह रास्ता एक-दो दिन के अंदर गेट लगने के साथ ही चालू हो जाएगा।

## श्रीरामचरित मानस महायज्ञ को लेकर गाजे बाजे के साथ निकाली गयी कलश यात्रा

### मुख्य अतिथि पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कलश देकर किया शुभारंभ

**यज्ञ से मिलती शांति सुख व समृद्धि : विधायक**

खबर मन्त्र संवाददाता



नीलांबर पीतांबरपुर के महावीर मंदिर परिसर से निकली कलश यात्रा में शामिल लोग।

नीलांबर पीतांबरपुर। प्रखंड मुख्यालय स्थित महावीर मंदिर परिसर से श्री रामचरित नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कलश लेकर यात्रा का शुभारंभ किया। मौके पर मुख्य अतिथि पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा की धार्मिक कार्यों का आयोजन आवश्यक है। विधायक ने कहा की यज्ञ आदि धार्मिक आयोजन से सुख शांति व समृद्धि मिलती है। उन्होंने इस तरह के आयोजन में हर संभव सहयोग करने रहने का आश्वासन दिया।

विधायक डॉ मेहता द्वारा श्रद्धालुओं को कलश प्रदान किए जाने के उपरांत मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष और बच्चे शामिल हुए । इस दौरान जय श्री राम के जमकर नारे लगाए गए। श्री राम के नारा से प्रखंड मुख्यालय गुंज उठा। कलश यात्रा लेस्लीगंज महावीर मंदिर से प्रारंभ होकर पथराही, गोपालगंज, होकर मलय नदी से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जलभरी कर महावीर मंदिर लौटी। जहां यज्ञ मंडप में आचार्य प्रवीण मिश्रा के द्वारा आरती एवं पूजा अर्चना की गई। इस दौरान यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था। कलश यात्रा में जिप सदस्य आशा देवी, मुखिया रेखा देवी, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, बच्चन ठाकुर, अजीत तिवारी, यज्ञ पूजा समिति के अध्यक्ष उमेश प्रसाद सोनी, उपाध्यक्ष चंदन सोनी, छोटेलाल सोनी, मुन्ना सोनी, सुमित गुप्ता, राम सोनी, संजय सोनी, ओमप्रकाश लाल, ओम प्रकाश गिरी, अरविंद डिसिल्वा, विजय ठाकुर, राजेश गुप्ता, समेत समिति के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता का योगदान काफी सराहनीय है।

## मेदिनीनगर में एनिकेट एवं फ्लाईओवर बनेगा: महापौर



>> स्वर्गीय हवलदारि राम हलदर, गोपा बाबू, यदुवंश सहाय एवं बाबू बैजनाथ सिंह के नाम होगा रोड

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। बुधवार को नगर निगम बोर्ड की बैठक में शहर में बढ़ते पानी की समस्या को देखते हुए महापौर अरुणा शंकर द्वारा प्रस्ताव लाया गया। साथ ही कोयल नदी को इस पार से उस पार 5 फीट नीचे से 5 फीट ऊपर तक बांधने का पारित कर सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया ताकि शहर में बढ़ते पानी की समस्या के निदान के लिए स्थाई समाधान किया जा सके और सभी चापाकल में पानी का लेयर आ सके। महापौर शंकर ने बढ़ते ट्रैफिक की समस्या को देखते हुए एक मिनी फ्लाईओवर विमेंस कॉलेज रोड से बनाकर मुख्य फ्लाईओवर पर जोड़ने का भी प्रस्ताव लाकर पारित कराया ताकि गढ़वा जाने वाली गाड़ियों जो कचहरी चौक को जाम करती उसे सीधा विमेंस कॉलेज रोड में उतारकर कचहरी चौक को जाम से निजात दिला सके। महापौर ने कहा यह दोनों योजना शहर के लिए काफी अहम है। अगर सरकार अनुमति देगी तो निगम भी 15वें वित्त की राशि से इन दोनों योजना को बनवाया जा सकता है। महापौर ने अपने एजेंडा में 4 मार्ग का नामकरण भी शहर के हस्तियों के नाम कराया। जिसमें मनोहर पोथी लिखने वाले पलामू के साहित्यकार देश के ख्याति प्राप्त लेखक तथा पलामू का इतिहास लिखने वाले स्वर्गीय हवलदारीराम हलधर, संविधान सभा के सदस्य स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय गोपा बाबू, संविधान सभा के सदस्य सह स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय यदुवंश सहाय तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश रह चुके स्वर्गीय बाबू बैद्यनाथ सिंह मार्ग का नाम शामिल है। महापौर अरुणा शंकर ने कहा कुछ लोगों ने 66 वर्ष में इतिहास मिटाने का काम किया और मेरा प्रयास है कि मैं इतिहास मिटने ना दूं।

## 'बाघ वायलिन और बंदूक' के प्रणेता का जाना प्रकृति के लिए अपूर्णीय क्षति : अविनाश देव

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। संत मरियम आवासीय विद्यालय के निदेशक सह झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने बुधवार को भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह के प्रताप नगर स्थित आवास पर जाकर संवेदना प्रकट किया। देव ने बताया कि ज्योतिरीश्वर जी से आत्मीय लगाव है काफी देर तक इनके साथ बैठा और उनके पिताजी के निधन का कारण जाना सुना। उन्होंने बताया की रोजमर्रा के जीवन में ज्योतिरीश्वर बाबू के पिता स्वर्गीय ब्यास सिंह से तो नहीं मिला था पर एक दो बार राम सलाम भर ही मिले थे। किंतु मौत के बाद उनकी सख्शियत के बारे में ज्योतिरीश्वर सिंह से जो सुना स्तब्ध रह गया। भारतीय वन सेवा में रहते उन्होंने जो उत्कृष्ट कार्य किया उसे अपने स्मृति को 'बाघ वायलिन और बंदूक' नाम से लिपिबद्ध कर वन वन्यजीव और इंसानी फितरत को उधृत कर किताब के शक्ल में कालजयी उपहार लोगों को दिया। शहीद-ए-आजम भगत सिंह के शहादत दिवस। हर समुदाय के लोग बड़े ही एहतराम से अदब से याद करते हैं संयोग से उसी दिन उनकी श्राद्धकर्म है। अविनाश ने कहा कि हम उनके विशाल विचार व कर्म को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। प्रकृति यथोचित स्थान प्रदान करे यही हमारी कामना है।

## सतबरवा प्रखंड के रबदा पंचायत के फुलवरिया गांव स्थित पलामू किला जतरा मेला स्थल में बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा। मनिका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सतबरवा प्रखंड के रबदा पंचायत के फुलवरिया गांव स्थित पलामू किला जतरा मेला स्थल में स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में बूथ संख्या 86 एवं 87 में बूथ का निर्माण एवं पन्ना प्रमुख की नियुक्ति को लेकर बैठक हुई। बैठक के पूर्व मुख्य अतिथि मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने प्रतापी राजा मेदिनी राय के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बैठक की शुरूआत की। मौके पर मुख्य अतिथि हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि भाजपा बुथ निर्माण तथा पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति को लेकर कार्यक्रम चला रही है जिसके तहत बैठक में बूथ संख्या 86 और 87 पर बुथ निर्माण एवं पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति की प्रक्रिया की जा रही है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सोनू सिकंदर, शंभू मेहता, अन्नू देवी, सोनी देवी, प्रमिला देवी, कौशल्या देवी, सविता देवी, बिरिज कुमार मेहता, अनिल कुमार सिंह, विनोद सिंह, बागेश्वर सिंह, गुड्डू सिंह, स्वरूप सिंह, विश्वनाथ सिंह, निर्मल सिंह, मनोज कुमार सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बकोरिया महावीर मंदिर के प्रांगण में श्रीरामचरितमानस नवाह्न पारायण पाठ यज्ञ के 18वां अधिवेशन की शुरूआत



सतबरवा। प्रखंड क्षेत्र के बकोरिया महावीर मंदिर के प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर श्रीरामचरितमानस नवाह्न पारायण पाठ यज्ञ के 18 वां अधिवेशन की शुरूआत मंगलवार को कलश यात्रा के साथ हो गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरि कृष्ण सिंह, सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, मनिका जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह ने संयुक्त रूप से मुख्य यजमान को कलश देकर कलश यात्रा की शुरूआत की। मौके पर पूर्व विधायक सिंह ने कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। यज्ञ जैसे धार्मिक कार्यों में हमें चढ़कर हिस्सा लेने की जरूरत है। वही थाना प्रभारी सोनी ने कहा कि पूजा पाठ करने से व्यक्ति शांति महसूस करता है। वही जिप सदस्य सिंह ने कहा कि यज्ञ से सद्बुद्धि और शांति मिलती है। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष मुखिया संतोष उरांव, उपाध्यक्ष कमलेश प्रसाद, सचिव कंचन प्रसाद, उप सचिव सोनू सिकंदर, कोषाध्यक्ष अनिल प्रसाद, कुमार गौरव ने बताया कि यज्ञ 22 मार्च से 30 मार्च 2023 तक चलेगा। 31 मार्च 2023 को शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान रात्रि में प्रवचन करता वशिष्ठ नारायण उपाध्याय( जौनपुर) के द्वारा प्रवचन किया जाएगा।

### हुसैनाबाद कुंआ में मिला 30 वर्षीय युवक का शव

हुसैनाबाद,पलामू। मंगलवार को हरही नदी के समीप पुरानी रेल पम्पू हाउस के कुंआ में एक युवक का शव मिला। सूचना पाकर मौके हुसैनाबाद थाना घटना स्थल पर पंहुच कर स्थानीय लोगो की मदद से शव को कुंआ से निकाला गया। जिसके बाद उसकी पहचान मनोज पाल उर्फ लड्डू, उम्र करीब 30 वर्ष, पिता जितेंद्र पाल, ग्राम बेनिकला, वर्तमान पता शहर के मधुशाला रोड थाना– हुसैनाबाद, पलामू, के रूप में पुष्टि किया गया। मृतक के पिता जितेंद्र पाल ने अपने पुत्र के हत्या कर शव कुआ में फेकने का बात कही हैं।

### सरहुल, रामनवमी और रमजान के मद्देनजर छतरपुर में धारा 144 लागू

छतरपुर पलामू। अनुमंडल दंडाधिकारी एनपी गुप्ता ने अपने प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए अनुमंडल क्षेत्र में आगामी पर्व सरहुल रामनवमी और रमजान के ध्यान में रखते हुए धारा 144 लागू कर दिया है। अनुमंडल कार्यालय से पत्र जारी की गई है की सभी अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी समन्वय बनाकर शांति समिति का बैठक कराना सुनिश्चित करें। साथ ही व्यापक रुप से प्रचार प्रसार करें। एसडीओ ने बताया कि यह आदेश शव यात्रा और शादी विवाह में लागू नहीं होगा।

### विश्रामपुर: अवैध विदेशी शराब ले जा रहे ट्रक जब्त

प्रतिनिधि विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब की पेटी से लदा एक ट्रक (एच पी 19 सी 7817) जब्त किया है। शराब की 600 पेटी बरामद हुयी है। जिसका बाजार मूल्य लगभग 40 लाख रुपये बताया जा रहा है। कयास लगाया जा रहा है कि बरामद शराब ट्रक से बिहार जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार 19 मार्च के रात को एक ट्रक बैक करने के क्रम में विश्रामपुर के हरिजन मुहल्ला के पास एक नाली में फंस गया। दो दिनों तक ट्रक नाली में फंसा रहा। जिससे लोगो मे शंका हुयी, 20 मार्च की रात विश्रामपुर पुलिस ने ट्रक के अंदर जा कर जांच किया। ट्रक के ऊपर–ऊपर बादाम व मुरही का बोरा लदा हुआ था। जब बादाम व मुरही का बोरा हटाया गया तो नीचे से शराब की पेटियां बरामद हुई।

## कलश स्थापना के साथ चैती नवरात्र शुरू



हुसैनाबाद पलामू। हिंदी वर्ष प्रतिपदा नूतन वर्ष के आगाज व कलश स्थापना के साथ मंगलवार से चैती नवरात्र शुरू हो गया हैं। शहर के मुख्य पूजा स्थल पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंगलवार को श्री श्री राम चरित्र मानस नवाह परायण यज्ञ का आयोजन को लेकर यज्ञ समिति व दुर्गा पूजा समिति के संयुक्त तत्त्वधान में कलश स्थापना के लिए जल यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने कलश उठाया जो। जय श्री राम, जय माता दी के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने शहर भ्रमण किया इसके बाद जपला देवरी सोन नदी शिव गंगा मन्दिर घाट पर पंडित हरिओम पाठक, गोपाल पाठक के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराया गया इसके बाद पुनः सभी श्रद्धालू महावीर जी भवन में पहुंच कर कलश को स्थापित किया गया। मौके पर यज्ञ समिति के संरक्षक श्रवण अग्रवाल, कामाख्या नारायण सिंह, मिंटू अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष राकेश तिवारी, उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाल, संजय सोनी, अजित अग्रवाल, सचिव उत्तम कुमार, राजीव ठाकुर उर्फ कल्लू,काशी सोनी, उदय विश्वकर्मा, अजय गुप्ता समेत समित के सभी पदाधिकारी समेत हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे। शहर के गणमान्य लोग में ये थे शामिल, नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ,उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, एनसीपी नेता विनय सिंह भाजपा नेता कर्नल संजय सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम, आलोक नाथ केशरी, आलोक कुमार सिन्हा, सुबोध शुंडिक, सुबोध कश्यप, राजकुमार कश्यप, दीना सोनी, पंकज गुप्ता आदि कई लोग शामिल हुए।

## हिन्डालकों ने गाडीखास के बढ़काभीठा में किया निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



शिविर में मरीजों का जांच करते चिकित्सक।

मेदिनीनगर। हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया कोल माइंस के सीएसआर टीम द्वारा मंगलवार को खनन क्षेत्र के परिधि में आने वाले गांव गाड़ी खास के बढ़काभीठा टोला में निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में माइंस के चिकित्सक डाक्टर टी गफ्फार ने शिविर में आए 78 मरीजों का स्वास्थ्य जांच किया। टी गफ्फार ने बताया कि शिविर में मधुमेह, बीपी का भी जांच किया गया। इसके साथ ही चिकित्सक द्वारा लोगों को स्वस्थ रहने के लिए जागरूक किया। डॉ गफ्फार ने ग्रामीणों को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। कहा कि गंदगी के कारण कई बीमारी हो जाता है। शिविर में सीएसआर टीम के सुहानी, रेणु देवी, शंकर प्रजापति, रविन्द्र मेहता, पूर्व वार्ड सदस्य सत्येन्द्र ठाकुर, भर्दुल पासवान, काशीनाथ राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## वीपीम ज्ञान मंदिर के पूर्ववर्ती छात्र अनुराग रंजन का एनडीए में चयन

### विद्यालय के अध्यक्ष व प्राचार्य ने दी शुभकामनाएं

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। विमला पाण्डेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल का पूर्ववर्ती छात्र अनुराग रंजन ने एन.डी.ए. की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। अनुराग रंजन इस स्कूल से 2018 में दसवीं तथा 2020 में बारहवीं की परीक्षा सीबीएसई बोर्ड से पास की थी। बारहवीं के बाद अपने लक्ष्य के अनुरूप एन.डी.ए. की तैयारी प्रारंभ कर दी थी। अंततोगत्वा उनकी मेहनत का फल उन्हे मिला और एन.डी.ए. के लिए चयनित हो गए। अनुराग रंजन की इस सफलता पर विद्यालय के अध्यक्ष बलिराम शर्मा एवं प्राचार्या सुनीता शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हे शुभकामनाएं दी है एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्राचार्या ने बताया कि हमारे स्कूल से बोर्ड परीक्षा पास कर बहुत सारे बच्चें हर क्षेत्र में ऊंचे-ऊंचे महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत है। उनकी सफलता में उनके तथा विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण का योगदान होता है।

## मझिगांवा झालखंडी मंदिर में रामनवमी पर लगेगा मेला, तैयारी को लेकर हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



तरहसी, पलामू। प्रखंड क्षेत्र के मंझौली टू पंचायत के मझिगांवा में स्थित ऐतिहासिक झालखंडी देवी मंदिर में रामनवमी पर इस वर्ष भव्य मेला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। मेला के सफल आयोजन को लेकर रविवार को मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई।

जिसमें मुखिया चांदनी देवी, समाजसेवी मुमताज अहमद खान, तरहसी के थाना प्रभारी जयप्रकाश पासवान और कमिटी के लोगों ने भाग लिया। बैठक में सूखे को देखते हुए पेजयल समस्या, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सफल आयोजन पर चर्चा की गई।

समाजसेवी मुमताज अहमद खान ने कहा कि मेला परिसर में पानी की उपलब्धता उनकी ओर से की जायेगी। टैंकर के साथ साथ अमानत नदी में चैनल खुदवाया जायेगा।

मुखिया चांदनी देवी ने कहा कि इलाके के चापाकल और जलमिनार को दुरूस्त कराया जायेगा। उन्होंने सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर चर्चा की। थाना प्रभारी ने कहा कि मेला परिसर में सुरक्षा के लिए पुलिसबल की तैनाती रहेगी। उन्होंने महिलाओं से महंगे जेवरात पहनकर मंदिर में पूजा पाठ करने के लिए नहीं आने का आग्रह किया। कमिटी की ओर से बताया गया कि अष्ठमी के दिन लोग पूरी रात जागकर दीये जलाते हैं।

इससे मनोकामना पूर्ण होती है। नवमी के दिन भव्य जुलूस निकाला जाता है और इसी दिन मेला का भी आयोजन होता है। जुलूस में बाहर के कलाकार भी शामिल होंगे।

# हिंदू नववर्ष के मौके पर भगवामय हुई लौहनगरी

**• हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर मानगो समेत विभिन्न इलाकों से निकली भव्य शोभायात्रा • हिन्दू नववर्ष यात्रा ने डिमना से साकची सुभाष मैदान तक निकाली भव्य शोभायात्रा**

>> आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक एवं भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने केसरिया ध्वज दिखाकर शोभायात्रा को किया प्रारंभ

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में हिंदू नववर्ष के पूर्व संध्या पर हिंदू नववर्ष यात्रा के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। डिमना (अयोध्याधाम) से ढोल-नगाड़े, डीजे संगीत, बैंड-बाजा एवं मनोरम झांकी के साथ निकली शोभायात्रा में हजारों सनातन प्रेमियों ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर भाग लिया। हिन्दू नववर्ष यात्रा के अध्यक्ष रामबाबू तिवारी के नेतृत्व में निकाले गए शोभायात्रा का डिमना से लेकर नेताजी सुभाष मैदान तक के रास्ते में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठन के लोगों द्वारा जमकर स्वागत किया गया एवं पुष्पवर्षा कर सेवा प्रदान की गयी। शोभायात्रा संध्या 4 बजे प्रारंभ हुई जो डिमना चौक के रास्ते मानगो गोलचक्कर होकर साकची स्थित नेताजी शुभाष मैदान में सम्पन्न हुई। नेताजी सुभाष मैदान में भारत माता के चित्र के सम्मुख भारत माता की सामूहिक आरती की गयी। शोभायात्रा के दौरान कार्यकताओं ने जहां हिंदू एकता से संबंधित नारे लगाए। तो वहीं, भारत माता की जय एवं जय श्री राम व अन्य ओजस्वी नारों से पूरा शहर गुंजायमान हो गया। शोभा यात्रा के क्रम में शामिल युवा एवं महिलाएं डीजे के भक्तिमय संगीत पर थिरकते हुए नववर्ष का जश्न मना रहे थे। जिसे देखने के लिए सड़क के दोनों ओर काफी संख्या में लोग जुटे हुए थे। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने गले लगाकर एवं हाथ जोड़कर एक दूसरे को हिंदू नववर्ष की बधाई दी।

इससे पहले, डिमना (अयोध्याधाम) में शोभायात्रा में शामिल हुए आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक एवं भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं आरएएस के वरिष्ठ प्रचारक सुमन जी, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव समेत अन्य अथितियों का आयोजकों द्वारा शक्ति के प्रतीक तलवार एवं केसरिया पगड़ी भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

**एग्रिको से अमित शर्मा एंड टीम ने निकाली शोभा यात्रा :** एग्रिको से हिन्दू जन जागरण मंच के अमित शर्मा एंड टीम के नेतृत्व में निकाली गई शोभा यात्रा में भाजमो के संस्थापक एवं विधायक सरयू राय, केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनारायण शर्मा, महानगर अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सी चंद्रशेखर राव समेत काफी संख्या में लोग शामिल हुए। इस शोभायात्रा में भारत माता, भगवान शिव-पार्वती, राधे-कृष्ण आदि आकर्षक झांकी भी शामिल थी। जुलूस के आगे-आगे घोड़े चल रहे थे।

**भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का पारडीह काली मंदिर में जोरदार स्वागत**

**जमशेदपुर।** हिन्दू नववर्ष यात्रा में भाग लेने जमशेदपुर आये आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक एवं भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। मंगलवार को पारडीह काली मंदिर के समीप भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का फूलमालाओं एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। मौके पर प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी, बिनोद सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जटाशंकर पांडेय, जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा, मंत्री जितेंद्र राय, मंजीत सिंह, पप्पू सिंह, मीडिया प्रभारी प्रेम झा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष अजीत कालिंदी, मानगो मंडल अध्यक्ष बिनोद राय, उलीडीह मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र पासवान, सीतारामडेरा मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा, बिमल बैठा, भाजयुमो जिला महामंत्री अभिमन्यु सिंह चौहान, शशि यादव, मिथिलेश साव, संतोष कुमार, तन्मय झा, उपेंद्र गिरी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



मानगो में शोभायात्रा के दौरान श्रीराम भक्त हनुमान जी का गददा प्रदर्शित करते दायें से रामबाबू तिवारी, झारखंड सरकार के मंत्री बन्ना गुप्ता, मृत्युंजय कुमार,भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री कर्मबीर सिंह और सुमन जी।

## भारतीय नववर्ष हमारी सांस्कृतिक विरासत : कर्मवीर सिंह

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक एवं भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने लौहनगरीवासियों को हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2080 की शुभकामनाएं व्यक्त की। शोभायात्रा को संबोधित करते हुए कर्मवीर सिंह ने कहा कि भारतीय नववर्ष हमारे सांस्कृतिक विरासत है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ब्रह्मा जी सृष्टि की रचना थी। भगवान विष्णु का प्रथम अवतार भी इसी दिन हुआ था। नववर्ष में प्रकृति मे नयापन होता है। पेड़ पौधों फुल-मंजर, कली इसी समय आने आरम्भ होते है। हिंदू नववर्ष सबके लिए गर्व का क्षण है। हम सभी देशवासियों को अपनी जीवन संस्कृति के रक्षा करने लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य कोलाहल में हम अपने देश की संस्कृति को ना भूलें। पश्चिमी सभ्यता कभी भी हमारी बराबरी नहीं कर सकती। कर्मवीर सिंह ने कहा कि भारतीय जनमानस में हिंदू नव वर्ष का प्रचार प्रसार करें। नववर्ष के दिन आने वाली युवा पीढ़ी को जागरूक व प्रेरित करें। हम सभी को बताना होगा कि हिंदू दर्शन, हिंदू चिंतन दुनिया में अनूठा है। हिंदू चिंतन पूरी दुनिया को एक परिवार मानते हैं। कहा कि हमारे लिए कोई दुश्मन नही है। दुनिया को शांति के मार्ग पर चलने में हिंदू धर्म ही सहायक हो सकता है। शोभायात्रा में हिन्दू नववर्ष यात्रा के संस्थापक मृत्युंजय कुमार, भाजपा नेता नीरज सिंह, विकास सिंह, अनिल ठाकुर, दीपक झा, शैलेन्द्र सिंह, महेश सिंह, नितिन त्रिवेदी, अजय तिवारी, गड्डू सिंह, राजा दुबे, धर्मेंद्र प्रसाद, दसरथ शुक्ला, अजय सिंह, रवि जायसवाल, मनोज वाजपेयी, श्वेता कुमारी, मिट्ठू चौधरी, शशि यादव, विकास सिंह समेत हजारों सनातनी बंधुओं का योगदान रहा।



डिमना चौक पर भगवा ध्वज लहरा कर शोभायात्रा रवाना करते कर्मवीर सिंह।

## हिन्दू जागरण मंच ने भालूबासा रोहन आखाड़ा से निकाली शोभा यात्रा



मंगलवार को हिंदू नव वर्ष के पूर्व संध्या पर हिंदू जागरण मंच जमशेदपुर द्वारा एक शोभा यात्रा निकली जो भालूबासा रोहन अखाड़ा हनुमान मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई और बाराद्वारी ,रामलीला मैदान होते साकची गोलचक्कर से घूमते हुए सुभाष मैदान पर समाप्त हुई साथ ही मैदान में उमड़े जनसैलाब के बीच मां भारती का भव्य पूजन आरती हुआ और लोगो में प्रसाद वितरण किया गया। शोभा यात्रा की अगुआई कर रहे बलबीर मंडल के साथ सांसद प्रतिनिधी संजीव कुमार, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा,भाजपा नेता शिवशंकर सिंह, रतन महतो, अनिल सिंह, आजसू नेता अप्पू तिवारी, विश्व भोजपुरी विकास परिषद के मुन्ना चौबे ने संयुक्त रूप से शिरकत कर यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। यात्रा के सफल आयोजन पर बलबीर मंडल ने कहा कि इस यात्रा में शरीक होने वाले सभी सनातनी के प्रति आभार व्यक्त करते है क्योंकि इस हिंदुत्व के मेला में जुटे सभी आस्थाधारी हिंदुओ को प्रणाम करते है और उनके दिलों में हिंदुत्व के प्रति स्नेह से अभिभूत हूं। सफल आयोजन हेतु हिंदू जागरण मंच के मुख्य रूप से सतीश मुखी, रमन सिंह, कौशिक स्वाई, ऋषभ सिंह, विकास गुप्ता मनीष कुमार, दुर्गा, दीपक नायक, मुजीम मुखी, सौरभ गुप्ता, संतोष सिंह, राणा चटर्जी, पंकज तिवारी,बंटी सिंह, मनीष साहू , दीपक सिंह, अजय प्रसाद, जितेंद्र सिंह, लालचंद सिंह, राहुल प्रसाद, उमाशंकर सिंह, अमिष अग्रवाल, राहुल, अभिषेक समेत हजारों लोग मौजूद रहे।

## करणी सेना ने हिन्दू नववर्ष में लगाया सेवा शिविर



जमशेदपुर। क्षत्रिय करणी सेना परिवार के युवा जिलाध्यक्ष मोहित सिंह के नेतृत्व में हिंदू नववर्ष के पूर्व संध्या निकली भव्य शोभा यात्रा में शामिल हजारों लोगों के लिए साकची आमबगान में सेवा शीविर का आयोजन किया गया। जहां करणी सैनिकों ने शोभा यात्रा में शामिल हजारों लोगो के बीच लड्डू,जलपान व बिस्किट का वितरण किया। मौके पर शामिल बिनय सिंह, प्रकाश सिंह, हरि सिंह राजपूत, मोहित सिंह, सन्दीप सिंह, विकास सिंह, रोहित सिंह, गगन, सूरज, अंकित, अभिषेक व अन्य शामिल थे।



साकची इंजीनियर्स हॉलके पास से गुजरते जुलूस का नेतृत्व करते विधायक सरयू राय व अन्य।

## बाइकर्स गैंग ने सड़क पर आतंक मचाया, सिटी एसपी ने दौड़ लगाकर एक को पकड़ा

हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर शोभा यात्रा शहर के विभिन्न इलाकों से निकाली गई। इस दौरान एग्रिको से साकची, कदमा से बाग ए-जमशेद, मानगो से भुइयाडीह बस स्टैंड गोलचक्कर तक दोपहर से ही बाइकर्स गैंग सड़क पर रफ ड्राइविंग कर आंतक का पर्याय बने रहे। आश्चर्य की बात कि सामने रहते हुए पुलिस मूकदर्शक बनी रही। बाइकर्स गैंग की रफ ड्राइविंग का शिकार साकची पंप हाउस गोलचक्कर के पास एक जोड़ा हो गया। पल्सर से आ रहे इस जोड़े का संतुलन बाइकर्स गैंग की रफ ड्राइविंग से बिगड़ गया और वे सड़क पर गिर गए जिन्हें पुलिसकर्मियों ने उठाया। यह पहली मर्तबा था जब किशोरवय के बाइकर्स दिन दहाड़े इतनी रफ ड्राइविंग शोभा यात्रा में कर रहे थे। आश्चर्य की बात कि ऐसे लड़कों ने हेल्मेट तक नहीं पहना था। इसी बीच सिटी एसपी विजय शंकर जब मानगो पुल से गुजर रहे थे तब भी बाइकर्स गैंग उनके बगल से गुजर रहा था। अंत में सिटी एसपी का धैर्य जवाब दे गया और करीब 300 मीटर दौड़ लगा कर रफ ड्राइविंग कर रहे एक युवक को दबोच लिया। बाद में जुलूस में शामिल लोगों के आग्रह पर पुलिस ने उक्त युवक को छोड़ दिया।

## प्रकाशन त्रुटि के लिए खेद

भव्य हिन्दू नववर्ष यात्रा 22 को, सनातनी संगठनों ने कमर कसी शीर्षक से समाचार खबर मन्त्र के झारखंड संस्करण में पेज तीन पर गत 20 मार्च को प्रकाशित हुई है। हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर यह यात्रा 21 मार्च को निकाली जाने की घोषणा आयोजकों ने की थी। लापरवाही वश नववर्ष यात्रा की तिथि 22 मार्च छप गई जिसके लिए खबर मन्त्र की टीम जमशेदपुर क्षमा प्रार्थी है। आयोजकों ने पूर्व घोषणा के अनुसार 21 मार्च की दोपहर धूमधाम से यात्रा निकाली।

## स्पीड न्यूज

### गम्हरिया के विवेक ने चार माह में नर्मदा परिक्रमा का बनाया रिकॉर्ड



गम्हरिया। गम्हरिया निवासी राज कुमार बिहानी के पुत्र विवेक बिहानी ने चार माह की पैदल यात्रा कर नर्मदा परिक्रमा का रिकार्ड कायम किया है। झारखंड राज्य का वह पहला व्यक्ति है जिन्हें यह गौरव हासिल हुआ है। विवेक ने 36 सौ किलोमीटर की दूरी तय करते हुए ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग से शुरू की यह यात्रा शुरू की और नर्मदा नदी के किनारे से चलकर 36 सौ किलोमीटर की दूरी तय कर पुनः उसी स्थल पर परिक्रमा का समापन किया। विवेक ने बताया कि उसने विगत 15 नवंबर को नर्मदा परिक्रमा का शुभारंभ किया था। करीब चार माह बाद 16 मार्च को उनका यात्रा का समापन हुआ। इस बीच परिक्रमा के क्रम में उन्हें काफी संघर्षों का सामने करना पड़ा। इससे जीवन का काफी अनुभव हुआ। रास्ते में मिले साधु-संतों के विचार से उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। इस दौरान कई आश्रम, मंदिर एवं प्रकृति के अनुपम दृष्यों से अभिभूत होकर परिक्रमा को जारी रखा। परिजनों के अनुसार, आगामी 23 मार्च को गम्हरिया पहुंचने पर विवेक का गाजे-बाजे के साथ स्वागत की तैयारी की जा रही है।

### अंकिता लोधा बनी सर्वश्रेष्ठ महिला अध्यक्ष, जीते 15 पुरुस्कार



जमशेदपुर। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का अष्टम प्रांतीय अधिवेशन आह्वान 2023, प्रयास-प्रगति-परिवर्तन का धनबाद स्थित सिद्धि विनायक रिसोर्ट में गत दिनों संपन्न हुआ। दो दिवसीय अधिवेशन में झारखंड के लगभग 500 मंच प्रतिनिधि शामिल हुए। इसका उद्घाटन केंद्रीय संसदीय एवं संस्कृति राज्यमंत्री अर्जुन मेघवाल, धनबाद सांसद पी एन सिंह, विधायक राज सिन्हा, अखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराम सुल्तानिया, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र भट्टड़, धनबाद के मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, कुल्टी (पश्चिम बंगाल) विधायक अजय पोद्दार ने किया। समारोह की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल ने की। दो दिवसीय अधिवेशन के दौरान भारतीय संस्कृति और राजस्थानी संस्कृति की झलक दिखलाते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम और राष्ट्रीय एकता रैली का भी आयोजन किया गया। दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन में वार्षिक पुरस्कारों का भी वितरण किया गया।

# कुड़मी जाति को झारखंड में देना ही होगा एसटी का दर्जा : शैलेंद्र महतो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहीद रघुनाथ महतो चुआड़ सेना की ओर से आज बिष्टुपुर गोपाल मैदान में शहीद रघुनाथ महतो की जयंती मनाई गई। इस दौरान आयोजित जनसभा में झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावा पश्चिम बंगाल तथा ओड़िसा के लगभग 30 हजार लोग जुटे। जनसभा में बतौर अतिथि पूर्व सांसद शैलेन्द्र महतो, पश्चिम बंगाल के मंत्री श्रीकांत महतो, बंगाल के कद्दावर कुड़मी नेता अजीत महतो, पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश, झारखंड आंदोलनकारी हरमोहन महतो, पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा आदि मौजूद थे। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद शैलेन्द्र महतो ने कहा कि अलग राज्य गठन में कुड़मी जति ने क्रांतिकारी भूमिका निभाई है। राज्य बनने के बाद कुछ आदिवासी संगठन कुड़मी जाति को अनुसूचित जनजाति (एसटी) बनने का विरोध कर रहे हैं। कुड़मी जाति को झारखंड में एसटी का दर्जा देना ही होगा। समाज के नेता हरमोहन महतो ने राज्य सरकार द्वारा गठित नियोजन नीति 60-40 को खारिज करते हुए जिला रोस्टर को भी खारिज करने की मांग की। वहीं सूर्य सिंह बेसरा ने झारखंड को आदिवासी राज्य गठन का सपना पूरा करने के लिये कुड़मी को आदिवासी की सूची में शामिल करने की वकालत की। कार्यक्रम का संचालन शीतल ओहदार ने किया। मंच पर डा. राजाराम महतो, स्वपन महतो, किशोर मोहन महतो, हरिशंकर महतो, शैलेन्द्र महतो (कुड़मी सेना), प्रणव महतो, मानिक चंद्र महतो सहित कई लोग मौजूद थे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नटुआ नाच, कुड़माली गीत आदि भी प्रस्तुत किये गये।



कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो, डा राजा राम महतो व अन्य वक्तागण।

### बंगाल में 5 अप्रैल को रेल टेका आंदोलन

पश्चिम बंगाल के कुड़मी समाज के कद्दावर नेता अजीत महतो ने उपरोक्त मांगों के समर्थन में आगामी आंदोलन की रुपरेखा साझा की। बताया कि आगामी 5 अप्रैल को बंगाल में रेल टेका (रेल रोको) आंदोलन किया जाएगा। इसमें झारखंड के लोगों ने साथ देने का आश्वासन दिया। साथ ही बताया कि आगामी 20 सितंबर को झारखंड में रेल रोको आंदोलन के लिये अभी से तैयारी करने की जरुरत है।

**ममता सरकार ने शहीद रघुनाथ महतो के नाम सेतु का किया नामकरण**

बंगाल के मंत्री श्रीकांत महतो ने कहा कि रघुनाथ महतो ही चुआड़ विद्रोह के अग्रणी आंदोलनकारी थे। उन्हें सम्मान देने के लिये बंगाल की ममता सरकार ने उनके नाम पर एक सेतु का नामकरण भी किया है। जनसभा में बंगलादेश से परेश महतो, असम से रतन कुड़मी, ओड़िसा राज्य कमिटी के अध्यक्ष ध्रुपद महतो ने भी अपनी बातें रखी।

# केंद्रीय मंत्री नीतीन गडकरी का आगमन कल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी का 23 मार्च को जमशेदपुर आगमन प्रस्तावित है। माननीय केन्द्रीय मंत्री एलिवेटेड डबल डेकर कोरिडोर का ऑनलाइन शिलान्यास कार्यक्रम तथा गोपाल मैदान में जनसभा में शामिल होंगे तथा कई अन्य विकास योजनाओं का भी शिलान्यास-उद्घाटन करेंगे। एलिवेटेड डबल डेकर कोरिडोर पारडीह काली मंदिर से बालिगुमा तक बनाया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री के गोपाल मैदान में कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लेने उपायुक्त श्रीमती विजया एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार ने गोपाल मैदान का निरीक्षण किया। मैदान में बन रहे पंडाल व स्टेज निर्माण के कार्यप्रगति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री के आगमन की तैयारी पूरी कर ली गई है। विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल प्रतिनियुक्त किए गए हैं।



आयोजन स्थल का जायजा लेती डीसी विजया और एसएसपी।

# 24 मार्च को विशाल सरहूल शोभायात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पुराना सीतारामडेरा स्थित सरना भवन में केन्द्रीय सरहुल पूजा समिति, पूर्वी सिंहभूम द्वारा आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सरहुल पूजा शोभायात्रा की जानकारी देते हुए राकेश उरांव ने बताया कि प्रकृति का महापर्व सरहुल पूजा 24 मार्च को पूरे झारखंड में मनाया जाएगा । उसी क्रम में प्रतिवर्ष कि भाति इस वर्ष भी केन्द्रीय सरहुल पूजा समिति, पूर्वी सिंहभूम के तत्वाधान में विशाल शोभायात्रा का निकाली जाएगी जिसमें आदिवासी मूलवासी समुदाय के महिला पुरूष, बच्चे बच्चियां अपने पारम्परिक परिधान एवं वाद्ययंत्रों के साथ आदिवासी एकता एवं प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए इस शोभायात्रा में शामिल होंगे । शोभायात्रा में उरांव, हो, मुंडा, संथाल, मुखी, भुइयां, तुरी समाज समेत अन्य समुदाय के अलावा जमशेदपुर के समाजसेवी, बुद्धिजीवी, एवं राजनीतिक दल के जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे 24 मार्च को सभी सरना स्थलो में पाहन द्वारा सुबह पूजा किया जाएगा सभी सरना स्थलो का रंगरोहन किया जायेगा शोभायात्रा से पूर्व केन्द्रीय सरहुल पूजा समिति द्वारा विभिन्न समाज के अगुवाओ, बुद्धजीवियों, एवं जनप्रतिनिधियों को सम्मानित भी किया जायेगा।



कार्यक्रम की जानकारी देते राकेश उरांव।

# श्रीनाथ विश्वविद्यालय में 'वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे' पर जागरूकता कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय सभागार में किया गया जिसमें सभी विभागों के सहायक प्राध्यापक एवं छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शालिनी चक्रवर्ती अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापक ने किया। श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गोविंद महतो ने कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर टाटा मेन हॉस्पिटल के डॉ. रमाशंकर दंत चिकित्सा विभाग के प्रभारी तथा परामर्शक, डॉ. प्रियांकेश एसोसिएट प्रोफेसर डेंटिस्ट्री विभाग, डॉ. ईशानी चक्रवर्ती डेंटल सर्जन डेंटिस्ट्री विभाग, डॉ. अंकुर विश्वास डेंटल सर्जन डेंटिस्ट्री विभाग, डॉ. प्रज्ञा भारती डेंटल सर्जन डेंटिस्ट्री विभाग, डॉ. शिवानी सिंह डेंटल सर्जन डेंटिस्ट्री विभाग, डॉ. सारा चाय डेंटल सर्जन डेंटिस्ट्री विभाग, डॉ. विनीत वैभव डेंटल सर्जन डेंटिस्ट्री विभाग और डॉ. रिनी जॉन उपस्थित थे। जिनका स्वागत एवं अभिनंदन श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुखदेव महतो और श्रीनाथ विवि के कुलपति डॉ. गोविंद महतो द्वारा किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के अलावा श्रीनाथ विवि के सभी सदस्यों के लिए एक 'मुख स्वास्थ्य जांच शिविर' भी लगाया गया। विवि के कुलपति डॉ. गोविंद महतो ने कहा कि इस वर्ष वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे का थीम बी प्राउड ऑफ योर माउथ है। यह विषय मुख के स्वास्थ्य एवं देखभाल को पोषित करने पर ध्यान देता है। यह जागरूकता कार्यक्रम और मुख स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सभी के बीच मुख के स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए किया गया है। जागरूकता कार्यक्रम और मुख स्वास्थ्य शिविर के अलावा छात्रों के लिए बी प्राउड ऑफ योर माउथ और जीवन में मुख के स्वास्थ्य का महत्व विषय पर एक ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। ड्राइंग प्रतियोगिता में-बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स के सौरव प्रमाणिक - पहले
बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स की बोनिता फ्रांसिस - दूसरे और
बीए इंग्लिश की निकिता कुमारी सिंह - तीसरे स्थान पर रहीं।
टाटा मेन हॉस्पिटल के डॉ. रमाशंकर दंत चिकित्सा विभाग के प्रभारी तथा परामर्शक ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्रों और शिक्षकों को मुख के स्वास्थ्य के बारे में गहन जानकारियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यदि अल्सर का तत्काल इलाज नहीं किया गया तो वह मुंह के कैंसर में बदल सकता है जो जीवन के लिए खतरनाक है। उन्होंने सभी को स्वस्थ मसूढ़ों और चमकदार दांतों के लिए दिन में दो बार ब्रश करने की सलाह दी। कार्यक्रम के समापन से पहले, डेंटल स्क्रीनिंग के विजेताओं की घोषणा की गई, जहां कृष्णा अग्रवाल को मिस्टर स्माइल और मीरा गोराई को मिस स्माइल के लिए सम्मानित किया गया। शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापक माधुरी कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## खबर एक नजर में

### चांडिल : सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**चांडिल।** सोमवार की देर रात चांडिल थाना क्षेत्र के जाड़ीयाडीह में शादी समारोह से लौट रहे कार को अज्ञात वाहन में टक्कर मार दिया। इस संबंध में चांडिल थाना प्रभारी ने कहा अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस सड़क दुर्घटना में मरने वाले की पहचान चांडिल के पाटा निवासी शिबूराम मार्डी, बबलू सोरेन एवं सागुन टुडू के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सभी अपने दोस्त सोमाय सोरेन की कांदरबेड़ा में हो रहे शादी समारोह में सामिल होकर अपने घर चांडिल की ओर वापस लौट रहे थे इसी दौरान जाड़ीयाडीह के पास अनियंत्रित बहन ने जोरदार टक्कर मार दिया।

### सांसद विद्युत मिले केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री से फिर मांगा केंद्रीय विद्यालय



अन्नपूर्णा देवी को मांग पत्र सौंपते सांसद विद्युत।

जमशेदपुर। सांसद विद्युत वरण महतो ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात की एवं पूर्वी सिंहभूम में केंद्रीय विद्यालय स्थापना के संबंध में बातचीत की। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी सांसद श्री महतो ने इस बाबत उनसे मिलकर अपनी बात रखी थी। मुलाकात के क्रम में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस संबंध में वे प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं हैं तथा जिला से भूमि के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त होते ही इसे स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

### काले व सतीश हिन्दू उत्सव समिति के कार्यक्रम में हुए शामिल



जमशेदपुर। बीजेपी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले मंगलवार को हिंदू उत्सव समिति के कार्यक्रम में एग्रीको व कदमा के यात्रा में शामिल हुए व सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उनके साथ भाजयुमो के पूर्व महानगर अध्यक्ष सतीश सिंह भी थे।

### स्वतंत्रता सेनानी रघुनाथ महतो को सहिस ने दिया श्रद्धांजलि



चांडिल। नीमडीह के घुटियाडीह गांव में मंगलवार को महान स्वतंत्रता सेनानी रघुनाथ महतो का 285 वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया। घुटियाडीह स्थित रघुनाथ महतो के आदमकद प्रतिमा पर आजसू के वरीय नेताओं व कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसमें पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, आजसू केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो, जिलाध्यक्ष सचिन महतो, दिनेश हांसदा, चंदन वर्मा, बैद्यनाथ महतो, लालमोहन गोराईं, दुर्योधन गोप, गोपेश महतो, अरुण महतो, पद्मश्री छूटनी महतो सहित कई लोगों ने श्रद्धांजलि दिया।

### मनीषा संघी को मिला सर्वश्रेष्ठ महिला शाखा अध्यक्ष का पुरस्कार



जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा की निर्वतमान अध्यक्ष मनीषा संघी को सत्र 2021-22 हेतु बतौर शाखा अध्यक्ष पुरे राष्ट्र में सर्वश्रेष्ठ महिला शाखा अध्यक्ष के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसकी घोषणा अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय स्तर पर पिछले दिनों बनारस में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में की गयी थी। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के अष्टम प्रांतीय अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल लाखोटिया, प्रांतीय अध्यक्ष नंद लाल अग्रवाल, नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र भट्टर, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराम सुल्तानिया, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, गोविन्द मेवाड़, नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता एवं झारखण्ड प्रान्त के विभिन्न शाखाओ के युवा साथियों के समझ प्राप्त किया। मौके पर मनीषा संघी ने कहा कि विशेष रुप से सत्र 2021-22 की शाखा सचिव कविता अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष मुस्कान अग्रवाल का हमेशा पग-पग में साथ मिला। साथ ही सुरभि शाखा के सभी सदस्यों का तहे दिल से धन्यवाद दिया। सबका सहयोग इसी प्रकार मिलता रहेगा ऐसा पूर्ण विश्वास उन्होंने जताया।

# अलगाव पर शिकंजा

आखिरकार पंजाब पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ तालमेल बनाकर राज्य में अलगाव के सुरों को सींचने वाले तत्वों पर कड़ा शिकंजा कसा है। यह कार्रवाई वक्त की जरूरत भी थी क्योंकि विगत में राज्य ने अलगाववादी दौर में बड़ी कीमत चुकाई है। आज जो शांति राज्य में नजर आ रही है, उसकी कीमत राज्य के लोग जानते हैं। बहरहाल, हालिया प्रकरण में बड़ी संख्या में गिरफ्तारियों तथा असले की बरामदगी से साफ है कि अलगाववादी तेवरों को अब सरकारें स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। विवादित अलगाववादी नेता विगत कुछ समय से प्रदेश के पुलिस-प्रशासन के लिये चिंता का सबब बना हुआ था। कई घटनाक्रम इशारा कर रहे थे कि वह कानून-व्यवस्था के लिये बड़ी चुनौती बनता जा रहा था। खासकर पिछले दिनों अजनाला थाने पर अपने एक साथी को छुड़ाने की विरल घटना ने सरकार व पुलिस विभाग को चिंता में डाल दिया था। यह महज कानून व्यवस्था के लिये ही चुनौती नहीं थी बल्कि राज्य में सदियों से स्थापित सांप्रदायिक सदभाव के लिये खतरा उत्पन्न हो गया था। निस्संदेह, देर से सही, राज्य पुलिस-प्रशासन ने अलगाववादियों पर शिकंजा कस ही दिया। यह जानते हुए कि पड़ोसी मुल्क से युवाओं को पथभ्रष्ट करने की साजिश लगातार की जाती रही है और ड्रोन के जरिये नशीले पदार्थ, हथियार व नगदी भारतीय सीमाओं में गिरायी जा रही है। बहरहाल इस चुनौती के मुकाबले के लिये शासन-प्रशासन के साथ नागरिकों के स्तर पर भी शांति स्थापना के लिये गंभीर प्रयासों की जरूरत है।खासकर राज्य में बड़ी संख्या में केंद्रीय सुरक्षा बलों की बटालियनों की तैनाती को केंद्र-राज्य सरकारों के साझे कदम के रूप में देखा गया। दरअसल, शांति बनाये रखने के लिये शासन-प्रशासन की सतर्कता जरूरी है। असमाजिक ताकतो पर नजर रखना और कार्रवाई अनिवार्य है।

# ऊर्जा में आत्मनिर्भर

अमेरिकी ऊर्जा मंत्रालय की लॉरेंस बर्कले नेशनल लेबोरेटरी के एक अध्ययन में कहा गया है कि भारत 2047 तक ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल कर सकता है। भारत 2047 में देश की स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा। पाथवेज टू आत्मनिर्भर भारत (आत्मनिर्भर भारत की राह) शीर्षक वाले अध्ययन के अनुसार, भारत के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को आने वाले दशकों में तीन हजार अरब डॉलर के निवेश की जरूरत होगी।अध्ययन में कहा गया है कि उसे यकीन है कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने से भारत को महत्वपूर्ण आर्थिक, पर्यावरणीय एवं ऊर्जा लाभ हासिल होंगे, जिससे 2047 तक 2500 अरब डॉलर की उपभोक्ता बचत होगी, जीवाश्म ईंधन आयात व्यय 90 प्रतिशत तक या 240 अरब डॉलर प्रति वर्ष कम होगा, वैश्विक स्तर पर भारत की औद्योगिक प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और वह निर्धारित समय से पहले शुद्ध शून्य का लक्ष्य हासिल कर लेगा। ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में बर्कले लैब स्टाफ के वैज्ञानिक एवं सह-लेखक अमोल फड़के ने कहा, भारत के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को आने वाले दशकों में तीन खरब डॉलर के निवेश की जरूरत होगी और हमारे अध्ययन से पता चलता है कि नई ऊर्जा संपत्तियों (जो लागत प्रभावी एवं स्वच्छ हैं) को प्राथमिकता देना दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत के ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की राह में 2030 तक 500 गीगावॉट से अधिक गैर-जीवाश्म बिजली उत्पादन क्षमता स्थापित करने वाला बिजली क्षेत्र, सरकार द्वारा पहले ही घोषित लक्ष्य शामिल होंगे, जिससे वह 2040 तक 80 प्रतिशत और 2047 तक 90 प्रतिशत स्वच्छ ग्रिड हासिल करेगा। अध्ययन के अनुसार, 2035 तक जिन नए वाहनों की बिक्री की जाएगी, उनके करीब 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक होने की संभावना है और भारी औद्योगिक उत्पादन मुख्य रूप से हरित हाइड्रोजन और विद्युतीकरण में स्थानांतरित हो सकता है।

# नव वर्ष विक्रम संवत संवत्सर 2080 आरंभ

भारतीय संस्कृति के अनुसार, हिंदू नववर्ष पंचांग के मुताबिक चैत्र माह की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को मनाया जाता है। इस साल हिंदू नव वर्ष की शुरूआत आज 22 मार्च 2023 को हो रही हैत्र 22 मार्च को चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को विक्रम संवत 2080 की शुरूआत हो रही है. हिंदू विक्रम संवत 2080 अंग्रेजी कैलेंडर के वर्ष 2023 से 57 वर्ष आगे है। इस बार नए वर्ष के राजा बुध ग्रह और मंत्री शुक्र ग्रह होंगे। इन दोनों का आपसी संबंध मित्रता का है। ऐसे यह साल काफी अच्छा रहने वाला है. हिंदू धर्म की पूजनीय माता के नवरात्रि की शुरूआत भी इसी दिन से होती है। हालांकि कई बार लोगों के मन में सवाल आता है कि हिंदू नववर्ष की शुरूआत चैत्र माह की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से ही क्यों होती है। तो चलिए आज इस बारे में जानते हैं कि चैत्र नवरात्रि से हिंदू नववर्ष का प्रारंभ क्यों होता है।

चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को ही हिंदू नववर्ष होने के कारण - ब्रह्म पुराण के अनुसार, चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। अनुमान के मुताबिक करीब 1 अरब 14 करोड़ 58 लाख 85 हजार 123 साल पहले चैत्र माह की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को ही सृष्टि बनी थी। यह कारण भी है कि इस दिन हिंदू नववर्ष मनाया जाता है।

- महापराक्रमी सम्राट विक्रमादित्य ने अपने नाम से संवत्सर की शुरूआत भी चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को की थी। यहीं वजह है कि हिंदू नववर्ष को विक्रमी संवत्सर भी कहा जाता है। इस वर्ष विक्रम संवत को 2079 वर्ष पूरे हो रहे हैं और विक्रम संवत 2080 लग रहा है।

- हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि में ही नव वर्ष की शुरूआत होती है इसके पीछे कारण है कि यह माह प्रकृति की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। इस समय पेड़ों लताएं और फूल बढ़ने के लिए लगे होते हैं। सुबह के समय में भी मौसम बहुत ही अच्छा होता है। सुबह भौरों की मधुरता भी होती है।

- हिंदू धर्म में चांद और सूर्य को भी बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को चंद्रमा की कला का प्रथम दिन होता है। यह दिन ऋषियों मुनियों ने नववर्ष के लिए एकदम उपयुक्त माना है।

- चैत्र माह की शुक्ल पक्ष नवमी तिथि को प्रभु श्रीराम का जन्म हुआ था। इस दिन को रामभक्त रामनवमी के रूप में मनाते हैं.






-प्रिया राज

> चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को ही हिंदू नववर्ष होने के कारण - ब्रह्म पुराण के अनुसार, चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। अनुमान के मुताबिक करीब 1 अरब 14 करोड़ 58 लाख 85 हजार 123 साल पहले चैत्र माह की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को ही सृष्टि बनी थी। यह कारण भी है कि इस दिन हिंदू नववर्ष मनाया जाता है।

राम जी के जन्म से इस माह का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है।

हिंदू नव वर्ष 2023, विक्रमी संवत 2080 बुधवार, 22 मार्च 2023 प्रतिपदा तिथि **प्रारंभ : 21 मार्च 2023 रात 10:53 बजे**

**प्रतिपदा तिथि समाप्त : 22 मार्च 2023 को रात 08:21 बजे**

**संवत्सर - हिंदू वर्ष का नाम**

नव वर्ष पूरे विश्व में एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। विश्व में अलग-अगल स्थानों पर नव वर्ष की तिथि भी अलग-अगल होती है। विभिन्न सम्प्रदायों के नव वर्ष समारोह भी भिन्न-भिन्न होते हैं और इसके महत्त्व की भी विभिन्न संस्कृतियों में परस्पर भिन्नता है।

भारत में भी नव वर्ष के तिथियों में भिन्नता है, अलग-अगल राज्यों में या ऐसा कहा जाये कि अलग-अलग समुदाय में नव वर्ष के तिथियों में भिन्नता है। उत्तर भारत के हिन्दू समुदाय में नव वर्ष चैत्र की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को नव वर्ष का उत्सव मनाया जाता है। इस साल यह तिथि 22 मार्च 2023 के दिन है। हिन्दू धर्म में इस दिन को वर्ष का सबसे शुभ दिन माना जाता है। हिन्दू नव वर्ष एक उत्सव का दिन होता है।

**चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का ऐतिहासिक महत्व :**

हिन्दू नव वर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा मनाते है इसके पिछले कई ऐतिहासिक महत्व है। यह त्योहार पौराणिक दिन से जुड़ा हुआ है इस दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि का निर्माण किया था। इसमें मुख्यतया ब्रह्माजी और उनके द्वारा निर्मित सृष्टि के प्रमुख देवी-देवताओं, यक्ष-राक्षस, गंधर्व, ऋषि-मुनियों, नदियों, पर्वतों, पशु-पक्षियों और कीट-पतंगों का ही नहीं, रोगों और उनके उपचारों तक का भी पूजन किया जाता है। इसी दिन से नया संवत्सर शुरू होता है। अत इस तिथि को नवसंवत्सर भी कहते हैं।

हिन्दू नव वर्ष मनाने के कई ऐतिहासिक महत्व है जिनकों हम निम्नलिखित कारणों से जान सकते है, जो इस प्रकार हैं-

इसी दिन के सूर्योदय से ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की।

सम्राट विक्रमादित्य ने इसी दिन राज्य स्थापित किया। इन्हीं के नाम पर विक्रमी संवत का पहला दिन प्रारंभ होता है।

प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक का दिन यही है।

शक्ति और भक्ति के नौ दिन अर्थात नवरात्र का पहला दिन यही है।

राजा विक्रमादित्य की भांति शालिवाहन ने हूणों को परास्त कर दक्षिण भारत में श्रेष्ठतम राज्य स्थापित करने हेतु यही दिन चुना। विक्रम संवत की स्थापना की ।

युधिष्ठिर का राज्यभिषेक भी इसी दिन हुआ।

**भारतीय नव वर्ष**

भारत में अलग-अलग राज्यों में नव वर्ष की तिथियां भिन्न होती है और अलग अगल नाम से नव वर्ष का उत्सव मनाया जाता है। महाराष्ट्र में नव वर्ष को गुड़ी पांडव के रूप में जाना जाता है जो मार्च व अप्रैल में आता है। पंजाब में नया साल बैशाखी नाम से 13 अप्रैल को मनाई जाती है। सिख नानकशाही कैलंडर के अनुसार 14 मार्च होला मोहल्ला नया साल होता है। गोवा में इस दिन को हिंदू समुदाय कोंकणी के नाम से मनाते है। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना राज्य में इस दिन को उगादी के नाम से मनाते है। कश्मीर में कश्मीरी पंडितों इस दिन को नवरेह (19 मार्च) के नाम से जाना जाता है।

बंगाल में इस अवसर को नबा बरसा के रूप में, असम में बिहू के रूप में, केरल में विशु के रूप में, तमिलनाडु में पुतुहांडु के रूप में मनाया जाता है। मारवाड़ी में नव वर्ष दिवाली के दिन मनाते है। गुजरात में दिवाली के दूसरे दिन नव वर्ष होता है। बंगाली नया साल पोहेला बैसाखी 14 या 15 अप्रैल को आता है। पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में इसी दिन नया साल होता है।

(प्रशिक्षु, संतजेवियर कॉलेज रांची)

## खास बात

# सेवा क्षेत्र में सदा अग्रणी योगदा मठ



**श्यामानंद झा**

**22 मार्च** 1917 के दिन परमहंस योगानन्द ने रांची में योगदा सत्संग मठ की स्थापना की थी। अपने स्थापना काल से ही इस मठ में परमहंस योगानन्द जी द्वाराए जो आध्यात्मिकता व सेवा कार्य का बीजारोपण किया गया। योगदा सत्संग मठ का नाम आज सेवा का पर्याय बन गया है। यहां अपने आंखों का इलाज वह ड्डी बिना एक पैसे खर्च किये मिल ही जायेंगे। सेवा भाव ही का तो प्रभाव है कि यहां नेत्र का इलाज करानेवाले 77 प्रतिशत लोग मुस्लिम समुदाय से आते हैं और ठीक होने के बाद बड़े ही गर्व से कहते है कि उन्होंने अपना आंखों का ऑपरेशन योगदा सत्संग सेवाश्रम चैरिटेबेल हॉस्पिटल में कराया। डॉ मंगत साहेब ने उनका ऑपरेशन किया।

हाल ही में 7 दिसम्बर 2022 की घटना है। रांची के चुटिया स्थित विंध्यवासिनी नगर रोड नं 2 में रहते हैं, संतोष कुमार केसरी। जिनकी चाची मीरा देवी जो खूंटी के मरिचा गांव में रहती हैं। उनको आंख का ऑपरेशन कराना था। वो जब यहां आई तो वो भी किसी के कहने पर आई थी कि योगदा सत्संग मठ में आंख का इलाज अच्छा होता है। योगदा सत्संग सोसाइटी द्वारा योगदा सत्संग सेवाश्रम के नाम से चल रहा एक चैरिटेबल हॉस्पिटल। पूरे झारखण्ड ही नहीं बल्कि इससे सटे बिहार,बंगाल, ओड़िशा के नेत्र रोगियों के लिये सर्वोत्तम स्थान बना है।

**आये थे डा मंगत संन्यासी बनने, बन गये सेवाधर्मी**

डा मंगत बताते हैं कि पहले डा राजमोहन यहां अपनी सेवा दिया करते थे। जी एस मंगत इस योगदा सत्संग सेवाश्रम से 2004 से जुड़े जो आज भी जारी है। योगदा सत्संग मठ में संन्यासी बनने आये थे।लेकिन चिकित्सक बनकर सेवा देना ही श्रेष्ठतम सेवा हैं जो वे कर रहें हैं।

# जीवन का मोल

## धर्म-प्रवाह

**जीवीएस शास्त्री**

**द्रविड़** देश के राजर्षि सत्यव्रत कृतमाला नदी में नहा रहे थे। दोनों हाथों में नदी से पानी भरा तो उनके हाथों में एक छोटी-सी मछली आ गई। मछली ने राजा को आवाज लगानी शुरू कर दी, ह्यराजा, राजा... राजा मैं एक छोटी मछली हूं। नदी में बड़ी मछलियां छोटी मछलियों को खा जाती हैं। जब मैंने आप जैसे वीर पुरुष के हाथों में खुद को सौंप दिया तो मुझे यकीन था कि अब मेरी रक्षा होगी। यदि आप भी मुझे त्याग देंगे तो फिर निर्बल प्राणियों को शरण कौन देगा? कृपया मेरे प्राणों की रक्षा करें राजा।

यह सुनकर राजा सत्यव्रत को बड़ा आश्चर्य हुआ। वह बोले, घबराओ नहीं। तुम्हें हम महल में शरण देंगे। मछली बोली, हे राजन, क्या आपके महल में मेरे लिए स्थान होगा। राजा ने ठहाका लगाया, हा हा हा... स्थान। राजा के महल में तुम जैसे क्षुद्र जीव के लिए स्थान की बात करती हो, वहां तो एक नगर समा सकता है। शायद तुमने राजमहल कभी देखा ही नहीं, चलो आज राजमहल भी देख लो। राजा बड़े धर्मात्मा थे, मगर अभी उनमें अहंकार बाकी था। उन्होंने मछली के लिए अपने महल में एक सोने के बर्तन में रहने का इंतजाम कर दिया। मगर मछली बर्तन जितनी बड़ी हो गई। तब मछली ने बड़े बर्तन की मांग रखी। राजा ने बड़े बर्तन का इंतजाम कराया। मछली फिर बड़ी हो गई। तब राजा ने मछली को निकालकर अपने सरोवर में डाल दिया। अब वह निश्चिंत थे कि सरोवर में वह सुविधापूर्ण तरीके से रहेगी।

एक सेब गिरा और न्यूटन ने

ग्रेविटी की खोज कर ली....
इंसान गिर रहे हैं
और कोई मानवता नहीं खोज पा रहा है....

-योगी आदित्यनाथ

## आपके ट्वीट

हर हाल में हमें राज्य के बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना है। मैं कभी भी इन विद्यालयों के निरीक्षण में जा सकता हूँ। स्कूलों में अन्य विषयों के साथ-साथ झारखण्ड की समृद्ध कला संस्कृति के संवर्धन के लिए भी कोर्स शुरू किया जाएगा। - **हेमंत सोरेन**





**सिरसा** में हमारे किसान भाई-बहनों का यह प्रयास जहां पीएम मत्स्य संपदा योजना के फायदों को सामने लाता है, वहीं यह महिला सशक्तिकरण का भी एक प्रतीक है।

**- नरेन्द्र मोदी**

# ईमानदारी के कारण मिली कम पैसे की नौकरी

**अजय कुमार शर्मा**

**केदार** शर्मा (मूल नाम किदार) का जन्म 1910 में गांव नरोवाल, पंजाब में हुआ था। उन्होंने अपने करियर की शुरूआत 1932 में की जब वे कलकत्ता के न्यू थियेटर्स में बैकड्रॉप स्क्रीन पेंटर और पोस्टर पेंटर के रूप में शामिल हुए। उन्हें एक स्टार निमार्ता कहा जाता है। केदार शर्मा ने मदन थिएटर की अपनी पहली नौकरी मिलने और उसके रोचक इंटरव्यू के बारे में अपनी आत्मकथा में विस्तार से लिखा है। वे लिखते हैं- एक दिन मुझे पता चला कि मदन थियेटर्स को एक असिस्टेंट पेंटर की जरूरत है। वहां दिनशा ईरानी नामक एक पारसी सज्जन थे जो कला विभाग के प्रमुख थे। अगले दिन मैं उनसे मिलने पहुंचा तो वहां एक और उम्मीदवार असलम भी इंतजार कर रहा था। वह कुर्ता-पायजामा पहने हुए था, जबकि मैं एक तीन पीस सूट और एक कॉलर वाली बो टाई में आया था। दिनशा का कद छोटा, स्वभाव सख्त लेकिन नेक दिल था। उन्होंने शरारती मुस्कान के साथ कहाअच्छा, अब मैं आप दोनों से कुछ सवाल पूछूंगा और मुझे सीधे ईमानदार जवाब चाहिए।

उनका पहला सवाल था, तुम शाकाहारी हो या मांसाहारी? मैंने कहा कि मैं पक्का शाकाहारी हूं। उन्होंने असलम की ओर देखकर बोला, तुम तो पक्के मांसाहारी होगे। असलम ने शरमाते हुए सिर हिलाया। फिर मेरी ओर मुड़कर उन्होंने पूछा श्रीमान शर्मा, क्या आप पीते हैं, मेरा मतलब है कि आप ड्रिंक लेते हैं या आप एक टीटोटलर हैं? मैंने काफी

## फिल्म

गर्व से जवाब दिया, सर, मैंने, अपने पूरे जीवन में कभी शराब की एक बूंद भी नहीं चखी। दिनशा जी ने सिर हिलाया और फिर असलम की ओर मुड़े, जिसने एक पल के लिए अपनी आंखें नीचे कर लीं और फिर जवाब दिया, सर, मैंने कभी-कभार दारू पी है ताकि मैं अपने दुख, अपनी गरीबी को भूलने में मदद पा सकूं। उसने आगे कहा, दो ग्लास से मैं खुश हो जाता हूं और गा सकता हूं, लेकिन तीन ग्लास से पूरी दुनिया नशे में लगती है और मैं शांत हो जाता हूं। दिनशा जी ने उसकी पीठ थपथपाई और कहा, तुम बहुत ईमानदार हो। फिर वह मेरी ओर मुड़े और पूछा, श्रीमान शर्मा, क्या आप रेड लाइट एरिया जाते हैं, हर एक महीने या एक साल में, आखिरकार आप युवा हैं और अकेले हैं। इस पर मैंने पलटवार किया, सर, मैं वेश्यावृत्ति की जगह पर कभी नहीं जाऊंगा, यह एक बदबूदार मांस बाजार है। मैंने अपने कॉलेज से जारी चरित्र प्रमाण पत्र उनके सामने रखते हुए कहा, सर, मैं एक अनुकरणीय नैतिक चरित्र के साथ एक खुशहाल शादीशुदा आदमी हूं। मेरा सेंस ऑफ ह्यूमर मेरे लिए वही करता है जो असलम के लिए दारू करती है।

दिनशा जी अब असलम के पास गए। असलम ने जवाब दिया, मैं मानता हूं कि मैं कभी-कभी सोना-गाछी (कलकत्ता का रेड लाइट एरिया) जाता हूं। इसमें मुझे तीन रुपये का खर्च आता है। मतलब मुझे तीन वक्त का खाना छोड़ना पड़ता है, लेकिन आखिरकार मुझे इस पाप की जरूरत है क्योंकि मैं कोई देवदूत नहीं हूं। कुछ देर सोचकर दिनशा जी बोले, आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि मैं आप दोनों को काम पर रख रहा हूं। श्री शर्मा को हर महीने 100 रुपये का भुगतान किया जाएगा।

फिर वह असलम की ओर मुड़कर बोले, असलम, तुम्हें हर महीने 200 रुपये मिलेंगे। मैं उनके इस अन्याय से नाराज था और विरोध किया। तब दिनशा जी ने अपना तर्क सामने रखते हुए कहा, देखो तुम एक शाकाहारी, शराब न पीने वाले और उच्च नैतिकता के अच्छे लड़के हो, लेकिन असलम की जरूरतें अधिक हैं, वह संत नहीं हैं, और उसकी आवश्यकताएं अधिक महंगी हैं इसलिए उसे ज्यादा पैसे दिए जा रहे हैं।

## कॉर्टून वर्ल्ड

प्रदूषण की मार...



साभार कॉर्टून मूववेंट

## लेटर टू एडीटर

### जनता की नियति

**हिंदी** में एक कहावत है कि हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और। यह कहावत राजनीति दलों के चुनावी घोषणा पत्रों पर सटीक बैठती है। चुनाव चाहे लोकसभा के हो या फिर विधानसभा के, राजनीतिक दल जनता को छलने के लिए लोकलुभावन घोषणा पत्र जारी करते हैं और चुनाव जीतने के बाद घोषणा पत्र में किए गए वादों पर बहुत ही कम खरे उतरते हैं।

**- राममूरत, जमशेदपुर**

### अमानवीय बर्ताव

**म्यांमार** में सेना द्वारा सत्ता अपने हाथ में लेने के बाद की गई बर्बरता ने दुनिया को चिंता में डाल दिया गया है। तख्तापलट के बाद प्रदर्शनकारियों पर जिस तरह सेना गोलियों की बौछार कर रही है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। अमेरिका सहित यूरोपीय देश भी म्यांमार में लोकतंत्र की बहाली का इंतजार कर रहे हैं। वहीं चीन ने म्यांमार की घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। पूंजी प्रभावित हो। **-डॉ मेरी ग्रेस, गुमला**

# पाकिस्तान की आवाज अब बदल जाए तो अच्छा

**पी रंजन**

**लंदन** से राजनीति का रिमोट कंट्रोल चला रहे मियां नवाज शरीफ क्या चाहेंगे कि बिरयानी कूटनीति फिर से आगे बढ़े? शंघाई कार्पोरेशन आगेर्नाइजेशन (एससीओ) की शिखर बैठक के सिलसिले में 10 से 11 मार्च को भारत ने पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदीलाल को आमंत्रित किया था। वो आये नहीं, बदले में जस्टिस मुनीब अख्तर को वीडियो लिंक के जरिये जोड़ दिया था। चूंकि, भारत एससीओ का अध्यक्ष देश है, इसलिए उसे प्रतिरक्षा, पर्यटन, आंतरिक सुरक्षा, पर्यावरण जैसे महकमों की मंत्री स्तरीय बैठकें आहूत करनी हैं, इसके अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों को भी संवाद करना है।

14 मार्च, 2023 को हरदीप सिंह पुरी ने ट्वीट किया कि एससीओ के आठों सदस्य देश, ऊर्जा मंत्रियों की आभासी बैठक में उपस्थित थे। एससीओ मंत्री स्तरीय आभासी बैठक में पाकिस्तान के ऊर्जा मंत्री खुर्रम दस्तगीर खान का दिखना इसका संकेत है कि वहां के प्रतिरक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ अप्रैल में नई दिल्ली और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी मई में गोवा में होने वाली बैठकों में शायद शिरकत करें। 17-18 मार्च को बनारस में एससीओ पर्यटन मंत्रियों की बैठक होगी। काशी को ह्यएससीओ का कल्चरल कैपिटलह्ण घोषित किया गया है।

बर्फ पिघल रही है, मगर पाकिस्तान की ओर से पूरी सावधानी बरती जा रही है। भारत प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को आमंत्रित कर चुका है। इनसे पहले, पाकिस्तान के वजीर-ए-खारजा बिलावल भुट्टो जरदारी, वजीर-ए-दिफा ख्वाजा आसिफ वर्चुअल ही सही, यदि बैठकों में हिस्सा लेते हैं, तो समझिए कि गाड़ी पटरी पर है। दोनों देशों के बीच संबंधों की गाड़ी पटरी पर लाने के प्रयास विगत दो वर्षों से चल रहे हैं। क्या इसमें पुतिन और शी की परोक्ष भूमिका है?

16 से 17 सितंबर, 2021 को ताजिकिस्तान के दुशान्बे में हुई एससीओ शिखर बैठक में यह मामला सीरियस होते-होते रह गया, जब प्रधानमंत्री मोदी की उनके तत्कालीन समकक्ष इमरान खान से मुलाकात की खबर हवा में तारी थी। 15 से 16 सितंबर, 2022 को समरकंद शिखर बैठक में जो बात जेरे बहस से गायब दिखी, वो ये कि प्रधानमंत्री मोदी अपने दो समकक्षों शी जिनपिंग और शहबाज शरीफ से मिलने से कटते क्यों रहे? 25 नवंबर, 2014 की काठमांडो सार्क शिखर बैठक में उनके भाई, नवाज शरीफ से मोदी की अनबन हो चुकी थी। बाद में नेपाल के प्रसिद्ध रिसार्ट, घूलीखेल में दोनों नेताओं को समझा-बुझाकर हैंडशेक कराया गया।

समरकंद में तो यह भी नहीं हुआ। मोदी और शहबाज शरीफ समरकंद फोटो सत्र में भी अलग-थलग दिखे। अलबत्ता, शी जिनपिंग मोदी के साथ एकाध तस्वीरों में बगल में दिखे। शी ने तब भारत की मेजबानी के लिए शुभकामना भी व्यक्त की थी। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में आठ यूरेशियाई देश चीन, कजाकस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उजबेकिस्तान, भारत व पाकिस्तान सदस्य हैं। शुरू में इसका नाम शंघाई फाइव था।

26 अप्रैल, 1996 को पांच देशों चीन, कजाकस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान ने आपसी सुरक्षा व भरोसा बढ़ाने के उद्देश्य से शंघाई फाइव की बुनियाद रखी थी। बाद में उजबेकिस्तान इससे जुड़ा, जिससे इसकी संख्या बढ़कर छह हो गई।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक नजर में

### टाटीझरिया : मुख्यमंत्री से मिला प्रमुख संघ



टाटीझरिया। पंचायती राज अधिनियम में वर्णित अधिकारों को अमली जामा पहनाने के लिए सोमवार को सम्पूर्ण राज्य के प्रमुख, राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जाकर मिले। उन्होंने राज्य के मुखिया श्री सोरेन से मिलकर अपने -अपने प्रखंडों की स्थिति से अवगत कराया। इनके प्रमुख मांगों में प्रमुख के अधिकारों को पूरी तरह से बहाल करना था। मुख्यमंत्री ने इनके साथ बैठकर विभिन्न मुद्दों पर चचाएं की,इन्हे आश्वस्त कराया कि उनके अधिकारों का हनन नहीं किया जाएगा। सभी जिले और उनके प्रखंडों तक यह मैसेज दे दी जाएगी। इसके पूर्व प्रमुखों ने आपस में राज्य प्रमुख संघ का गठन करने पर भी विमर्श किया। सर्वसम्मति से टाटीझरिया के प्रमुख और हजारीबाग जिले के प्रमुख संघ के अध्यक्ष संतोष मंडल को प्रमुख संघ का कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष भी मनोनित किया। श्री मंडल ने कहा कि वे सभी प्रमुख के अधिकारों,उनके वर्चस्व के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। हजारीबाग जिले के प्रमुख कुमारी बिनीता, विना देवी, कुमारी स्वेता ,विना देवी समेत अन्य ने श्री मंडल को बधाई दिया है।

### प्रमुख फुलवा देवी मुख्यमंत्री से की मुलाकात

बड़कागांव ।प्रमुख फुलवा देवी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर बुके भेंट की। बड़कागांव के विभिन्न जन समस्याओं से अवगत कराई। जिसमें एनटीपीसी द्वारा स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता नहीं देना,सरकारी योजनाओं में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखना, अंचल कार्यालय द्वारा सरवर की समस्या बताकर आय, आवासीय, जाति प्रमाण पत्र बनाने में विलंब करना, बिजली की आंख मिचौली की समस्या से अवगत कराई। प्रमुख फुलवा देवी ने कहा की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द समस्याओं का निपटारा किया जाएगा।

### अलग-अलग सड़क हादसे में दो की मौत

**पदमा।** पदमा थाना क्षेत्र अंतर्गत इटखोरी मोड़ पुल के समीप तेज रफ्तार से आ रही ट्रेलर गाड़ी( पी बी 04ए बी 9844) के चपेट में आने से इचाक प्रखंड के बोंगा निवासी विकाश प्रसाद मेहता ऊर्फ कोल्हा महतो पिता रामेश्वर महतो की मौत हो गई। बाइक में सवार दो और विकाश प्रसाद मेहता की पत्नी समेत एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए । सूचना मिलते ही आनन-फानन में पदमा थाना के गश्ती दल एवं थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और दोनो घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया। लगभग 2:00 बजे उस जगह से लगभग 100 मीटर की दूरी पर सड़क पार करने के दौरान हजारीबाग से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर गाड़ी( जे एच 02ए के 1485) के चपेट में आने से राजकुमार भुइंया पिता चरका भुइंया उम्र 25 वर्ष भुइंया टोला बारसोत के निवासी कोअपने चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर हो गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आनन फानन में घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### खैरा पंचायत में दो बैल की चोरी

टाटीझरिया। खैरा पंचायत और टाटीझरिया थाना के खैरा गांव निवासी किशोरी महतो पिता स्व. मनु महतो के घर से सोमवार की रात्रि लगभग 2:00 बजे सफेद रंग की एक जोड़ा बैल को अज्ञात चोरों ने चुराकर ले गए । किसान के चेहरे पर काफी मायूसी और चिंतित देखा जा रहा है । किसान ने बताया की रात में बैलों को घर के बाहर मचान में खिला पिला कर बांध गए ।जब 2:00 बजे रात बैलों को देखने मचान में गए तो वहां बैल गायब दिखे। आनन फानन में बैलों को काफी खोजबीन किया लेकिन कही नही मिला । हालांकि चोरी हुई बैल की खोज खबर हेतु टाटीझरिया थाना में लिखित आवेदन देकर सनहा दर्ज किया गया। वही उन्होंने पुन: कहा कि जो भी सज्जनों को चोरी हुआ सफेद रंग की एक जोड़ा बैल की जानकारी मिले तो दिए गए मोबाइल नंबर 8709608296 पर संपर्क कर सूचना दे।

### बनाहप्पा के दो घरों से लाखों की रुपये चोरी

**दारू।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के हुटपा पंचायत के बनाहप्पा में दो घरों से चोरों ने सोमवार की रात्रि को चोरी कर ली ।चोरों ने सबसे पहले छकौड़ी राणा के बंद पड़े घर मे ताला तोड़कर घुसे और घर मे रखे सामानों की चोरी कर ली ।इस घर के सभी लोग दिल्ली में रहते है और यह घर बंद रहता है। इसके बाद चोरों ने सुखदेव राणा के घर मे धावा बोला जहां उनका बेटा अकेले सोया हुआ था उसके दरवाजे को बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। दरवाजा बंद करने के बाद चोरों ने दूसरे कमरे में रखे सोने का मंगलसूत्र,अंगूठी, पायल सहित डेढ़ लाख रुपये की कीमती सामानों की चोरी कर ली। चोरी की यह घटना रात्रि 12 से 2 बजे बीच की बताई जा रही है। घटना की जानकारी मुफ्फसिल थाना पुलिस को दे दी गई है।

### तेज हवाओं के बीच बारिश और ओले पड़े

**बरही।** बरही एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भारी वर्ष एवं तेज हवाओं के बीच ओले भी पड़े। जिसमे किसानों की बीच उदासी का माहौल है ।किसानों की माने तो उन्होंने कहा कु इस वर्षा से रबी फसल की भारी क्षति हुई है ।उन्होंने कहा कि गेहूं पकने की स्थिति में है,और इस वर्ष की पानी से गेहूं की पौधे गिर जाएंगे ।जिसके कारण पाकी बालियां जमीन में गिरकर मिट्टी में मिलकर बरबाद हो जाएगा ।वही हरी सब्जियों में भी ओले पड़ने सेकाफी नुकसान हो जाएंगे ।बाजार में सब्जियों के सही भाव नही मिल पाएंगे।

### रामनवमी को लेकर निकाली कलश यात्रा



**केरेडारी ।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पांडू में छह दिवसीय रामनावमी पूजा के आयोजन को लेकर 21 मार्च को कलश यात्रा निकाली गई! कलश यात्रा की शुरूआत तरहेसा गांव स्थित शिव झरना से कलश में जल भरकर किया गया जो पांडू स्थित देवी मंडप में रखा गया। कलश यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु भक्त शमिल हुए! इस दौरान जय श्री राम हर हर महादेव के उदघोष से क्षेत्र गुंजायमान रहा। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधान सभा प्रभारी रौशन लाल चौधरी पुर्व मुखिया राकेश रंजन दुबे जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि प्रितम सिंह भोला महतो, मुखिया पति मो रब्बानी तापेश्वर महतो संदीप कुशवाहा पंकज साहा उपमुखिया अनिल राम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजुद थे।

### हुटपा में दो हांथियों ने किया फसलों को बर्बाद

दारू। सदर प्रखंड के हुटपा पंचायत के बनाहप्पा में सोमवार की रात्रि को झुंड से बिछड़े दो हाथियों ने दस्तक दी। अनुज यादव और सीबी सिंह के जमीन पर लगे कई एकड़ की फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया ।हांथीयों के आगमन की सूचना ग्रामीणों को मंगलवार की सुबह हुई जब ग्रामीणों ने हांथी द्वारा बर्बाद किये गए टमाटर और गेहू की बर्बाद फसल और हांथीयों के पैर के निशान को देखा। बस्ती में खबर आग की तरह फैल गई और लोगों के दिल मे डर समा गया। ग्रामीणों ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से हांथी दारू प्रखंड के कवालु, जिनगा, रामदेव खैरिका आदि जगहों में विचरण कर रहे है।

### साउंड बॉक्स और डीजे पर पूर्णत: प्रतिबंध

**हजारीबाग ।** रामनवमी पर्व के अवसर पर वाद्ययंत्रों के बजाने या प्रयोग करने पर लगे प्रतिबंध पर लोगों में व्याप्त संशय को लेकर जिला प्रशासन ने यह स्पष्ट किया है कि रामनवमी पर्व के दौरान साउंड बॉक्स या डीजे पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा। साथ ही जुलूस के दौरान चोंगा के प्रयोग या बजाने पर मनाही नहीं रहेगी।

# बाजार से अतिक्रमण हटाएं वरना होगी कार्रवाई : सीओ

## बरही में प्रशासन ने दुकानदारों को दी अंतिम चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही चौक के आसपास व चौक के समीप चारो रोड में सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने माइकिंग कर सड़क पर लगा रहे दुकानदारों, फल विक्रेताओं, सब्जी विक्रेताओं को चेतावनी देते हुए अतिक्रमण हटा लेने की चेतावनी दी। अतिक्रमण स्वेच्छा से नहीं हटाने पर दोषी लोगों पर जुमार्ना करते हुए प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। इस संबंध में बरही सीओ श्री टोप्पो ने पूरे बरही बाजार में माइकिंग कर तत्काल सभी स्थाई एवं अस्थाई दुकानों से अतिक्रमण हटा लेने का निर्देश दिया है ।इस बाबत अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने बताया कि रोड के किनारे खड़े



ऑटो, मोटरसाइकिल सबसे बड़ी बाधा बन रहे हैं ।बताते चलें कि बरही हजारीबाग रोड, धनबाद रोड व गया रोड में कोई ट्रैफिक व्यवस्था नही होने के कारण चौराहों पर मोटरसाइकिल व ऑटो ड्राइवर सवारी को देखते ही कही भी गाड़ी रोक देते हैं। यह नजारा पुलिस भी मूक दर्शक बनकर देखती रहती है ।वही सब्जी विक्रेता, ठेला खोमचा वाले सड़क पर सामानों को रखकर बेचते नजर आते है। इस कारण से ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है। गौरतलब है कि एक लाख से अधिक की आबादी वाले शहर में इन दिनों सैकड़ो मोटरसाइकिल और ऑटो की संख्या एक सौ आंकड़ा पार कर रही हैं। ऐसे में वाहन चालक में सवारी को लेकर मारामारी की स्थिति बनी रहती है। पहले सवारी बैठाने के चक्कर में वाहन चालक कहीं पर भी खड़े हो जाते हैं। चूंकि शहर की सड़के संकरी हैं। ट्रैफिक के नियम का कोई पालन नहीं करता, हर मुख्य सड़क पर दोनों ओर वाहन का आना जाना रहता है, ऐसे में जैसे ही ऑटो खड़ा होता है, ट्रैफिक जाम की स्थिति पैदा हो जाती हैं।

# बड़कागांव में अदाणी फॉउंडेशन ने 60 टीबी मरीजों को पोषण किट

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिए हुए टीबी के 60 इलाजरत मरीजों के बीच अंतिम चरण के पोषण किट का वितरण किया।

इससे पहले पांच चरणों के तहत इनके बीच पोषण आहार किट का वितरण किया जा चुका है। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत सोमवार को




बांटे गए इस किट में हॉर्लिक्स, च्वयनप्राश, दाल, चना, गुड़, मूंग और सरसो तेल जैसी आहार सामग्रियां शामिल थीं।

ये सभी मरीज आर्थिक रूप से कमजोर हैं, जिन्हें अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिया है ।बड़कागांव के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीएन प्रसाद ने कहा अदाणी फॉउंडेशन के इस प्रयास से टीबी के मरीजों की संख्या में कमी आएगी। हमारी इच्छा है कि अदाणी फाउंडेशन इस कार्यक्रम को लगातार जारी रखे, ताकि अधिक से अधिक टीबी मरीजों को इसका लाभ मिल सके। टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। इसका समय पर उपचार करवा लिया जाए तो इससे हमेशा के लिए छुटकारा मिल सकता है।

### सशक्त बूथ को लेकर भाजपा ने की बैठक

**बरही।** प्रखंड के दोनों मंडलों के अध्यक्षों की उपस्थिति में भाजपा बूथ सशक्तिकरण अभियान की समीक्षात्मक बैठक भाजपा वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह के आवास में मंडल प्रभारी रमेश सिंह के नेतृत्व में हुई। दोनों मंडलों से विभिन्न पंचायतों से बूथ की सूची सौपी गई। कहा कि सशक्त बूथ निर्माण ही मेरी प्राथमिकता है, जिससे मोदी जी फिर भारत के प्रधानमंत्री बने और हमारे देश का नेतृत्व करते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में कार्य करे। मौके पर मंडल प्रभारी रमेश सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, अमित साहू, पूर्वी मंडल अध्यक्ष बंधन यादव, महामंत्री कमल शंकर पंडित, रामचंद्र कुशवाहा, बब्लू सिंह, गौतम सिंह, कैलाश यादव, समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता रहे उपस्थित रहे।

# बभनवै में निकाली गई स्वच्छता जागरुकता रैली

**गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की ओर से चला सफाई अभियान**



खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग की एनएसएस इकाई की ओर से मंगलवार को स्वच्छता जागरुकता अभियान रैली निकाली गई।

स्वच्छता जागरुकता रैली में एनएसएस के कार्यकताओं ने आओ मिलकर कदम बढ़ाएं, भारत को स्वच्छ बनाएं...नारे लगाकर ग्रामीणों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। एनएसएस कार्यकताओं ने ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। कार्यकर्ताओं ने बभनवै पंचायत भवन से लेकर बभनवै हाई स्कूल तक सफाई अभियान चलाया। साथ ही विभिन्न जगहों पर ब्लीचिंग का छिड़काव किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव ने कहा कि हमें महात्मा गांधी के सपनों का भारत बनाना है। यह तभी संभव है, जब चहुंओर स्वच्छता होगी। इसमें प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। साथ ही इसकी पहल हम सभी को अपने-अपने घरों से शुरू करने की जरूरत है। इस अभियान का नेतृत्व एनएसएस समन्वयक एसएस मैती और गुलशन कुमार ने किया।

### यक्ष्मा उन्मूलन को ले कार्यशाला

**चरही।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरचू क्षेत्र के तहत हेल्थ वेलनेस सेंटर दिगवार सेंटर क्षेत्र के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय दिगवार में मंगलवार को राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया ।जिसमें मुख्य रूप से विद्यायल में अध्यनरत छात्र- छात्राओं को एसटीएस आंनद राणा व सीएचओ सुमन कुजूर के द्वारा बच्चों को टीबी जैसे बीमारी के बारे में कार्यक्रम का आयोजन कर जागरूक किया गया ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एसटीएस आनंद राणा ने कहा की टीबी जैसे बीमारी का सही इलाज से यह बीमारी छह माह के भीतर खत्म हो जाता है। टीबी बीमारी से बचाव व रोकथाम को लेकर विस्तारपूर्वक जानकारी बतलाया गया।

साथ ही टीबी बीमारी के लक्षण व इससे बचाव को लेकर जानकारी दी गई ।बस जरुरत है तो हम सभी को जागरूक होने की। श्री राणा ने कहा की गांव व आसपास के इलाके में जैसे ही टीबी बीमारी का लक्षण लगने लगे तुरन्त अपने नजदीकी अस्पताल में इसका जानकारी दे ताकि समय रहते आपका सही इलाज समय पर हो सके और मरीज इस बीमारी से बच सके। जबतक आमजन टीबी बीमारी को लेकर जागरूक नही होंगे, तब तक यह अभियान शत - प्रतिशत सफल नही हो पायेगा। वहीं सीएचओ सुमन कुजूर के द्वारा भी अध्यनरत बच्चों को टीबी बीमारी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

# जेएसपी बनाएगा अग्रिरोधी स्टील

**बासल (रामगढ़)।** जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिंदल स्टील एंड पावर को राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य के अनुरूप एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। उक्त जानकारी देते हुए जेएसपी के चेयरमैन नवीन जिंदल ने बताया कि बीआईएस (ब्यूरो अफ इंडियन स्टैंडर्ड) यानी भारतीय मानक ब्यूरो ने अग्निरोधी स्टील स्ट्रक्चर (फायर रेजिस्टैंट स्टील स्ट्रक्चर) तैयार करने के लिए जेएसपी के रायगढ़ स्टील प्लांट स्थित रेल मिल और स्पेशल प्रोफाइल मिल को देश का पहला लाइसेंस जारी किया है। आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करने की दिशा में सरकार का यह बड़ा कदम है क्योंकि हमारा देश अभी अग्निरोधी स्टील स्ट्रक्चर का आयात कर रहा है। आईएस 15103 मानकों के अनुसार निर्मित हट रोल्ड स्ट्रक्चरल स्टील का उपयोग उच्च तापमान या अग्नि संभावित क्षेत्रों में किया जा सकता है। इसे ऐसी तकनीक से तैयार किया गया

**आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करने की दिशा में सरकार का बड़ा कदम : जिंदल**



है कि यह 600 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान 3 घंटे तक सहन कर सकता है। स्टील स्ट्रक्चर तैयार करने में अग्नि सुरक्षा एक चुनौती रही है। देश में अग्निरोधी स्टील के उत्पादन से विभिन्न ढांचागत निर्माण में आसानी होगी। नई बीआईएस 15103 ग्रेड के उपयोग से औद्योगिक स्ट्रक्चर्स, तेल शोधक कारखानों, पुलों, मेट्रो परियोजनाओं और स्टील एवं बिजली उत्पादन प्लांटों के साथ-साथ अस्पतालों व वाणिज्यिक एवं आवासीय भवनों जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण में एक नए युग की शुरुआत होगी। जेएसपी के प्रबंध निदेशक बिमलेंद्र झा ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, अग्निरोधी स्टील उत्पादन के लिए जिन्दल स्टील एंड पावर को जो लाइसेंस दिया गया है, वह भारत के मूलभूत ढांचे और इसके सुरक्षा मानकों को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा। यह अग्नि सुरक्षा के प्रति लोगों में आत्मविश्वास पैदा करेगा और एक सुरक्षित आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। वाणिज्य भवन-नई दिल्ली में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर बीआईएस प्रमाण-पत्र प्रदान करने के लिए एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जिन्दल स्टील एवं पावर को यह लाइसेंस दिया। ओपी जिन्दल समूह का एक अंग जेएसपी दुनिया भर में 12 अरब अमेरिकी डलर के निवेश के साथ इस्पात, खनन और बुनियादी ढांचा क्षेत्र की एक अग्रणी एवं विश्वसनीय कंपनी है।

## स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में सीसीएल के अधिकारी की मौत और तीन गंभीर रूप से घायल

**रामगढ़।** रामगढ़-बोकारो मार्ग एनएच 23 लारी में मंगलवार को सड़क दुर्घटना में सीसीएल के एक अधिकारी की मौके पर मौत हो गई, वहीं तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें इलाज के लिए मेदांता अस्पताल भेज दिया गया है। बताया जाता है कि एनएच 23 के लारी में मंगलवार को एक ट्रक व कार में भिड़ंत हुई। इस घटना में सीसीएल के नए अधिकारी (प्रबंधन प्रशिक्षु- सेल्स एंड मार्केटिंग) अंकुर ठाकुर की मौत मौके पर हो गई। घटना में तीन लोग घायल हो गये। दुर्घटना में घायल हुए के सौरभ, उप प्रबंधक( सिविल), आशुतोष शरण, प्रबंधक, नीतीश बराल, प्रबंधक (उत्खनन) को इलाज के लिए मेदांता अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### सावित्री जिंदल का मना जन्मदिन




**बासल (रामगढ़)।** ओपी जिंदल समूह की चेयरपर्सन इमरिट्स सावित्री देवी जिंदल का जन्मदिन सोमवार को पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। जेएसपी पतरातु के संयंत्र प्रमुख आरके अजमेरिया ने आशा दी हप केन्द्र के दिब्यांग बच्चों के साथ जन्मदिन का केक काट कर तथा मिठाईयां बांट कर जन्म दिन मनाया।

**पटना उच्च न्यायालय**
**(नागरिक अपीलीय क्षेत्राधिकार)**

सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 5 नियम 20 के तहत सूचना।

प्रथम अपील संख्या 172/ 1977 अतिरिक्त उप न्यायाधीश नौ (Additional sub judge ix ) पटना (बिहार) के न्यायालय के शीर्षक वाद (Titel suit) संख्या 123/44 के 1968 /1975 से उत्पन्न।

श्री उमाशंकर चोपड़ा अपीलार्थी
बनाम
राम बचन मिश्रा और अन्य उत्तरदाता।

प्रतिवादी संख्या । (i) : श्री सुरेश मिश्रा, पुत्र स्वर्गीय राम बचन मिश्रा
प्रतिवादी संख्या । (ii): श्री शरद मिश्रा, पुत्र स्वर्गीय राम बचन मिश्रा
दोनों निवासी ग्राम धनंजयपुर, थाना-सिमरी, जिला-बक्सर।

जबकि उपरोक्त प्रथम अपील में, उपरोक्त प्रतिवादियों को साधारण और स्पीड पोस्ट के तहत अपील नोटिस तालीम नहीं किया जा सका। अतः इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस प्रथम अपील की सुनवाई के लिए 20/03/2023 निर्धारित किया गया है। यदि प्रतिवादी उक्त तिथि को या उससे पहले स्वयं किसी अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित नहीं होते हैं, तो उपरोक्त अपील पर सुनवाई की जाएगी उनकी अनुपस्थिति में पूर्व पक्षकार द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर दिनांक 04 /03/ 2023 के तहत जारी किया गया।

उपरजिस्टर
पटना उच्च न्यायालय

**ब-अदालत, आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, राँची**

**प्रेस नोटिस**
सर्वे अपील नं०-22/2015
गणेश मुण्डा
बनाम्
करमा मुण्डा एवं अन्य

नोटिस बनाम
1. करमा मुण्डा/पाहन, पिता-स्व० मोची मुण्डा/पाहन।
2. लीला मुण्डा/पाहन, पिता-स्व० मोची मुण्डा/पाहन।
3. गन्दरू मुण्डा/पाहन, पिता-स्व० मादी मुण्डा/पाहन।
4. छट्टू मुण्डा/पाहन, पिता-स्व० मादी मुण्डा/पाहन।
5. तुरी मुण्डा/पाहन, पिता- मुण्डा/पाहन।
6. लखी राम मुण्डा/पाहन, पिता-मुण्डा/पाहन।
7. दुगू मुण्डा/पाहन, पिता-मुण्डा/पाहन।
ग्राम- सरवल, पो०+थाना-नामकुम, जिला-राँची।

इस प्रेस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि आयुक्त न्यायालय के सर्वे अपील संख्या-22/2015 गणेश मुण्डा बनाम् करमा मुण्डा एवं अन्य में मौजा-सरवल, पो०+थाना-नामकुम, जिला-राँची के खाता संख्या-159, खेवट नं०-2 के कुल 13.11 एकड़ विवादित भूमि से संबंधित मामले का दिनांक-06.04.2023 को पूर्वा०-10.30 बजे सुनवाई किया जायेगा। उक्त तिथि को आप साक्ष्य के साथ स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखे। उक्त तिथि को उपस्थित नहीं होने पर न्यायालय जो उचित समझेगा आदेश पारित करेगा।

यह नोटिस आयुक्त के आदेश से मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर द्वारा निर्गत।

अवर सचिव, न्याय शाखा
आयुक्त कार्यालय,
दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, राँची

PR 293254 District (22-23)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल,खूंटी**

**सूचना**

पी.आर. सं.-292661(Minor Irrigation) 22-23(D)के द्वारा प्रकाशित इस कार्यालय का ई० निविदा संख्या-WRD/MID/KHUNTI/F$_2$-21/2022-23 दिनांक-14.03.2023 को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,खूंटी

PR 293221 (Minor Irrigation)22-23*D

**ब-अदालत, आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, राँची**

**प्रेस नोटिस**
सर्वे अपील नं०-54/2018
गीता राय बनाम् प्रसन्न नारायण

नोटिस बनाम
1. श्रीमति प्रसन्न नारायण, पति-विरेन्द्र राम, ग्राम-सिंह मोड़ हेसल रोड नं०-3, पो०-जगरन्नाथपुर, जिला-राँची।

इस प्रेस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि आयुक्त न्यायालय के सर्वे अपील संख्या-54/2018 गीता राय बनाम् प्रसन्न नारायण में मौजा-उसामातु, थाना-रातु, थाना नं०-61 के खाता नं०-39, प्लॉट नं०-416, रकवा-95 डि० विवादित भूमि से संबंधित मामले का दिनांक-11.05.2023 को पूर्वा०-10.30 बजे सुनवाई किया जायेगा। उक्त तिथि को आप साक्ष्य के साथ स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखे। उक्त तिथि को उपस्थित नहीं होने पर न्यायालय जो उचित समझेगा आदेश पारित करेगा।

यह नोटिस आयुक्त के आदेश से मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर द्वारा निर्गत।

अवर सचिव,
न्याय शाखा
आयुक्त कार्यालय,
दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, राँची।

PR 293253 (District) 22-23 (D)

**कार्यालय- समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा।**
**(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

**प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछडी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना हेतु आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना**

(P.R No.- 292650)

**आम सूचना**

निदेशानुसार शैक्षणिक सत्र-2022-23 के लिए झारखण्ड राज्य एवं राज्य के बाहर नामांकन लेने वाले छात्र-छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई-कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना के अन्तर्गत प्रक्रियात्मक कार्रवाई से संबंधित पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन (P.R No.- 292650) के क्रम में पूर्व में निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए निम्न प्रकार तिथि विस्तारित की जाती है :-

ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :-

| क0 | प्रकियात्मक कार्रवाई | ई-कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई-कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि | 27.03.2023 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र-2022-23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रकिया की तिथि | 10.04.2023 |
| 3 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि | 11.04.2023 |

अन्य दिशा निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार Website-ekalyan.cgg.gov.in पर उपलब्ध है।

ह0/-
जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 293259 (Lohardaga) 22-23 (D)

स्पीड न्यूज

## हाइवा की चपेट में आने से दो की मौत




कुड़ू लोहरदगा। कुड़ू-लोहरदगा मुख्य पथ पर कड़ाक पुलिया के समीप हाइवा तथा स्कूटी की भिड़ंत में एक नाबालिग सहित दो छात्रों की मौत हो गयी। वहीं एक छात्र गंभीर है। कुड़ू सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया है। मृतक थाना क्षेत्र के हेंजला कालीपुर के नवीन यादव तथा ज्योतिष किंडो हैं। वे चंदवा थाना क्षेत्र के बेतर नावाटांड़ निवासी मयंक सिंह लोहरदगा से स्कूटी (जेएच 01 ईजी 4159) से कुड़ू आ रहे थे। जहां कुड़ू से चिप्स लोड कर लोहरदगा की तरफ जा रही हाइवा (जेएच 01 बीटी 3100) से टकरा गये।

## सारथी योजना : सहियाओं के लिए कई कार्यक्रम



गुमला। श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग गुमला ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत सहियाओं के लिए कौशल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नियोजन कार्यालय परिसर में किया। जिसमें मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत सहियाओं को जागरूक किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी राम बारी ने बताया कि सहियाओं के लिए तीन माह का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस दौरान सहियाओं को स्टेपन भी मिलेगा। कार्यक्रम में कई सहिया उपस्थित थी।

## भाजपा के प्रथम जिलाध्यक्ष का निधन



गुमला। भाजपा के स्थापना काल के प्रथम जिलाध्यक्ष व तीनों विधानसभा में पार्टी को उम्मीदवार देने वाले एवं गुमला बार एसोसिएशन के पांच बार अध्यक्ष रहे स्वरूप कुमार के निधन पर भाजपा गुमला में शोक की लहर है। जिलाध्यक्ष अनुपचंद अधिकारी ने कहा कि उनका भाजपा के लिए योगदान व मार्गदर्शन हमेशा याद रहेगा। पार्टी उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है। शोक व्यक्त करने वालों में जिलाध्यक्ष अनूप चंद अधिकारी, सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव, डॉ अरुण उरांव, पूर्व विधायक जीतवाहन बड़ाईक, कमलेश उरांव, शिव शंकर उरांव, भिखारी भगत, मुनेश्वर साहू, भूपन साहू, शिव प्रसाद साहू आदि शामिल थे।

## मोबाइल मेडिकल यूनिट हुआ रवाना

चैनपुर। चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र से मंगलवार को बीडीओ डॉ शिशिर सिंह, प्रमुख ओलिवा कांता तथा चिकित्सा प्रभारी ने हंस फाउंडेशन के मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मोबाइल मेडिकल यूनिट वर्तमान में चैनपुर प्रखंड के 20 राजस्व ग्राम में लोगों को चिकित्सीय जांच व दवाओं की निशुल्क सुविधाएं मुहैया करायेगी। इन मेडिकल वैन में मेडिकल ऑफिसर, फार्मेसिस्ट, लैब टेक्नीशियन और एएनएम की टीम रहेगी जो प्रतिदिन गांव गांव जाकर मरीजों का जांच तथा इलाज के साथ-साथ दवाइयां भी उपलब्ध करायेगी। प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर गुलशन कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में यह मेडिकल कैंप की तरह होगा। मौके पर अंचलाधिकारी गौतम कुमार तथा चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## तिलावते कुरान में प्रथम स्थान पर अर्श अली और द्वितीय रहे तैयबा परवीन



गुमला। आजाद बस्ती स्थित मदीना मस्जिद में संचालित मकतब ए दिनयात में शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के बीच प्रतियोगिता मदीना मस्जिद कमेटी ने की। मकतब में शिक्षा प्राप्त कर रहे तकरीबन 80 बच्चों के बीच तिलावते कुरान, नात शरीफ, तकरीर, हदीश शरीफ और दो बच्चों के बीच सवाल जवाब जैसे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तिलावते कुरान में प्रथम स्थान पर अर्श अली रहे वहीं दूसरे स्थान पर तैयबा परवीन व तीसरे पर आतिफ मुजाहिद रहे। मौके पर मदीना मस्जिद के ईमाम उबैदुर्रहमान कासमी,कारी अब्दुल रसीद, हाफिज शमशेर, नगर परिषद उपाध्यक्ष कलीम अख्तर, अधिवक्ता शाहिद आजमी, मो शहाबुद्दीन, साजिद अख्तर व मास्टर एहसान थे।

## लैंगिक असमानता और नशापान खत्म करने की लोगों को दिलायी गयी शपथ



डुमरी। डुमरी प्रखंड के बड़ाकटरा एवं मझगांव डांडटोली गांव में किशोर समूह के बालकों ने समाज कल्याण विभाग एवं सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के सहयोग से महिला-पुरुष समानता और नशा पान के दुष्परिणाम विषय पर ग्रामीणों के बीच जागरूकता लाने हेतु नुकड़ नाटक किया। जिसमें दिखाया गया कि किस तरह एक महिला बाहर के काम के साथ घर का भी सारा कार्य करती है और एक पुरुष हमेशा यही सोचता है कि घर के काम में हाथ बंटाना हम पुरुष के प्रतिष्ठा के विरुद्ध है पर बेटी के समझाने पर पिता को यह एहसास होता है कि पुरुष को भी घर के काम में हाथ बंटाना चाहिए। मौके पर सी 3 इंडिया के प्रखण्ड समन्वयक मुकेश उरांव, सेविका लीलावती एक्का, रामसती देवी मौजूद थे।

## विद्या मंदिर का वार्षिक परीक्षाफल घोषित



लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर मे कक्षा 6 से 9 तक के भैया-बहनों का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। मौके पर कक्षाश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया- बहनों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार दे करके उनका उत्साहवर्द्धन किया गया। मौके पर भैया बहनों के सर्वांगीण विकास का मूल्यांकन करते हुए उन्हें अनुशासन, उपस्थिति एवं वेश के लिए भी पुरस्कार प्रदान किया गया। विषयश: अधिकतम प्राप्तांक प्राप्त करने वाले भैया बहनों को एवं पूरे विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले भैया एवं बहन को भी पुरस्कार प्रदान करके उन्हें आगामी कक्षा में और अधिक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरणा दी गई। अतिथियों का परिचय एवं सम्मान कराते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन दास ने कहा कि विद्यार्थियों को सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक दोनों परीक्षा से गुजरने के बाद जीवन के परिणाम से मूल्यांकन करना चाहिए।

# ड्रोन कैमरा और सीसीटीवी से होगी जुलूस की निगरानी

■ त्योहारों के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

■ आपसी भाईचारे व सदभावना के साथ मनायें त्योहार : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। सरहुल, रामनवमी एवं रमजान पर्व को लेकर उपायुक सुशांत गौरव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सूचना भवन सभागार में हुई। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित लोगों से अनुरोध किया कि जिले में सभी मिल जुलकर शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनायें। उन्होंने कहा कि गुमला में आपसी सौहार्द के साथ सभी पर्व त्योहार मनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को विधि व्यवस्था के लिए जरूरी निर्देश दिये जा चुके हैं।

जुलूस और रैली के दौरान आमलोगों को किसी तरह की कोई समस्या न हो, इसके लिए प्रशासन व सिविल सोसाइटी के लोगों द्वारा हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उपायुक्त ने शांति समिति के सदस्यों से कहा कि विधि व्यवस्था बनाने में प्रशासन की मदद करें तथा किसी तरह की अप्रिय संभावना की स्थिति में पुलिस प्रशासन से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा जुलूस के दौरान पेयजल व चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था रहेगी। एसपी ऐहतेशाम वकारीब ने कहा कि विधि व्यवस्था को देखते हुए जिला पुलिस बखूबी मुस्तैद रहेगी।



सरहुल, रामनवमी और रमजान को लेकर आयोजित बैठक में शामिल डीसी, एसपी व अन्य।

### अनुशासित भाव से शहर की शांति व्यवस्था में सहयोग देते हुए पूरे हर्षोल्लास से पर्व मनायें

शहर के चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरों की नजर है इसलिए सभी लोग अनुशासित भाव से शहर की शांति व्यवस्था में अपना सहयोग देते हुए पूरे हर्षोल्लास से पर्व मनायें। त्योहारों के दौरान किसी भी दूसरे धर्म, संप्रदाय व समुदाय के लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से कोई ठेस न पहुंचे इसका सभी लोग ध्यान रखेंगे। इसकी उन्हें पूरी आशा है। सोशल मीडिया पर कड़ी नजर होने की बात कहते हुए एसपी ने लोगों से अपील की कि फोटो और पोस्ट सोच समझकर डालें। उपायुक्त ने शांति समिति के सदस्यों से प्राप्त प्रस्तावों व सुझाव पर अमल करने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को यथोचित निर्देश दिये। उन्होंने डीजे बजाने तथा नशीले पदार्थों के सेवन को लेकर अपना स्पष्ट संदेश देते हुए एहतियाती तौर पर कहा कि हमें कोई भी ऐसा काम नहीं करना चाहिए जो खुद के परिवारों के साथ साथ दूसरों के लिए भी कष्टकारी साबित हो। बैठक के दौरान साफ सफाई, जलापूर्ति, बिजली व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था आदि को लेकर सुझाव मिले। बैठक में नप अध्यक्ष दीपनारायण उरांव, उपाध्यक्ष कलीम अख्तर, अपर समाहर्ता, एसडीओ, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, डीसी एलआर, कार्यपालक पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, थाना प्रभारी समेत कई अधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

# पिछड़ों को आरक्षण दिलाने को सड़क पर उतरेगा संघर्ष मोर्चा

■ आरक्षण नहीं मिलने पर किसी भी चुनाव में वोट नहीं करने का लिया गया निर्णय

■ गुमला से आंदोलन का बिगुल फूंकने का निर्णय

■ पिछड़ी जाति संघर्ष मोर्चा की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। राज्य के 7 जिलों में रोस्टर प्रणाली में पिछड़ी जाति को आरक्षण शून्य किये जाने को लेकर मंगलवार को पिछड़ी जाति संघर्ष मोर्चा गुमला की बैठक स्थानीय रौनियार धर्मशाला गुमला में संपन्न हुई। बैठक में कहा गया कि राज्य सरकार कानून में संशोधन लाकर पिछड़ों को तत्काल आरक्षण दे। आरक्षण नहीं मिलने की स्थिति में पिछड़ी जाति के लोग सड़क पर उतरकर जोरदार आंदोलन करेगा। साथी जेल भरो आंदोलन भी किया जाएगा। सरकार मांग नहीं मानी तो सड़क जाम भी करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में पिछड़ों को नया देने के लिए न्यायालय का सहारा लेने का भी निर्णय लिया गया और कोर्ट में रोस्टर प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर केस दर्ज करने की बात कही गई है। वहीं बैठक में सदस्यों ने कहा कि सरकार उनकी मांगे नहीं मानती है तो राज्य के 7 जिलों में पिछड़ी जाति के लोग किसी भी तरह के चुनाव में वोट का बहिष्कार करेंगे और यह निर्णय तब तक जारी रहेगा जब तक रोस्टर प्रणाली में सुधार नहीं हो जाता।



बैठक में शामिल पिछड़ी जाति संघर्ष मोर्चा के सदस्य।

**खास बातें :** बैठक में आंदोलन को धारदार बनाने के लिए राज्य के सभी 7 जिलों से समन्वय स्थापित कर लोगों को जागरूक करने और आंदोलन के लिए प्रेरित करने का निर्णय लिया गया है। आंदोलन का बिगुल गुमला जिला से ही फूंकने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए गांव-गांव में प्रचार प्रसार कर पिछड़ी जाति को जागरूक भी किया जाएगा। आंदोलन की रूपरेखा बनाने के लिए 25 मार्च को रौनियार धर्मशाला में पिछड़ा जाति संघर्ष मोर्चा की बैठक आहूत की गई है। बैठक में मुनेश्वर साहू, उदासन नाग, श्याम सुंदर साहू, प्रोफेसर भूषण महतो, दिलीप नाथ साहू, चंद्र मोहन प्रसाद, शिवदयाल गोप, अनमोल गुप्ता, विनोद प्रसाद गुप्ता, राम साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

### केंद्रीय महावीर मंडल के मुख्य कार्यालय का हुआ उद्घाटन

# नवकन्याओं के प्रवेश के साथ धूमधाम से रामनवमी मनाने का लिया संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। जिला केंद्रीय महावीर मंडल के कार्यालय का उद्घाटन पारंपरिक रीति से हुआ। शहर के संकट मोचन मंदिर के सामने, बालिका स्कूल रोड, गुदरी बाजार में केंद्रीय महावीर मंडल के कार्यालय का उद्घाटन श्रीफल तोड़कर और भगवान श्रीराम की तस्वीर पर पुष्पांजलि व आरती कर किया गया। नवकन्याओं का कार्यालय में सर्वप्रथम प्रवेश करवाया गया। केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष रोहित कुमार ने उपस्थित अभिवावकों व सदस्यों तथा पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि परंपरा अनुसार रामनवमी त्योहार को उल्लास पूर्ण माहौल में सभी के सहयोग से धूमधाम से मनाया जायेगा।



जिला केंद्रीय महावीर मंडल के कार्यालय का उद्घाटन करते अतिथि।

**खास बातें :** रामनवमी की शोभायात्रा अनुशासन के साथ सम्पूर्ण सनातन समाज को एकजुट कर इतनी बड़ी संख्या के साथ निकाला जायेगा कि वह लोहरदगा जिला के लिये इतिहास होगा। जबकि सप्तमी, अष्टमी, दशमी व एकादशी का अस्त्र शस्त्र परिचालन, बाजा व झांकी प्रतियोगिता भी पूर्व के भांति आयोजित की जायेगी। जिसमें अधिक से अधिक अखाड़ा भाग ले यह भी अखाड़ों में घूमकर किया जायेगा। अखाड़ा के प्रतिनिधियों से आग्रह किया गया कि ढोल ताशों को बजाने के साथ अस्त्र शस्त्र परिचालन अभ्यास भी आरंभ कर दें व प्रत्येक मंगलवार को अपने मुहल्ले से मंगलवारी जुलूस निकालने का प्रयास करें। इस समारोह में मुख्य संरक्षक ओमप्रकाश सिंह, मदन मोहन पाठक, मोहन दुबे, सूरज अग्रवाल, संरक्षक परमेश्वर साहू, राजकिशोर महतो, रितेश कुमार, विनोद राय, विनोद उरांव गुड्डू, प्रेमकिशोर प्रजापति, कंवलजीत सिंह, चंद्रशेखर प्रसाद अग्रवाल, चंद्रशेखर मेहता चंदू, सुमित राय, अशोक घोष, अशोक साहू, राजू साहू, सत्यकेतु प्रजापति, उत्तम शर्मा, संजय बर्मन, जिला महामंत्री जागेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष हिमांशु केशरी, उपाध्यक्ष चंदन गोयल, सुनील अग्रवाल, कपिलदेव मिश्रा, निश्चय वर्मा, सचिव आकाश पंकज थे।

## गुमला : सीएसआर मामलों को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न

›› 15 जून तक सीएसआर के तहत हो रहे कार्यों को करें पूर्ण : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में मंगलवार को सीएसआर मामलों को लेकर कंपनी तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर सीएसआर कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से सीएसआर हिंडालको कंपनी अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के विकास करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया। पूर्व में दिये गये निर्देश के आलोक में प्रबंधक (सीएसआर) हिंडाल्को कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022 -23 में शिक्षा, स्वास्थ्य, विभिन्न संरचनाओं के निर्माण को लेकर कार्य किया गया है। इसके अलावा टीवी मरीजों को गोद लेने, बांस कारीगरों के बीच टूल किट वितरण, एंबुलेंस संचालन, स्कूल बस संचलन जैसे कार्य भी सीएसआर मद से किये जा रहे हैं।

## भाजपा के कारण राजनीति मर्यादा और सुचिता में लगातार गिरावट : सुखैर भगत

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर दिल्ली पुलिस के द्वारा कांग्रेस के सम्मानित नेता राहुल गांधी के घर भेज कर पूछताछ कराना पीएम मोदी का तानाशाह और हताशा का परिचायक बताते हुए इसी मुद्दे के विरोध में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के नेतृत्व में कांग्रेसियों के द्वारा शहर के पावरगंज चौक में देश के गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। कहा कि भाजपा की कार्यशैली से वर्तमान राजनीति मर्यादा और सुचिता में गिरावट की आखरी पायदान है। कहा कि भारत जोड़ो पदयात्रा के दौरान रास्ते में राहुल गांधी से मिलने वाली महिलाओं ने अपने दुःख दर्द, उत्पीड़न एवं अत्याचार को साझा किया। और उसके आधार पर 45 दिनों के बाद राहुल गांधी के वक्तव्यों पर पुलिस भेजना कायरतापूर्ण और तानाशाही कार्रवाई नहीं तो और क्या है?

## भंडरा पंसस ने बीडीओ पर लगाया गंभीर आरोप

›› उपायुक्त को दिया आवेदन, बीडीओ ने आरोप को बताया निराधार

भंडरा। भंडरा पंचायत के पंसस प्रतिमा उरांव ने भंडरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी रणजीत कुमार सिन्हा पर अभद्र भाषा और अपमानित करने का आरोप लगाया। इस संबंध में पंसस ने उपायुक्त से लिखित शिकायत की है। पंसस ने आवेदन में कहा है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में 15वें वित्त योजना के संबंध में चर्चा की तो उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और अपमानित किया। पंसस ने कहा कि पंचायत के जनप्रतिनिधि के साथ इस तरह का बर्ताव किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस संदर्भ में बीडीओ रणजीत कुमार सिन्हा से पूछे जाने पर कहा कि भंडरा पंचायत के पंसस के आरोप गलत और बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि भंडरा पंसस अपने पति के साथ मिल कर 15 वे वित्त योजना का कार्य अपने तरीके से नियमों को ताक मे रख कर कराना चाहते थे। मेरे द्वारा योजनाओं के चयन मे पारदर्शिता एव नियमों से करने की बात कही गयी। इसी वजह से पंसस क्षुब्ध होकर इस तरह का मनगढ़ंत आरोप लगा कर मेरी प्रतिष्ठा धूमिल कर रही है। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि का अपमान नहीं किया गया है।

## कर्मचारी ईमानदारी से करें कार्य, नहीं तो कार्रवाई



›› : बीडीओ ने प्रखंड में संचालित योजनाओं की समीक्षा की

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड सभागार में बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मनरेगा, आवास, केसीसी, 15 वें वित्त का समीक्षा की गयी। आवास योजना की समीक्षा करते हुए बीडीओ ने कहा कि आवास में मनरेगा के तहत मजदूरी का अंश प्राप्त करने के लिए डिमांड डालें और अधूरा पड़े आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करें। समीक्षा के बाद बीडीओ ने संबंधित कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी लम्बित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए और कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने कहा कि कर्मचारी अपना काम ईमानदारी के साथ करे, वरना कार्रवाई के लिए तैयार रहें। बैठक में मुख्य रूप से कान्ति कुमारी हुलेश साहू, मनोज कुमार, बानेश्वर भगत, रविन्द्र बड़ाइक सहित कई लोग उपस्थित थे।

## घाघरा में 27 मार्च को लगेगा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ घाघरा बीडीओ ने की समीक्षा बैठक



घाघरा। प्रखंड में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला के आयोजन को लेकर मंगलवार को बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने अपने कार्यालय कक्ष में बैठक किया। बैठक में चिकित्सा विभाग के पदाधिकारी के अलावे बीस सूत्री अध्यक्ष जयसमीर कुजुर मौजूद थे। इस दौरान बीडीओ ने कहा आगामी 27 मार्च को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा के प्रांगण में किया जायेगा। जिसमें 15 स्टाल लगेंगे। सभी स्टाल में विभिन्न रोगो से संबंधित डॉक्टर उपस्थित होंगे। जहां मरीजों का निःशुल्क इलाज होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिक लोगों तक स्वास्थ्य मेला का जानकारी पहुंचाने का निर्देश आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, मुखिया व पंचायत सचिव के अलावे जनप्रतिनिधियों को दिया

## चार अप्रैल से होगी चयन प्रतियोगिता

गुमला। हॉकी झारखंड के निर्देश पर राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट अंडर 17 बालिका वर्ग का 7 अप्रैल से रांची में होगा। जिसे लेकर गुमला जिला टीम चयन हेतु 4 से 5 अप्रैल को गुमला के संत इग्नासियुस स्कूल एस्ट्रोटर्फ मैदान में प्रतियोगिता रखी गयी है। जिसमें भाग लेने के लिए खिलाड़ियों से 30 मार्च तक नामांकन की अपील की गयी है। इसी प्रकार अंडर-17 बालक वर्ग का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता खूंटी में 21 अप्रैल आयोजित किया गया है। जिसको लेकर 15 अप्रैल से 16 अप्रैल को संत इग्नासियुस एस्ट्रोटर्फ मैदान में जिला स्तरीय चयन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है।

## एक्सिस बैंक के एटीएम बंद होने से लोग परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता




भंडरा। भंडरा में संचालित एक्सिस बैंक का एटीएम को एक्सिस बैंक प्रबंधन द्वारा बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 1 सप्ताह से एटीएम में बैंक द्वारा राशि नहीं डाली जा रही है। जिससे एक सप्ताह से एटीएम बंद है। बैंक प्रमाण प्रबंधन के एटीएम बंद करने के निर्णय से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि सरकार पेटीएम सहित बैंकिंग सेवाओं का विस्तार कर रही है इसके विपरीत एक्सिस बैंक के एटीएम को बंद करने से लोगों की सुविधा में कमी आयेगी और लोग परेशान हो जायेंगे। एक्सिस बैंक के एटीएम से उन्हें पर्याप्त सुविधा मिलता था। भंडरा में संचालित अन्य दो एटीएम बैंक ऑफ इंडिया एवम एसबीआई का एटीएम बैंकिंग कार्यअवधि और बैंकिंग के दिन ही चलता था।

# 14वें वित्त आयोग की राशि से करायी जायेगी खराब जलमीनारों की मरम्मत

■ जिला परिषद की बैठक में लिये गये कई निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। जिला परिषद् अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद् की बैठक जिला परिषद कार्यालय स्थित सभागार में हुई। जिसमें विगत 24 जनवरी को हुई बैठक में दिये गये निर्देशों व उसके अनुपालन की समीक्षा हुई, साथ ही कई निदेश दिये गये।

जिसमें जिला में पेयजलापूर्ति हेतु खराब जलमीनारों की मरम्मत का कार्य 14वें वित्त आयोग में उपलब्ध राशि से कराये जाने का निर्देश सभी बीडीओ को दिया गया। मसमानो पंचायत के ग्राम बुड़का केंद टोली में पेयजलापूर्ति हेतु बोरिंग का कार्य पूर्ण कर मोटर अधिष्ठापन को कहा गया।

कस्तूरबा विद्यालय, कैरो भवन तक पहुंच पथ निर्माण हेतु ग्रामीणों के साथ बैठक करने का निर्देश बीडीओ को दिया गया। इस बैठक में जिला परिषद सदस्य, कैरो और अंचल अधिकारी, कैरो भी उपस्थित रहेंगे। स्वास्थ्य उपकेंद्र, गितिलगढ़ के भवन की स्थिति बेहद खराब होने की शिकायत पर सिविल सर्जन, लोहरदगा को संबंधित जिप सदस्य के साथ पुनः जांच का निर्देश दिया गया।




जिला परिषद की बैठक में मौजूद लोग।

**खास बातें :** कैरो प्रखंड के ग्राम-खंडा में निर्माणाधीन पीसीसी पथ का कार्य संवेदक को अगले एक सप्ताह में पूरा करने को कहा गया। ऐसा नहीं होने पर संवेदक को काली सूची में डालने का निर्देश जिला अभियंता, जिप लोहरदगा को दिया गया। उक्त पथ की जांच कार्यपालक अभियंता, आरईओ, लोहरदगा से करने का निर्देश दिया गया। उक्त जांच में संबंधित जिप सदस्य व जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। बैठक में डीडीसी ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि किसी भी योजना की जांच में संबंधित प्रखंड के जिप सदस्य, प्रमुख आदि को जरूर सूचित करें ताकि वे आश्वस्त हो सकें। बैठक में सेन्हा प्रखंड कार्यालय परिसर में जिप की दुकान निर्माण, सेन्हा के घाटा, गगेया ग्राम में खराब ट्रांसफार्मर बदलने का निर्णय लिया गया।

## लोहरदगा : नववर्ष विक्रम संवत को लेकर तैयारी पूरी, आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा



जय श्रीराम समिति की बैठक में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। जय श्रीराम समिति की बैठक जिला कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में सभी संगठन के पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में 22 मार्च नववर्ष विक्रम संवत शोभा यात्रा को लेकर खास चर्चा की गई। जिसमें सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने शोभा यात्रा को भव्य बनाने हेतु अपना अपना विचार दिये।

हो कि नववर्ष के अवसर पर जय श्रीराम समिति के द्वारा ललित नारायण स्टेडियम से भव्य शोभायात्रा प्रातः 11 बजे निकाली जा रही है। जो नगर भ्रमण कर पुनः ललित नारायण स्टेडियम में संपन्न होगी। जिसमें काफी संख्या में सनातन धर्मलंबी शामिल होंगे, तत्पश्चात भव्य भंडारा एवं भक्ति जागरण का आयोजन होगा। इस दौरान जगह जगह पानी शरबत की व्यवस्था एवं शोभा यात्रा के दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा की जायेगी। मौके पर विश्व हिंदूपरिषद,केंद्रीय महावीर मंडल,सरना सनातन, योगी सेना एवं जय श्रीराम समिति के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## हल्की बारिश से सड़क पर जलजमाव

**सिमरिया।** प्रखण्ड के सलगी जबड़ा मुख्य पथ का हाल ये है कि हल्की बारिश से ही रास्ता इतना खराब हो गया है कि राहगीरों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है। रोड पहले से जर्जर था ही ऊपर से पानी पाइप बिछाने के लिए सड़क को काटा गया जिससे हल्की बारिश से ही पूरा सड़क किचड़ व टापू में तब्दील हो गया है। इस सड़क की मरम्मती की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन भी किया है। इधर कार्यपालक अभियंता ने बताया कि उक्त सड़क मरम्मती का प्रस्ताव प्रशासनिक स्वीकृति के लिए रांची भेज दिया गया है। प्रशासनीक मिलते ही टेंडर प्रक्रिया पुरी कर मरम्मती कार्य आरंभ कर दी जाएगी।

## डीसी ने अम्बेडकर भवन का किया निरीक्षण

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने मंगलवार को एस एच उच्च विद्यालय स्तिथ अम्बेडकर भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में अम्बेडकर भवन के जीर्णोद्धार करने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उक्त मौके पर अम्बेडकर भवन को सक्रिय सभागार के रूप में विकसित करने हेतु कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय झा को आकलन रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। उक्त निरीक्षण के क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय कुमार झा उपस्थित थे।

## रामनवमी पूजा को लेकर समिति ने की बैठक

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में रामनवमी पूजा समिति व महावीर झंडा समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों के चयन एवं पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर सोमवार देर शाम बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा धूमधाम से मनाने व रामनवमी के दिन विभिन्न अखाड़ा कमेटियों द्वारा नवीनतम झांकी निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक की अद्यक्षता रविशंकर तिवारी उर्फ मंटू तिवारी एवं संचालन पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने की। मौके पर अवध किशोर सिंह, रंजीत कुमार सिंह, प्रदीप सिन्हा, मनोज सिंह, शतीस सिंह, सकलदेव सिंह, बिशुन साव, जगदीश सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## उपायुक्त के जनता दरबार में उमड़े फरियादी

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमे दूरदराज से आये ग्रामीणों ने बारी बारी से अपनी अपनी समस्याओं को रखा और उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की। इस पर उपायुक्त श्री रंजन ने फरियादियों को जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए उनके आवेदनों को सम्बंधित विभाग के पदाधिकारियों को प्रेषित कर मामले की जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में दुकान खाली नही करने, जंगली हाथियों द्वारा फसल नष्ट करने, भूमि विवाद आदि से सम्बंधित मामले आये।

## कोडरमा थाना के चलाया वाहन जांच अभियान

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निदेशानुसार थाना प्रभारी द्वारिका राम के नेतृत्व में मंगलवार को कोडरमा थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहन चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट व वाहन संबंधित जरूरी कागजात की गहनता से जांच की गई। वहीं कई वाहन चालकों से चलाना काटा गया।

## बन्द पड़े वाटर एटीएम को पुनः चालू करने की मांग की

**कोडरमा।** विधानसभा बजट सत्र के दौरान कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने जिले में बंद पड़े वाटर एटीएम का मामला सदन ने उठाते हुए कहा कि कोडरमा विधानसभा क्षेत्र अंतगर्त जनहित को देखते हुए विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर विधायक मद से वाटर एटीएम स्थापित किया गया था, जिससे आमजनों, दुकानदारों और राहगीरों को मात्र एक रुपये में शुद्ध पेयजल प्राप्त होता था, इस व्यवस्था से स्थानीय लोगों को भी काफी सुविधा होती थी।

# 31.250 किलोग्राम गिला अफीम व 22.700 किलोग्राम डोडा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिमरिया।** कुंदा पुलिस ने मंगलवार भारी मात्रा में अवैध अफीम और डोडा के साथ पिता पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने 31.250 किलो ग्राम अवैध अफीम और 22. 700 किलोग्राम डोडा जब्त किया है। गिरफ्तार तस्करो में बनियाडीह के सखुआ टोला निवासी शंभू गंझु और उसके पुत्र बिगन गंझु शामिल है। पुलिस ने शंभू गंझु के घर से 28 किलो 700 ग्राम अफीम और 22 किलो 700 ग्राम डोडा बरामद किया। जबकि एक अन्य भोला यादव के घर से 2 किलो 550 ग्राम अफीम बरामद किया है। यह जानकारी अनुमंडल पुलिस कार्यालय में एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कुन्दा थानान्तर्गत शम्भू गंझू अवैध अफीम और डोडा का खरीद-बिक्री करने के लिए अपने घर में छुपाकर रखा हुआ है। प्राप्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी खगेश कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी दल ने शम्भू गंझू के घर का छापामारी कर उसके घर से अवैध अफीम एवं डोडा के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि छापामारी के क्रम में ही वरीय पदाधिकारी के द्वारा छापामारी दल को सूचित किया गया कि ईचाक गांव निवासी भोला यादव के घर में भी अवैध गीला अफीम खरीद बिक्री करने के लिए रखा हुआ है।

भोला यादव के घर पर छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में भोला यादव के घर से स्टील केन सहित करीब 2.550 किलोग्राम अवैध गीला अफीम बरामद किया गया। जिसमें भोला यादव झाडी का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। एसडीपीओ ने बताया कि तस्करो के खिलाफ कुंदा थाना कांड संख्या 23/23 के तहत एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। कांड में संलिप्त अन्य लोगों के विरुद्ध अनुसंधान एवं सघन छापामारी की जा रही है। प्रेस कांफ्रेंस में थाना प्रभारी परमानंद मेहरा, छापेमारी टीम में कुंदा बीडीओ के अलावा एएसआई मदन कुमार सिंह, थाना सशस्त्र बल सहित सैंट- 83 मांझीपाडा पिकेट के जवान शामिल थे।

## डीसी ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने मगंलवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस निरीक्षण के क्रम में सदर अस्पताल में मौजूद सभी सुविधाओ एवं व्यवस्थाओ की क्रियाशीलता का सघन रूप से जांच किया। विभिन्न वार्डों का निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त प्रसूति कक्ष पहुंचे एवं वहाँ के डीएसटी (डेट हेड टिकट) की जाँच की। इस दौरान उन्होंने वर्तमान में भर्ती हुए इलाजरत सभी मरीजों से संबंधित विस्तृत जानकारी अस्पताल प्रबंधन से ली। विशेष रुप से उन्होंने पीएमसी वार्ड पहुंच वहाँ भर्ती हुए सभी प्रसूतियों तथा नवजात बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली, उन्होंने इलाजरत मरीजों एवं उनके परिजनों से बात कर अस्पताल संबंधित किसी भी प्रकार की दिक्कत या परेशानी के बारे में जाना। उपायुक्त ने सदर अस्पताल के सभी मौजूदा सुविधाओ एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उन्होंने चिकित्सा पदाधिकारी को अस्पताल परिसर के सुरक्षा संबंधी विषयों पर आवश्यक निर्देश दिए तथा अस्पताल में जीवन रक्षक दवाईयों की उपलब्धता, साफ सफाई समेत सभी अन्य जरूरी सुविधाओ को क्रियाशील अवस्था में रखने का निर्देश दिया। उन्होंने आम जन द्वारा मिल रही शिकायतों का जल्द से जल्द निराकरण कर सुविधाओ को बहाल करने का निर्देश दिया।

## जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में कोडरमा बाजार स्थित चौती दुर्गा मण्डप के प्रागंण में जिला स्तरीय एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आठ टीम कोडरमा, जयनगर, डोमचांच, झुमरी तिलैया, चाराडीह, चन्दवारा सुन्दरनगर, करमा की टीमों ने भाग लिया। फाईनल प्रतियोगिता जयनगर और झुमरीतिलैया के बीच हुई। जिसमें जयनगर ने झुमरी तिलैया को 25-23, 25-22 तथा 25-21 से विजय रही। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथी कोडरमा निवर्तमान अध्यक्ष कांती देवी, विशिष्ट अतिथी रमेश हर्षधर, विनय कुमार सिंह दिनेश कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह एवं निर्णायक मंडली में कुमार अभिषेक, रौनक कुमार उपस्थित रहे। मैंन ऑफ द मैच आदित्य सिंह (झुमरीतिलैया ) मैन ऑफ द सिरिज विकास यादव (जयनगर) इमरजिंग खिलाड़ी सौरव कुमार (कोडरमा) संरक्षक पंकज कुमार सिंह, अनिल सिंह, पिंटू शुक्ला इस अवसर पर वॉलीबॉल शो के अध्यक्ष प्रमोद कुमार खिलाडीयों की प्रतिभा को सराहा तथा यथायोग सहयोग कर आगे बढ़ने की बात कही। वहीं सचिव कोडरमा वॉलीबॉल ने राकेश पाण्डेय ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता बराबर होने से खिलाड़ीयों की प्रतिभा में निखार आती है तथा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिलता है। मौके पर यमुना प्रसाद यादव, पंकज कुमार सिंह, डॉ पवन कुमार पाडेय, पिंटू सिन्हा, सुनिल कुमार, राजू साठी, सूरज कुमार सिन्हा, शरद अग्रवाल, अभिषेक, प्रिंस कुमार रौशन कुमार, शशि सिंह देवराज पाण्डेय, अब्दुल गफ्फार आदि मौजूद थे।

## चोरी के सामान के साथ चार गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** जिले के राजपुर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में तीन स्थानों पर हुई चोरी की घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी के सामान के साथ चार चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो कम्प्यूटर, एक चाकू, चोरी करने में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान बरामद हुई हैं। आरोपित की पहचान इटखोरी थाना क्षेत्र के परोका गांव निवासी राहुल कुमार पिता प्रभु राम, राजकुमार पासवान पिता कोलेश्वर राम, सुनील पासवान पिता बिनोद पासवान और सदर थाना क्षेत्र के रक्सी गांव निवासी आशीष कुमार राम पिता नारो रामग्राम के रूप में हुई है। राजपुर थाना प्रभारी विकास कुमार पासवान ने बताया कि थाना क्षेत्र के कान्हाचट्टी बाजार स्थित एसबीआई सीएसपी, पैलतोल सीएसपी और कान्हाचट्टी बाजार से लैपटॉप ,नगदी समेत कई सामानों की चोरी हुई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार चोरों के द्वारा गिरोह बनाकर आए दिन इलाके में छोटी बड़ी चोरी की घटनाओं का अंजाम दिया जा रहा था। उन्होंने बताया कि गिरोह में शामिल अन्य चोरों की पहचान करते हैं उनकी गिरफ्तारी को लेकर छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

## विभिन्न रोगों से बचाव के लिए मुंह और दांत की देखभाल सावधानी से करें: डॉ. शरद

**कोडरमा।** विश्व मुख दिवस पर मंगलवार को जयनगर कस्तूरबा गांधी आवासीय विधालय में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शरद कुमार की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कस्तूरबा की छात्राओं को सम्बोधित करते हुए डॉ शरद ने कहा कि नियमित रूप से मुँह और दांत की साफ सफाई के साथ उचित देखभाल नही होने से मुख सम्बन्धी कई प्रकार के रोग होने की संभावनाएं बनी रहती है जो बाद में विकराल रूप धारण कर लेती है, ऐसे में हम सबों को अपनी दांतों और मुंह की देखभाल और साफ सफाई नियमित रूप से करें और दूसरे लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि विश्व मुख दिवस के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय स्तर पर सम्पूर्ण भारत मे 20 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जिले के नागरिकों को न केवल जागरूक किया जाएगा बल्कि इस दौरान ओरल स्क्रीनिंग भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की 120 छात्राओं का ओरल स्क्रीनिंग किया गया और उन्हें ब्रश करने के तरीके और मुंह व दन्त से सम्बंधित रोगों और उससे बचाव के तरीके भी बताएं गए, साथ ही छात्राओं के बीच टूथ ब्रश, पेस्ट, हाथ धोने के साबुन वितरित किया गया। मौके पर दन्त चिकित्सक डॉ सोमेश, कस्तूरबा की वार्डन नीलम सिन्हा, प्रदीप कुमार, दीपेश कुमार, जितेंद्र कुमार मिश्रा आदि मौजूद थे।

## सघन टीबी खोज अभियान और निक्षय दिवस पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**कोडरमा।** जिले में 24 मार्च से 13 अप्रैल तक चलने वाले सघन टीबी खोज अभियान और निक्षय दिवस को पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिए जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ रमण कुमार की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे जिले के सभी सीएचओ और अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए। प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए डॉ रमण ने कहा कि केंद्र सरकार और देश के प्रधानमंत्री के द्वारा वर्ष 2025 में भारत देश को टीबी मुक्त देश बनाने का लक्ष्य दिया गया, इसको सफल बनाने और कोडरमा जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए इस कार्यक्रम को अभियान का रूप दें, सभी पदाधिकारी अपनी अपनी जिम्मेवारियों का निवर्हन बेहतर तरीके से करें। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में भारत को टीबी मुक्त करने के लिए जिले के सम्भावित टीबी मरीजों की खोज में तेजी लाएं, इसके लिए एच डब्ल्यू सी स्तर पर समाज के लोगों के बीच यक्ष्मा से सम्बंधित जानकारी दें, टीबी के इलाजरत मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दें, साथ ही प्रत्येक माह के 24 तारीख को सभी एच डब्ल्यू सी और सीएचसी में निक्षय दिवस आयोजित करें। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान पांच वर्ष पूर्व से अब तक के इलाजरत टीबी के मरीजों की सक्रिय 6, मधुमेह, एचआईवी संक्रमित और कोविड से ग्रसित रहे मरीजों का स्क्रीनिंग करें और यक्ष्मा रोग के संभावित मरीजों का बलगम जांच करवाना सुनिश्चित करें।

## हाथियों का झुण्ड का उत्पात लगातार जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बेरहवा जंगल से सटे गांवो में हाथियों के झुण्ड का उत्पात लगातार जारी है। सोमवार की रात भी हाथियों का झुण्ड मरकच्चो दक्षिणी पंचायत स्थित कुम्हर टोली के किनारे पंहुच वहां दो किसान दामोदर यादव व राजेन्द्र यादव के द्वारा लगभग 42 कट्ठे में लगाया गया गेंहू व सरसों को खाया व पैरों तले रौंद कर नष्ट कर दिया। वहीं किसानों ने बताया कि तैयार गेंहू का फसल कुछ काटकर रखा गया था तथा कुछ लगा हुवा था। हांथियो का झुंड कब खेतो में घुसा यह मालूम नही चला, लेकिन 2 बजे रात किनारे में ईंट भठ्ठा पर काम कर रहे लोगों के द्वारा दूरभाष पर खबर किया गया। जब तक हमलोग लुक जलाकर आये तब तक हाथियों का झुण्ड बेरहवा जंगल की ओर चला गया। वहीं कृषको ने बताया कि वे लोग काफी पूँजी लगाकर तथा कड़ी मेहनत कर खेती करते है, लेकिन हर साल हाथियों का झुण्ड आकर उनके फसलों को नष्ट कर देता है, जिससे किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। वही हाथियों का झुण्ड अभी भी गाँव से सटे बेरहवा जंगल में अपना बसेरा बनाये हुए हैं।

# कलश स्थापन के साथ, आज से शुरू होगा चौती नवरात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कोडरमा। कलश स्थापना के साथ बुधवार से चौती नवरात्र प्रारंभ होगा और इस दिन कलश स्थापन के साथ घरों में सुबह शाम आरती शतचंडी पाठ की गूंज सुनाई पड़ेगी। कई जगहों पर भक्ति जागरण का भी आयोजन होगा। शहर के कई सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुड़े हुए हैं। ज्ञात हो कि झुमरीतिलैया के झंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर बिसुनपुर रोड स्थित दुर्गा मंदिर के अलावा गायत्री मंदिर एवं कई पूजा समितियों के द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इधर चौती नवरात्रा को लेकर झुमरी तिलैया के बाजार में पूजन सामग्री की बिक्री मंगलवार को अत्यधिक होगी। इधर कई लोग आज भी पूजा की सामग्री खरीदारी में जुटे रहे। 27 मार्च को षष्ठी के दिन मां के पट खुलेंगे। 28 को सप्तमी पूजा, 29 को अष्टमी, 30 को नवमी की पूजा होगी। देवी मंडप रोड स्थित देवी मंदिर में भी पूजा-अर्चना होगी। कई स्थलों पर अखंड रामायण पाठ के अलावा 9 रूपों की पूजा भी की जाएगी। चौती नवरात्रा को लेकर झुमरीतिलैया के गायत्री शक्तिपीठ एवं कोडरमा जिले के 6 प्रखंडों के चेतना केंद्रों में 22 मार्च से कलश स्थापन के साथ 26 लाख 40 हजार जाप का आयोजन होगा। अष्टमी के दिन गायत्री मंदिर में महाआरती एवं नवमी के दिन कन्या पूजन हवन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। काली महिला मंडल के तत्वाधान में 22 मार्च से 30 मार्च तक घर-घर एवं काली मंदिर में भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर सोमवार को एक बैठक सरोजनी देवी की अध्यक्षता में हुई, संचालन सुमन पांडेय ने किया। इसमें 22 मार्च को सामंतो काली मंदिर के निकट आशा मोदी के निवास स्थल पर दोपहर 3 से भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यहां माता रानी का दरबार सजाया जाएगा। 23 को विशनपुर रोड स्थित फुटानी चौक के समीप रवि पांडेय, पम्मी पांडेय, 24 को रेलवे स्टेशन के समीप सहाना कैंपस में सरबजीत सिंह और कविता सिंह, 25 को देवी मंडप रोड स्थित रीना सेठ, संजय सेठ, 26 को चांडक कंपलेक्स कमल सेठ चालू सेठ, 27 को सरोजनी देवी, 28 को देवी मंडप रोड स्थित शीतला मां मंदिर, 29 को गांधी स्कूल रोड स्थित मुन्नी बरनवाल बंटी मोदी तथा 30 को सामांतो काली मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस दिन कुमारी कन्याओं का पूजन भी होगा।

एक नजर में

## जनता के आशीर्वाद से पूरा गढ़वा होगा झामुमोमय: मंत्री मिथिलेश

**गढ़वा।** जिले के रंका प्रखंड अंतर्गत चुतरू पंचायत के बरदरी गांव से लगभग एक सौ से अधिक की संख्या में बहुजन समाज पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ ने पार्टी छोड़ कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर सभी कार्यकर्ता रांची स्थित मंत्री श्री ठाकुर के आवास पर पहुंचे। वहां मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला पहनाकर स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल किया। सभी लोग झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर काफी खुश थे। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों ने कहा कि वे लोग अब सही जगह पहुंचकर माटी के पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए हैं। झामुमो ही एकमात्र पार्टी है जिससे झारखंड एवं झारखंड वासियों का कल्याण हो सकता है। अब तक के अपने कार्यकाल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं मंत्री श्री ठाकुर ने राज्य एवं राज्य वासियों के हित के लिए बेहतर कार्य कर यह साबित कर दिया है कि झामुमो ही राज्य की हितेषी पार्टी है। गढ़वा में आज तक जो हो नहीं सका था, वह मंत्री श्री ठाकुर ने कर दिखाया। पूरे गढ़वा में विकास का ऐसा कार्य हो रहा है जो अन्य कोइ जनप्रतिनिधि कल्पना भी नहीं कर सकते हैं।

## डीसी ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

गढ़वा। उपायुक्त शेखर जमुआर ने मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान डीसी ने जनता दरबार में आये फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी एवं उसके निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में जमीन विवाद, कृषि ऋण माफी योजना, राशनकार्ड समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की डीसी ने समस्या सुनी तथा यथाशीघ्र समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दरबार में बिसुनपुरा प्रखंड के ग्राम अमहर खास निवासी सुचिता देवी ने नये राशन कार्ड के लिए आवेदन दिया। डीसी ने आवेदन की जांच के कार्रवाई के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया। डंडई प्रखंड के तसरार ग्राम निवासी इलियास अंसारी ने कृषि ऋण माफी योजना के लिए आवेदन दिया। जिस पर आवेदन की जांच एवं कार्रवाई के लिए डीसी ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया।

## एसडीओ को मांग पत्र सौंपकर, झागराखांड को राजस्व ग्राम की दर्जा दिलाने की मांग

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड के झागराखांड में एक्सिस बैंक के नये शाखा के उद्घाटन के मौके पर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने श्री बंशीधर नगर अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार को आवेदन देकर ध्यान आकृष्ट कराते हुए आवेदन में उल्लेख किया है कि बिहार झागरखांड एकीकृत राज्य के समय से सुप्रसिद्ध यह झागराखांड गांव राजस्व से वंचित है। जिसे प्राथमिकता के आधार पर राजस्व गांव की दर्जा दिलाने की आवश्यकता है। झारखंड में इस जमाने में सबसे पहला एकलौता हाई स्कूल झागराखाड़ नामकरण के साथ संचालित होते आ रहा था, जहां से बिहार-झारखंड के साथ-साथ उत्तर प्रदेश प्रदेश के छात्र-छात्राओं ने शिक्षा प्राप्त कर झागराखांड का नाम रौशन करते हुए आज अनेकों पद पर आसीन हैं। राजकीयकृत उच्च विद्यालय, आईटीआई कॉलेज, मध्य विद्यालय, गुरुकुलम एवं केंद्रीय विद्यालय सभी शिक्षण संस्थान झागराखांड के नाम से नामकरण करते हुए संचालित किया जा रहा है। यहां पोस्ट ऑफिस की सुविधा उपलब्ध है वह भी झागराखांड के नाम से संचालित होते आ रहा है। इस पंचायत का पंचायत भवन भी झागराखांड के मध्य में स्थित है। यहां का सभी पत्राचार एवं सभी शिक्षण संस्थान झागराखांड के नाम से संचालित होता है।

## सीएस ने किया कांडी स्वास्थ्य उपकेंद्र का निरीक्षण, दिये कई दिषा निर्देष

**कांडी।** जनता को 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधाएं कैसे उपलब्ध हो इस कोशिश में लगा हुआ हूं। उक्त बातें गढ़वा सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने पत्रकारों से बात करते हुए कही। सिविल सर्जन कांडी स्वास्थ्य उपकेंद्र का निरीक्षण करने आए थे। उन्होंने निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जिले में 184 चिकित्सकों की आवश्यकता है। जिसमें 44 चिकित्सक उपलब्ध है। कोशिश जारी है कि जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। उन्होंने कहा कि कांडी प्रखंड में असुविधाएं तो बहुत है, जो भी बिल्डिंग बना है, उसमें दिक्कत है फिर भी यहां के लोगों को 24 घंटा स्वास्थ्य सुविधा मिले, इस कोशिश में लगा हुआ हूं। उन्होंने कहा कि जला हुआ एक मरीज रात दस बजे आया था, रात में उनका इलाज किया गया था। साथ ही उन्होंने ने कहा कि सुबह 108 एंबुलेंस लेने आया था लेकिन 108 एंबुलेंस का पती टुटा हुआ था इसके कारण नहीं मिल सका। उसके बाद 104 एंबुलेंस से मझिआंव अस्पताल भेजा गया। इस दौरान सीएस ने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों एवं गार्ड को कई दिशा निर्देश भी दिया। मौके पर मझिआंव रेफरल चिकित्सा पदाधिकारी गोविंद प्रसाद सेठ, डॉ एसपी सिन्हा, सीएचओ सोनिया कुमारी, एनएम ममीता कुजुर, सलीना डोडराय, सोनी कुमारी, एमपीडब्लू अशोक कुमार, सुचित कुमार सिंह, पूर्व मुखिया दामोदर मेहता आदि उपस्थित थे।

## एसडीओ ने किया एक्सिस बैंक के नये शाखा का उद्घाटन

**भवनाथपुर।** श्री बंशीधर नगर एसडीओ आलोक कुमार एवं क्लस्टर हेड कृष्णा कुमार सिंह ने मंगलवार को संयुक्त रूप से प्रखण्ड के बनसानी पंचायत के झगराखाड़ बाजार निवासी मनोज प्रसाद यादव के मकान में एक्सिस बैंक के नये शाखा का उद्घाटन फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर एसडीओ ने कहा कि एक्सिस बैंक के नए शाखा के खुलने से ग्राहकों को बैंकिंग सेवा में सुविधा मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्र में एक्सिस बैंक के खुलने से यहां के लोग काभी लाभान्वित होंगे। क्लस्टर हेड ने कहा कि हमारी बैंक ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगी। किसी भी बैंक की कस्टमर्स के प्रति सेवा सक्रियता लोगों एवं शहर की आर्थिक तरक्की के साथ जुड़ा हुआ होता है। उन्होंने बताया कि खाता खुलते ही साथ में एटीएम, चेकबुक ग्राहक को तुरंत उपलब्ध कराया जाएगा। ग्राहकों को न्यूनतम बैलेंस पच्चीस सौ रुपये खाता में रखना होगा।

## प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

गढ़वा। जल जीवन मिषन के तत्वावधान में जिले के रमकंडा प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ बीडीओ पुष्कर सिंह मुंडा, पीएम आवास प्रखंड समन्वयक सुमित कुमार पाठक, पंचायती राज प्रखंड समन्वयक उतम कुमार एवं एसबीएम के प्रखंड समन्वयक अभय पाल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के विभिन्न अवयवों के साथ-साथ ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन पर चर्चा की गई।

मौके पर बीडीओ ने कहा कि आज के दौर में पेयजल का महत्व बताने की आवश्यकता नहीं है। बस सभी को इतना समझ होना चाहिए कि शुद्ध पेयजल के बिना जीवन की परिकल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य 2024 तक जिले के प्रत्येक घर को नल से जल पहुंचाने का है जिसमें आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। जहां स्वच्छता होगी वहां उन्नत होगा। मौके पर बीपीओ अरविंद कुमार, नाजिर अरुणेश कुमार, मुखिया पति देवनाथ राम, नितेश कुमार, जेपी कुमार, जोसेफ फ्रांसिस, जितेंद्र त्यागी, रोजिद मंसूरी, मोहन यादव, विमल यादव, सीताराम यादव सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## बीडीओ ने की एलडीएम के साथ बैठक

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने प्रखण्ड कार्यालय में एलडीएम इंदु भूषण के साथ बीएलबीसी का बैठक किया। बैठक में केसीसी ऋण पर चर्चा की गई। जिसमें नया एवं पुराना आवेदन को देखकर स्वीकृति करने का सहमति जताया गया। वहीं उद्योग विभाग का पीएमईजीपी, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा पीएमएफएमई, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्द उधम उन्नयन योजना पर चर्चा की। बैठक में बीडीओ ने पीएमईजीपी का पेंडिंग आवेदन को पूर्ण करने का निर्देश दिया। एलडीएम इंदु भूषण ने सभी बैंक के कार्यप्रणाली से असंतोष नजर आए।

## स्पीड न्यूज

### दोनों युवकों का शव पहुंचते ही परिजनों के बीच मचा कोहराम

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत अंतर्गत ग्राम कुटमु के कुल्ही नाला निवासी संतोसी सिंह के पुत्र छोटू सिंह 21वर्ष एव देनी सिंह के पुत्र जितेंदर सिंह 22 वर्ष, दोनों चचेरे भाई युवकों की मौत विजयवाड़ा आंध्र प्रदेश में शनिवार की सुबह काम करने के दौरान लिफ्ट के हादसे में हो गई थी, जो दोनों युवकों का शव मंगलवार की सुबह घर लाया गया जहां परिजनों और गांव के आसपास के लोगों के बीच कोहराम मच गया। मौजूद सभी की आंखें नम हो गई। इस हादसे से बाहर काम करने कई अन्य मजदूर वर्ग के लोगों में भी दहशत का माहौल है एवं अपने जान के प्रति लोग सतर्क और सुरक्षित रहने का प्रयास करने की बात कही है।

### वाविन कंपनी का प्लम्बर मीट बैठक का हुआ आयोजन

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के माको स्थित नेशनल सेनेटरी एण्ड हार्डवेयर दुकान में दुकान का संचालक जिशान अख्तर के नेतृत्व में सोमवार को वाविन कंपनी का प्लम्बर मीट बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कई प्लम्बर मौजूद थे। वहीं इस बैठक में सेल्स एक्जूटिव राज भारती ने लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि हमारे कंपनी का पाईप व फीटिंग दूसरे कंपनी से मजूबत है। आप इसे विश्वास के साथ किसी भी ग्राहक को खरीदने के लिए सुझाव दे सकते है।

### दो अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत पंकुरवा ग्राम के एनडीपीएस कांड के अभियुक्त के घर नियम संगत पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया की ग्राम पंकुरवा निवासी त्रिवेणी गंझु पिता बढ़न गंझु व राजू गंझु पिता त्रिवेणी गंझु दोनों अभियुक्त के घर नियम संगत पुअनि दीपक नारायण सिंह सदलबल के साथ पहुँचकर इश्तेहार चिपकाया।

### श्रीराम नवयुवक संघ बाईपास चौक का कमिटी गठित

**लातेहार।** श्रीराम नवयुवक संघ बाईपास चौक लातेहार चारमुहान में रामनवमी पूजा मनाने के लिए सोमवार को बैठक कर कमिटी का गठन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि पुरे धुम-धाम गाजे-बाजे के साथ रामनवमी का त्योहार मनाया जायेगा। वहीं कमिटी के लोगों ने इस पुजा में बढ़चढ़ हिस्सा लेने की बात कही है। वहीं बैठक में सर्वसम्मति से कमिटी के अध्यक्ष शम्भू प्रसाद, मुख्य संरक्षक आशीष टैगोर, उपाध्यक्ष सूरज गुप्ता, अनुज गुप्ता, राजमोहन प्रसाद, कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता, महामंत्री अनिकेत सिन्हा, सचिव अजित यादव को बनाया गया है।

### लाह उत्पादन को जरिया बना कर आत्मनिर्भर होगा झारखंड: बीडी

**चंदवा।** वन उत्पादकता संस्थान के निर्देशक डॉ योगेश्वर मिश्रा व उप वन संरक्षक अंजना सुचिता तिर्की के मार्गदर्शन में वन उत्पादकता संस्थान द्वारा विश्व वानिकी दिवस पर मंगलवार को चंदवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जोहार से जुटी लाह किसान व कृषि विज्ञान केंद्र बालूमाथ से जुड़े किसान शामिल थे। बीडीओ सह सीओ विजय कुमार व तकनीकी अधिकारी बीडी पंडित ने लाह किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कि लाह की खेती को जरिया बनाकर किसान झारखंड को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। चंदवा क्षेत्र लाह की खेती के लिए प्रसिद्ध रहा है। किसानों को प्रशिक्षित कर इसे और बढ़ाने की जरूरत है। इस दौरान बीडी पंडित ने संस्थान के द्वारा चलाया जाए कार्यक्रमों एवं लाह की खेती से सम्बंधित जरूरी जानकारी किसानों को दी। मौके पर संस्थान के कर्मी समेत काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

## उपायुक्त भोर सिंह यादव ने की जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक, कहा

# स्पष्टीकरण का खेल बंद करें, करें त्वरित कार्रवाई

**मनरेगा अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की गति व धरातल पे हो रहे कार्यों की विस्तृत रूप से समीक्षा कर दिये आवश्यक व उचित दिशा निर्देश**

**पूरे जिले में लगभग दो हजार ऐसे प्रधानमंत्री आवास है जो की बड़े आवास में तब्दील कर दिया गया है**



समीक्षा बैठक करते उपायुक्त व अन्य पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में दीनदयाल उपाध्याय, टाउन हॉल लातेहार में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) मनरेगा अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की गति व धरातल पे हो रहे कार्यों की विस्तृत रूप से समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2016 से 2022 में प्राप्त लक्ष्य, लक्ष्य के विरूद्ध पूर्ण आवास व लंबित आवास, किश्त राशि का भुगतान आदि बिंदुओं की विस्तार से जानकारी ली गई। जिन पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य धीमा है और पूर्ण हुए आवासों की संख्या कम है वहां के लाभुकों को शीघ्र आवास पूर्ण करने के लिए निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में सभी पदाधिकारीयों,कर्मचारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजना बद्ध तरीके से काम करने का निर्देश दिया गया।

**लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने का दिया गया निर्देश :** बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (2016-2022) की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही शेष योग्य लाभुकों को स्वीकृति देने के लिए निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया कि क्षेत्र का भ्रमण करते हुए योजनाओं का भौतिक सत्यापन कर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे। जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाना ही मुख्य उद्देश्य : मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा के क्रम में पीडी जेनरेशन, रिजेक्शन ट्रांजैक्शन, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, खेल के मैदान योजना में प्रगति लाने, बिरसा हरित ग्राम योजना, आधार सीडिंग इत्यादि को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

**बैठक में उपस्थित जिला के पदाधिकारी :** बैठक में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक, आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी एवं जिला परिषद के सदस्य, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड प्रमुख, प्रखंड उप प्रमुख, प्रखंड समन्वयक, सभी मुखिया, रोजगार सेवक, पंचायत स्वयंसेवक, संबंधित अन्य उपस्थित थे।

### 15 वीं वित्त आयोग की राशि से संचालित योजनाओं की समीक्षा

समीक्षा के क्रम में 15 वीं वित्त आयोग की राशि से संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई एवं अविलंब अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने नियमानुसार राशि खर्च करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा अन्य कई महत्वपूर्ण बिदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

### स्पष्टीकरण का खेल बंद करें, त्वरित करे कार्रवाई: उपायुक्त

बैठक में उपायुक्त भोर सिंह यादव ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं पंचायत सेवक को फटकार लगाते हुए कहा कि आप लोग प्रधानमंत्री आवास के लिए ऐसे लाभुक का चयन क्यों करते हैं जो अपना आवास बनाने में सक्षम हो। वही उपायुक्त ने बताया कि पूरे जिले भर में लगभग 2000 ऐसे आवास है जो कि बड़े आवास के रूप में तब्दील हो गए हैं। प्रधानमंत्री आवास में दो कमरे होते हैं वही जिन लोगों को आवास मिला उसमे से लगभग जिले भर में 2000 लोग छह रूम का आवास बना चुके है। जिसमे महुआडांड़ प्रखंड के सर्वाधिक ऐसे मामले हैं जो की बड़े आवास के रुप में तब्दील हो गया है। वहीं इस संबंध में बीडीओ से पूछे जाने पर कहा कि स्पष्टीकरण निर्गत किया गया है। इसके पश्चात उपायुक्त ने कहा कि स्पष्टीकरण का खेल बंद करें और त्वरित कार्रवाई करे। इसके साथ ही उपायुक्त ने बताया की पूरे जिले भर में 1200 ऐसे आवास जिन्हें लाभुक के द्वारा बनाया नहीं गया है। इसके साथ उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति को आवास दिया जाए जो इसके हकदार है ना की अन्य व्यक्ति को दिया जाए अन्यथा संबंधित पदाधिकारी पर करवाई किया जाएगा।

## अवैध कोयला लोड ट्रैक्टर के साथ दो तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

**चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज पथ पर काली के पास से मिली सफलता**


गिरफ्तार तस्कर

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर अवैध कोयला तस्करी के खेल के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है जहां चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज पथ थाना क्षेत्र अंतर्गत काली ढोंटी मोड़ पर के पास से पुलिस ने 2 तस्करों को लगभग ढाई टन अवैध कोयला लोड ट्रैक्टर के साथ दबोच लिया। पकड़े गए कोयला लोड ट्रैक्टर को विधिवत जब्त कर गिरफ्तार दोनो तस्कर राजू गंझू पिता गंदौरी गंझू व जागेश्वर गंझू पिता गुलचंद गंझू (दोनो मड़मा) को अग्रतर कार्रवाई के बाद मंगलवार को मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया। पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि काली से ढोंटी-बरवाटोली की ओर अवैध रूप से कोयला को ट्रैक्टरों के माध्यम से ले जाया जा रहा है। इसी आलोक में अविलंब कारवाई करते हुए एक छापामारी टीम का गठन कर छापामारी की गई जहां उक्त सफलता मिली। इस मामले में चंदवा थाना कांड संख्या 72/2023 में धारा 414/34 भादवि व 30(दो) कोल माइंस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। छापामारी अभियान में पुअनि जमील अंसारी, नारायण यादव, सअनि अरविंद सिंह और सैट 202 के बल शामिल थे।

## मनिका प्रखंड में चैत्र नवरात्रि को लेकर निकाली भव्य कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड के सिंजो पंचायत स्थित पचपेड़ी चौक के समीप शिव मंदिर के प्रांगण में अमर पूजा समिति के बैनर तले आयोजित रामनवमी पर्व के चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर नौ दिवसीय नवाहन परायण पाठ महोत्सव का नवरात्र के पहले दिन मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरूआत की गई। कलश यात्रा कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ जयकारे लगाते हुए क्षेत्र का भ्रमण किया और सेमराहट नदी के जल स्थल पर पहुंचकर शुद्ध जल अपने कलशों में भरा जिसके बाद विधिवत पूजा अर्चना कर कलश का स्थापना किया गया। वहीं प्रखंड क्षेत्र में पहली बार नव दिवसीय नवाहन परायण पाठ महोत्सव का आयोजन होने से क्षेत्र के श्रद्धालुओं में काफी उत्साह का माहौल है पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। वहीं कार्यक्रम से संबंधित जानकारी देते हुए समिति के सचिव राजीव रंजन कुमार साहू ने बताया कि आज कलश स्थापना के साथ ही कार्यक्रम की शुरूआत की गई है पूजा का कार्यक्रम महानवमी तक लगातार चलेगा और प्रतिदिन 7:00 बजे रात्रि से आरती और 8:00 बजे रात्रि से 10:00 बजे तक मानस प्रवचन कार्यक्रम आयोजित की जाएगी।

मौके पर स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के पुत्र विजय बहादुर सिंह,विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव,प्रमुख प्रतिमा देवी,कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती ,बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, अमर पूजा समिति के अध्यक्ष बल्ली यादव, प्रांतीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष वृंद बिहारी प्रसाद यादव, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार साहू, जिला सांसद प्रतिनिधि लव कुमार दुबे, सिंजो उप मुखिया सकलदीप यादव, अखिलेश यादव पूर्व मुखिया संजय सिंह, राजेश शर्मा, दिनेश प्रसाद, केदार यादव, पिंटू सिंह, पूजा समिति के अध्यक्ष सुनील प्रसाद, सचिव राजीव रंजन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, समेत सैकड़ों महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा कार्यक्रम में हिस्सा लिया।


कलश यात्रा में शामिल लोग

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पकड़कर ग्रामीणों ने प्रशासन को सौंपा

**मनिका।** मनिका प्रखंड के रांकीकला पंचायत अंतर्गत स्थित लंका गांव के नदी से अवैध तरीके से बालू लदा पांच ट्रैक्टर को पकड़कर ग्रामीणों ने मनिका वन विभाग व पुलिस प्रशासन को सौंप दिया। मामले की जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि उच्चवाबाल गांव के ग्राम प्रधान कहे जाने वाले महावीर परहिया के द्वारा फर्जी चालान बनाकर 200 रुपए प्रति ट्रैक्टर के हिसाब से वसूली कर लंका गांव के वन क्षेत्र में आने वाले नदी से अवैध तरीके से बालू का उठाव करवाया जाता है। अवैध तरीके से बालू का उठाव करने का सिलसिला कई महीनों पूर्व से चल रहा है जिसका ग्रामीणों ने विरोध करते हुए मनिका पुलिस व वन विभाग को भी सूचना दिया था लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि आज जब अवैध तरीके से बालू का उठाव किया जा रहा था तब ग्रामीण दिलीप राम,महेंद्र सिंह,गंगा सिंह,सुरेंद्र सिंह,राजेंद्र सिंह,दिलेश्वर सिंह,नगीना सिंह,मनोज सिंह,सचिन कुमार सिंह,मुखिया पति माथुर उरांव,समेत अन्यों ने एकजुटता दिखाते हुए बालू लदा 5 ट्रैक्टर को पकड़ लिया और मनिका पुलिस व वन विभाग को सूचना दिया जिसके बाद वन विभाग से वंरक्षी अनिल पासवान,अमित कुमार,इत्यादि एवं मनिका थाना से एसआई राजकुमार तिगा,एएसआई राम प्रताप सिंह, पप्पू यादव, कमलेश यादव समेत इत्यादि उक्त स्थान पर पहुंचे और सभी बालू लोड ट्रैक्टर को जब्त कर मनिका थाना ले आए। प्रशासन के टीमों के द्वारा पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही थी। वहीं पकड़े गए ट्रैक्टर के मालिक का नाम निर्मल उरांव, अर्जुन यादव, विनोद यादव, गफ्फार अंसारी और अरविंद यादव सभी ग्राम नामुदाग के बताए गए। मौके पर वाहन को छोड़ ट्रैक्टर चालक भागने में कामयाब रहे।

### क्या कहते हैं मनिका रेंजर

वहीं मामले के विषय में पूछे जाने पर मनिका रेंजर संजय कुमार ने कहा कि वन क्षेत्र अंतर्गत अवैध तरीके से बालू का उठाव करते पकड़े गए सभी वाहनों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

## मंदिर में चोरी करने का वाला तीन चोर गिरफ्तार, एक गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में पिछले दिनों हुई चोरी की घटना का खुलासा बालूमाथ पुलिस ने कर लिया है। बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने मंदिर में चोरी करने के दो आरोपी एवं चोरी के सामान खरीदने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि पिछले कुछ दिनों पूर्व शिव मंदिर नगडा, पहाड़ी मंदिर जरी एवं रामघाट मंदिर से घंटा, पीतल की बाल्टी ,लोटा, गगरा दीपक, समेत कई सामग्री की चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया था। थाना प्रभारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए तीन दिनों के अंदर मंदिर में चोरी करने के आरोपी मोहम्मद रिजवान उर्फ ताड़ी उर्फ पिंटू पिता मोहम्मद मो असगर ग्राम रहमत नगर बालूमाथ, मोहम्मद इरफान अंसारी पिता कलीम अंसारी ग्राम जरी एवं चोरी का सामान खरीदने के आरोपी सहदेव सोनी पिता हरि भजन सोनी, ग्राम झाबर तीनों थाना बालूमाथ को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से चोरी की गई पीतल की बाल्टी, दो पीस पीतल का झाल पांच, पीतल का लोटा दो, कास लोटा एक, पीतल का गगरा एक, कास थाली चार, पीतल का प्लेट एक, पीतल की कटोरी 6 समेत कई सामग्री बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि एक ही रात में तीनों मंदिर में जाकर चोरी की थी। तथा इस चोरी की घटना में तीन लोग शामिल थे। चोरी का सामान को सहदेव सोनी के पास बेचा था। इधर मंदिर में चोरी की घटना के बाद नगडा ग्राम में सनातन धर्म प्रेमियों की एक आपातकालीन बैठक हुई। जिसमें मंदिर में हुई चोरी की घटना की निंदा की गई। वह कहां की रामनवमी से पूर्व मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम देने की जांच उच्च स्तरीय कराई जाए। ताकि इससे पता चले कि यह महज एक चोरी है या कोई बड़ी साजिश।


गिरफ्तार चोर व जानकारी देती पुलिस

### लातेहार ओबीसी वर्ग के लोगों को आरक्षण दें लाभ : पवन गुप्ता

**लातेहार।** झारखंड में अधिसूचित क्षेत्र के सात जिलों में ओबीसी वर्ग के लोगों को जिला आधारित आरक्षण में आरक्षण का लाभ नहीं मिलने के मुद्दे को लेकर भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी पवन गुप्ता ने आंदोलन करने की चेतवानी दी है। श्री गुप्ता ने रोस्टर में अविलंब सुधार की मांग सरकार से की है। सरकार से जानना चाहा है कि आखिर किस आधार पर ऐसा किया गया। राज्य में जिला स्तरीय पदों पर नियोजन के लिए सरकार ने सभी जिलों में आरक्षण रोस्टर लागू कर दिया है। जिसमें स्पष्ट है कि सात जिलों में ओबीसी वर्ग का आरक्षण शून्य कर दिया गया है। भाजपा ने इसका विरोध करते हुए अविलंब रोस्टर में सुधार करने की मांग की है। बता दें कि इन जिलों में नहीं मिल रहा आरक्षण का लाभ सात जिले जहां ओबीसी आरक्षण शून्य कर दिए गए हैं।

## धूमधाम से मनाया जाएगा रामनवमी, समिति गठित

**बस स्टेंड रामनवमी समिति के अध्यक्ष बनाए गए दिप्लेश**

**बस स्टेंड में होगा झंडा का मिलान और सम्मान समारोह का आयोजन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर बरवाडीह बस स्टैंड महावीर चौक अखाडा समिति की बैठक सोमवार को बस स्टैंड में सम्पन्न हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से रामनवमी पूजा कमेटी का गठन किया गया। जिसमें दीपलेश सिंह उर्फ सोनू को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष राज वर्धन सिंह व विवेक सिंह, सचिव दिलीप अग्रवाल व सोनू सरदार, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार (बबलु), प्रसाद एवं पेयजल प्रभारी नरेश चौरसिया, विनय अग्रवाल, अवनीश कुमार व मन्नू अग्रवाल, मंच संचालक विकास सिंह, सूचना प्रभारी हेमन्त कुमार कश्यप, पारस जायसवाल व मनीष कुमार, मंच प्रभारी कमलेश सिंह, सुनिल सिंह, अखाडा प्रभारी शम्भू प्रसाद, नीरज सिन्हा व राकेश कुमार उर्फ मलिंगा, झंडा सह सजावट प्रभारी रवि शेखर सिंह (भीम), ओम सिंह, गुड्डू सिंह, राजा सिंह, क्षितिज सिंह को बनाया गया। इसके अलावा अखाडा के संरक्षक के रूप में सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, उपप्रमुख बीरेंद्र जयसवाल, पंसस प्रवीण कुमार एवं संजय सिंह तथा मीडिया प्रभारी सह मार्गदर्शक मंडली में संजय कुमार, प्रमोद कुमार, अर्जुन विश्वकर्मा, दीपक राज, रवि गुप्ता, सावन कुमार, तस्लीम खान, संतोष सिंह, मयंक विश्वकर्मा, शशि शेखर और प्रमोद ठाकुर को बनाया गया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सभी अखाडा समिति दिनांक 30 मार्च दिन गुरुवार को संध्या 07 बजे तक महावीर चौक अखाडा बस स्टैंड बरवाडीह में पहुंचेंगे। जहां झंडा मिलन, अखाड़ा एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं समिति ने सभी रामभक्तों से आग्रह किया है कि उक्त समय मे उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल करने में सहयोग करेंगे इसके लिए समिति आपकी सदा आभारी रहेगी।


बैठक में उपस्थित समिति के लोग

# चंदवा के श्रावाणी मेला व शुक्रवारीय हॉट बाजार की बंदोबस्ती डाक दूसरे दिन भी पैसा जमा नहीं करने के कारण नहीं मिला एनआई

**तय समयसीमा तक एकमुश्त राशि जमा नही जमा कर पाए अधिकतम डाकवक्ता**

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** चंदवा प्रखंड के श्रावाणी मेला व शुक्रवारीय हॉट बाजार की बंदोबस्ती डाक में अधिकतम बोली लगाने वाले के द्वारा दूसरे दिन भी पैसा जमा नहीं करने के कारण मेला का डाक रुका हुआ है क्योंकि हर डाक में अधिकतम बोली लगाने वाले के द्वारा कार्यालय अवधि के दौरान पूर्ण पैसा देने के बाद ही कार्य आदेश दिया जाता था। इस बार लगभग 21 लोगों ने डाक में भाग लिया था और और सभी ने डाक में अधिकतम बोली बोल कर 37 लाख 39 हजार 700 में पहुंचा दिया जिसे मेला लगाने वाले और किसान और पशु व्यापारियों एवं दुकानदारों पर इसका भार साफ देखने को मिलेगा। डाक में भाग लेने वाले के कई खातों में पैसा नहीं रहने के बावजूद भी डाक में भाग लिया था और बाद में कई लोगों ने इनकार करते हुए डाक से वापस भी हो लिया था। 2 दिनों की भागदौड़ के बाद भी पूरा पैसा जमा नहीं करने के कारण अभी तक संशय बना हुआ है।

अधिकतम बोली लगाने वाले रियाज खान उर्फ बाबर खान ने बोली लगाने वाले लोगों के साथ एग्रीमेंट व गवाह के साथ समझौता कर पैसा जुटाने में लगा हुआ है बताते चलें कि कई बड़े आकाओं से दुत्कार के बाद मेला में भाग लेने वाले लोगों के साथ ही समझौता कर पैसा जुटाने में लगे रहे लेकिन डाक के दूसरे दिन भी समय अवधि तक आधा पैसा भी जमा नहीं कर पाए। पहले दिन 298000/- उसके बाद देर शाम दो लाख नकद उसके अगले दिन मंगलवार को 6,50,000/- नकद और एक चेक जमा किया गया है 7,50,000/- का लेकिन सूत्र से पता चला कि चेक में आधा पैसा ही है। बाकी पैसा बुधवार को देने की बात कहकर सभी लोग वापस लौट गये है। वहीं बताते चले कि इसके पूर्व चंदवा बस पड़ाव के डाक में अधिकतम बोली लगाने वाले रियाज खान के द्वारा अभी तक 10 लाख रूपया जिला परिषद में जमा करना शेष रह गया है।

पूर्ण पैसा दिए जाने के बाद ही जिला से कार्य आदेश दिया जाता है। वंही बालूमाथ बस पड़ाव का शेष बकाया 40500 रुपैया है। बस पड़ाव का कार्य नए संवेदक को पूर्ण पैसा दिए जाने के बाद 1 अप्रैल से शुरू किया जाएगा।

### आमलोगों पर पड़ेगी महंगाई की मार

लोगो ने बताया कि प्रत्येक वर्ष हरैया पशु मेला, श्रावणी मेला व शुक्रवारिय सप्ताहिक हाट बंदोबस्ती का रेट दिन ब दिन सातवें आसमान पर जा रहा है। जिसका सीधा प्रभाव आमलोगों पर पड़ेगा। मेले में आने वाले दुकानदारो पर महंगाई की मार झेलेंगे व शुल्क के नाम पर उनके मोटी उगाही की जाएगी जिसकी भरपाई के लिए दुकानदार मेला आने वाले ग्रामीणों से ज्यादा पैसे लेंगे जिससे उन्हें नुकसान होगा। ऐसे में धीरे धीरे प्रसिद्ध मेला आने वाले दिन में गर्त में चला जाएगा।

### तय समयसीमा तक एकमुश्त राशि जमा नही जमा कर पाए अधिकतम डाकवक्ता

लेकिन डाक में भाग लेने वाले अन्य बिड भरने वाले लोगो ने जिला परिषद द्वारा जारी किए गए प्रावधान के अनुरूप एकमुश्त राशि जमा कराने की मांग सोमवार की देर शाम तक लगभग नौ बजे तक पर अड़े थे। डाक सम्पन्न होने के बाद डाक में बैठने वाले डाकवक्ताओं ने डाक को नियम विरुद्ध करने का आरोप लगाते हुए जमकर बवाल काटा, बिडर आरोप लगा रहे थे कि जिला परिषद विभाग अधिकतम बोलीदाता को राजनीतिक दबाव में संरक्षण दे रही है साथ ही लगातार एक मुश्त राशि जमा करने की मांग पर अड़ गए। सोमवार की देर रात तक गतिरोध जारी रहा व कोई नतीजा नही निकला, मंगलवार को डाक प्रकिया में भाग लेने वाले लोग समाहरणालय पहुंचे, दिन पर दिन भर गतिरोध चलता रहा कार्यालयवधि लगभग सात बजे तक पैसा जमा नहीं होने के कारण एनआई नहीं दिया गया था। बुधवार को बाकी पैसा जमा किये जाने की बात पर सभी लोग वापस लौट गये थे।

## स्पीड न्यूज

### बेरमोः कुआं में डूबने से 7 वर्षीय बच्चे की मौत

**बेरमो।** महुआटांड़ थाना क्षेत्र के मध्य विद्यायलए महुआटांड़ के सात वर्षीय छात्र की कुएं में डूबने से मौत हो गईण घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि जलेश्वर महतो के सात वर्षीय पुत्र पीयूष कुमार वर्ग दो का छात्र हैण वह सोमवार को स्कूल गया थाण लेकिन चार बजे जब छुट्टी हुई और वह घर नहीं लौटा तो तब उसकी खोजबीन शुरू हुई। करीब एक घंटे बाद सहपाठियों से जानकारी मिली कि वह कुएं के पास खेल रहा था उसी समय वह गिर गया। इसके बाद परिजन एवं ग्रामीण कुएं से बच्चे को बाहर निकाला और उसे 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिए रामगढ ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### एलआईसी सिंदरी शाखा के नये रूम का उद्घाटन कल

**सिन्दरी।** एलआइसी सिन्दरी शाखा के पुनरुद्वार सह कस्टमर फ्रेंडली बनाए जाने का काम पूरा हो चुका है। इसका उद्घाटन करने के लिए एलआइसी पटना जोन के जोनल मैनेजर श्रवण कुमार पहली बार गुरुवार को सिन्दरी शाखा आएँगे। इस आशय की जानकारी एलआइसी सिन्दरी शाखा प्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि बीमा कंपनियों के राष्ट्रीयकरण वर्ष 1956 में स्थापित एलआइसी सिन्दरी शाखा का पुनरुद्धार लगभग 67 वर्षों बाद किया गया है। इसके साथ ही जोनल मैनेजर भी 67 वर्षों में पहली बार सिन्दरी शाखा पहुँचेंगे।

### लोयाबाद थाना में शांति समिति की बैठक

**लोयाबाद।** मंगलवार को लोयावाद थाना परिसर मे रामनवमी पूजा को शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने को लेकर बैठक रखी गई । जिसकी अध्यक्षता लोयाबाद थाना प्रभारी विकास कुमार यादव ने किया। बैठक मे क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के सदस्य जनप्रतिनिधि समाजसेवी एवं गणमान्य लोग मौजूद थे। इसमें सभी ने मिलजूल कर रामनवमी शांति पूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया। बैठक को सम्पन्न कराने मे थाना के सभी पदाधिकारीगण के अलावा जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियो की भूमिका सराहनिय रही।

### सेल्फ डिफेंस के लिए मिला कराटे का प्रशिक्षण

**बेरमो।** शीतोरयु कराटे डू स्पोर्ट्स फेडरेशन एवम मार्शल आर्ट्स बोर्ड ऑफ झारखंड के तत्वधान में करगली गेट दुर्गा मंडप में सेल्फ डिफेन्स का ट्रेनिग इंस्ट्रक्टर अंजलि कुमारीएश्रेया अग्रवालए चीफ कोच उमेश नायडू की देखरेख में स्टार्ट हुआ। मौके रवि सिंहए उमाशंकर महतो ने हौसला अफजाई की।

### दो बाइक की भिड़ंत में दो घायल

**बेरमो।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र रेलवे स्टेशन मुख्य सड़क में दो बाइको के बीच टक्कर हो गया। जिसमें सवार जरवाबस्ती गांव निवासी 20 वर्षीय युवक अरविंद कुमार घांसी एवं एचएमटी कॉलोनी निवासी 55 वर्षीय डीवीसी कर्मी अमरजीत सिंह घायल हो गया। बाइक की गति तेज होने के कारण विपरीत दिशा से आ रहें डीवीसी कर्मी की बाइक को टक्कर मारी दी। जिससे डीवीसी कर्मी अमरजीत सिंह का एक पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया। वहीं युवक के सर में भी गंभीर चोटे लगी है।

### रामनवमी और चैती छठ मनाने को लेकर बैठक में विचार-विमर्श

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी चिरकुंडा थाना परिसर में रामनवमी एवं चैती छठ को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पर्व को किस तरह से शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए इस चर्चा की गई।बैठक में बिजली विभाग का कोई भी पदाधिकारी उपस्थित नहीं हुआ। वक्ताओं ने कहा कि पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने में केवल प्रशासन की ही भूमिका नहीं है। उसमे समाज के लोगों को भी अहम भूमिका निभानी होगी। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष डब्लू बाउरी, उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह,मुखिया रंजीत पासवान,अजय पासवान, रिंटू पाठक शामिल थे।

# कोयला चोरों ने मैनेजर को पीटकर किया घायल

## चोरी और सीनाजोरी भी करते हैं कोयला चोर



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** चोरी भी सीनाजोरी भी धनबाद में कोयला चोरों का हौसला इस कदर बढ़ गई है कि किसी को भी पीटने से पीछे नहीं हटते हैं। जहां एक और पूर्व में बाघमारा में कोयला चोरों के द्वारा सीआईएसएफ के ऊपर हमला किया जा चुका है, वहीं दूसरी ओर सोमवार की रात करकेंद पानी टंकी के समीप गोपालीचक कोलियरी के मैनेजर एल. एल. बर्णवाल को कोयला चोर पीटकर बुरी तरह घायल कर दिए। मैनेजर को जीप के नीचे खींच कर लात घूंसे से पिटाई कर दी गई। पुटकी पुलिस सूचना पर भागी-भागी पहुंची तो हमलावर भाग निकले। पिटाई करने वाले एक दर्जन की संख्या में थे। पूरी प्लानिंग के तहत घटना को अंजाम दिया गया। हमले में मैनेजर की बाई आंख के ऊपर व शरीर के कई हिस्से में चोट आई है। घायल अधिकारी को पुटकी के नर्सिंग होम में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। आंख के ऊपर 6 टांके लगे है। इतना ही नहीं, हमला करने के बाद भी कोयला चोर गिरोह के कुछ लोग निडर होकर नर्सिंग होम के अगल-बगल देखे गए। हमले की खबर जंगल की आग की तरह इलाके में फैल गई। कोयला अधिकारी भी पहुंच गए, मैनेजर की माने तो रात साढ़े सात बजे काम निपटा कर जीप से प्रोजेक्ट से घर जा रहे थे। बाहर निकलते ही एक कार पीछा करने लगी। पानी टंकी के निकट जीप के आगे कार खड़ी कर दी। चालक को गाली देते हुए चाबी छीन ली गई।

## खनन प्रभारी ऐप पर शिकायतों का हाल

खनन प्रभारी ऐप पर भी झारखंड सहित धनबाद में कोयला चोरी की रिपोर्ट दर्ज होती है लेकिन सब कुछ पहले की तरह चलता रहता है। कोयला मंत्रालय के आंकडे पर भरोसा करें तो जनवरी 2023 तक खनन प्रहरी एप पर कुल 462 शिकायतें दर्ज की गई है। इसमें दूसरे नंबर पर झारखंड है जबकि पहले नंबर पर पश्चिम बंगाल है। छत्तीसगढ़ और उड़ीसा में से कम शिकायतें दर्ज की गई है। झारखंड में बीसीसीएल, सीसीएल, ईसीएल तीनों कोल कंपनियों के लीज होल्ड एरिया से यह शिकायतें मिली है ।तो क्या धनबाद के कोयला चोर इतने ताकतवर हो गए हैं कि कोयला चोरी रोकने की त्रिस्तरीय व्यवस्था पर भी भारी पड़ रहे हैं या उन्हें जानबूझकर निजी स्वार्थ के लिए ऐसा करने की छूट दी गई है। यह सब तब हो रहा है जब झारखंड के साहिबगंज जिले अवैध खनन को लेकर प्रवर्तन निदेशालय जांच कर रहा है।

## बाइक से पहुंचे हमलावर, पुलिस के आने पर भागे

उसके बाद उनकी पिटाई की जाने लगी। तब तक मोटरसाइकिल पर सवार कई लोग पहुंचे। घेर कर उन्हें नीचे गिरा दिया और लात घूसों से उनकी पिटाई की। लोग बताते हैं कि गोपालीचक आउटसोर्सिंग कोयला चोरों के लिए चारागाह बना हुआ है। यहां कोयला चोरों के कई गुट सक्रिय है। अधिकारी ने चोरी पर अंकुश लगाने की कोशिश की तो उन पर हमला बोल दिया गया। यह तो कोयला चोरों के बढ़ते मनोबल का एक उदाहरण है। कोयला चोर पुलिस को भी नहीं लगाते। उनसे भी पंगा ले लेते है। दरअसल यह घटना कोयला अधिकारियों के लिए भी कम बड़ी चुनौती नहीं है। पुलिस के लिए तो है ही। कोयलांचल में कोयले के काले धंधे को रोकने की तीन स्तरीय व्यवस्था है। पहली जिम्मेवारी तो बीसीसीएल की बनती है, दूसरी जिम्मेवारी सीआईएसएफ पर है तो तीसरी जिम्मेवारी पुलिस की है। कोयला चोरी रोकने के लिए जिले में टास्क फोर्स का गठन भी किया गया है, जो कागजों तक सिमट कर रह गया है। कोयला चोर इस धंधे से इतनी कमाई कर लिए हैं कि वह अब किसी को भी अपने आगे कुछ नहीं समझते।

# निर्माणाधीन मकान को लैंड माइंस से उड़ाने वाला नक्सली गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/बोकारो थर्मल।** बेरमो अनुमंडल के उग्रवाद प्रभावित ऊपरघाट के पेंक स्थित जमुनिया गांव में 22 मार्च 2013 में माओवादी एरिया कंमाडर प्रवील उर्फ फुलचंद मांझी का निमार्णाधीन आवास को माओवादियों ने लैंड मांइन लगाकर ध्वस्त करने के मामले में शामिल माओवादी मंगर मांझी को पेंक.नारायणपुर थाना के थाना प्रभारी सुमन कुमार ने गुप्त सूचना के आधार निमियाघाट थाना क्षेत्र के चंदनकुरवा से सोमवार को गिरफ्तार कर तेनुघाट जेल भेज दिया है। इस मामले में पुलिस को दस साल से उसकी तलाश थी। इस अभियान में थाना प्रभारी सुमन कुमार के अलावा पुअनि मुणा कुमार राणा सहित जैप के जवान शामिल थे। एरिया कंमाडर प्रवील उर्फ फुलचंद मांझी पर आरोप लगाया था कि लेवी का पैसा गबन कर जमुनिया गांव में एक आलीशन मकान बना रहा था। जिसकी लागत 20 लाख की लागत बतायी गयी थी। तत्कालीन एसपी साकेत कुमार सिंह ने उस समय इस की पुष्टि किए थी। इसकी सूचना मिलने पर माओवादियों ने अपने स्तर पर जांचकर 22 मार्च 2013 को तीन शक्तिशाली लैंड मांइन लगा विस्फोटकर मकान को ध्वस्त कर दिया था। हांलाकि इस घटना से पूर्व माओवादी प्रवील उर्फ लालचंद मांझी पुलिस के हत्थे चढ़ गया था। उस समय उसके घर के सामने स्थित मचान से छुपाकर रखा लाखों रूपया जब्त भी किया था।

# झरिया कांग्रेस नेता के रिश्तेदार के घर हमला, महिला को पीटा

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया ।** झरिया नगर कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष गणेश बहादुर सिंह के रिश्तेदार के घर असामाजिक तत्वों ने हरवे हथियार से लैश दिनदहाडे किया हमाला। महिलाओं से बदसलुकी। पीडित सुमन देवी ने थाना में किया लिखित शिकायत । पुलिसिया कार्रवाई के नाम पर ढाक के तीन पात। थाना के चौकिदार मामले को दबाने का कर रहा प्रयास। कांग्रेसियों में रोष। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह पहुचे झरिया थाना। इस सबंध में न ई दुनिया संतोष नगर निवासी कांग्रेस नेता गणेश बहादुर सिंह की ब्याहता बेटी पीड़ित सुमन देवी ने 20 मार्च पुलिस को दिये शिकायत में कहा है। कि दिन के सुबह कतीब 9.20 बजे पास के रहने वाले गोपाल साव, मिथिलेश साव, अमित साव,त्रिलोकी साव ने हरवे हथियार से लैश होकर हमारे घर में घुस गये। आरोपियों ने घर में घुसने के साथ कहाकि इसका बेटा सुजल को खोजो आज उसका जान मारन देना है। इसी क्रम में आरोपियों द्वारा रुम के अंदर जाकर सुजल को खोजने लगे। साथ घर का समान तहस नहस किया गया । घटना के समय मेरे घरका कोई पुरुष मौजूद नहीं था। जब पीड़ित सुमन ने कहाकि काफी दिनों से मेरा बेटा यहां नहीं रहता है। जिसपर आरोपियों द्वारा भद्दी भद्दी गांलिया देते हुए मेरे साथ मारपीट किया है। साथ ही गलत नियत से हकरत करने लगा। जिसपर पीड़िता ने शोर मचाया । शोर सुनकर आसपास के लोग जुटे तो आरोपी बुरे परिणाम का धमकी देते हुए भाग निकले।

# बोकारो: सिंटर प्लांट में लगा सुझाव मेला

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो संयंत्र के सिंटर प्लांट विभाग के कांफ्रेंस हाल में सुझाव मेला का आयोजन हुआ जिसमें सीजीएम बी के बेहराए जीएम एल एन महापात्राए सी ठाकुरए आई मुखर्जी व मितेशए प्रबंधक प्रीति प्रियाए विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। सुझाव मेला में बी के बेहरा ने संयंत्र की बेहतरी के लिए कर्मियों के सुझाव को अहम बताया तथा अधिक से अधिक सुझाव देने का संदेश दिया। मितेश ने कर्मियों से प्राप्त सुझावों की अहमियत पर प्रकाश डाला तो श्रीमती प्रिया ने कर्मियों को सुझाव से संबंधित फार्म भरने के बारे मे बताया। सुझाव मेला में सिंटर प्लांट विभाग के कर्मियों ने संयंत्र की बेहतरी के लिए लगभग 100 सुझाव दिये।



## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

**बोकारो।** बीएसएल के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश की अध्यक्षता में ईडी बी के तिवारीए सी आर महापात्राए एस रंगानीए आर प्रसादए विभिन्न विभागों के सीजीएमए जीएम एनए सैफी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हुई। वरीय प्रबंधक व राजभाषा अधिकारी शशांक शेखर ने बैठक की कार्यसूची पर प्रकाश डालते हुए पिछली बैठक के निर्णयों के अनुपालन की स्थितिए विभिन्न विभागों में हिंदी की प्रगति इत्यादि की समीक्षा की। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन राजभाषा अधिकारी शशांक शेखर ने किया।

## हाथियों के उत्पात से फसलें हो रही बर्बाद

**बोकारो/कसमार।** कसमार व जरीडीह अंचल के तीन गांवों में एक जंगली हाथी ने उत्पात मचाते हुए गेंहू समेत अन्य कई फसलों को खा डाला और फसलों को रौंद डाला। जुमरा व सेंवातीघाटी जंगल की और से एक जंगली हाथी पाड़ी गांव आ धमका और डेढ़ घंटा उत्पात मचाया।

## पेज 1 का शेष

### मानवता शर्मसार : एक लाख...

पैसे लेकर बच्चा उन्हें दे दो। जिसके बाद मैंने एक लाख रुपया में बच्चा अस्पताल के बाहर उन्हें दे दिया है। हालांकि इस पूरे मामले में पूछताछ के लिए बुलायी गयी आरोपी सहिया ने खुद को निर्दोष बताते हुए बच्चे की मां पर बार-बार बयान बदलकर बदनाम करते हुए फंसाने का आरोप लगाया है। सहिया का कहना है कि जब वह मौजूद ही नहीं थी तो फिर सौदा कैसे करवा सकती हूं। **प्रसव के चंद घंटे बाद ही नवजात का सौदा :** मामला सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के दिभा मोहल्ला इलाके की है। यहां की गर्भवती आशा देवी को डिलीवरी के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के देखरेख में देर शाम महिला का प्रसव कराया गया। लेकिन आरोप है कि महिला के प्रसव के चंद घंटे बाद ही देर रात मौके पर मौजूद सहिया डिंपल देवी ने महज एक लाख रुपये में ही नवजात का सौदा करा कर उसकी मां से बच्चे को बेचवा दिया। इतना ही नहीं अस्पताल में लगे कैमरे से बचने के लिए सहिया ने उसकी मां को अस्पताल परिसर से बाहर बुलाकर एक लाख रुपया नगद देकर नवजात बच्चे को दूसरे के हाथों बेच दिया।

### पलामू में नक्सलियों ने ...

ईंट्ट भठ्ठा संचालक सत्यानंद मेहता ने बताया कि पांच माह पहले टीपीसी के रंजन जी ने मोबाइल से लेवी मांगी थी। बताया था कि स्थिति खराब है काफी लोन है। हम लेवी नहीं दे सकते। जिसके बाद रंजन ने अंजाम भुगतने की धमकी भी दी थी। घटना की जानकारी मंगलवार की सुबह होते ही चारों तरफ फैल गयी। घटना से ईंट्ट भठ्ठा संचालकों के साथ स्थानीय व्यवसायियों व ग्रामीणों में दहशत है। उनका कहना है कि एनएच के बगल में स्थित भठ्ठा में घटना को अंजाम देकर उग्रवादियों ने पुलिस प्रशासन को चुनौती दी है। सूचना मिलते ही रात में ही पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा और बिश्रामपुर के एसडीपीओ सुरजीत कुमार मौके पर पहुंचे। छानबीन कर उग्रवादियों के संभावित ठिकानों पर छापामारी अभियान शुरू कर दिया गया है। एसपी ने बताया कि 3 ट्रैक्टर के इंजन वाले हिस्से में आग लगायी गयी है। टीएसपीसी का दस्ता होने की संभावना है। पुलिस लगातार सर्च अभियान चला रही है। जल्द ही नक्सली हमारी गिरफ्त में होंगे।

### फरार अमृतपाल पर ...

इस बीच पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने मंगलवार को सरकार से पूछा कि जब अमृतपाल को देश के लिए खतरा बताया तो उसे अभी तक पकड़ा क्यों नहीं गया। राज्य के 80 हजार पुलिस वाले क्या कर रहे थे। साथी पकड़े गये तो अमृतपाल कैसे भाग गया। यह आपका इंटेलिजेंस फेलियर है। 4 दिन बाद फिर इस मामले की सुनवाई होगी। वहीं आइजी सुखचैन सिंह गिल ने बताया कि अमृतपाल को भगाने में मदद करने वाले चार साथियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस की नजर से बचने के लिए अमृतपाल ने अपना हुलिया भी बदल लिया है। अमृतपाल सिंह अंत में अपने चार साथियों मनप्रीत मन्ना निवासी नवा किला शाहकोट, गुरदीप दीपा निवासी बल नकोदर, हरप्रीत एलिया हैप्पी और गुरभेज भेज्जा की मदद से ब्रीजा कार में भागा था। यह ब्रेजा कार को पुलिस ने मनप्रीत मन्ना के घर से बरामद कर लिया है। इसके साथ ही मन्ना, दीपा, हैप्पी और भेजा को भी अरेस्ट किया है।

### रामनवमी जुलूस...

बार और पलटवार जारी रहा : लगातार बढ़ते हंगामे के बीच सत्ताधारी दलों के विधायकों ने शोरगुल शुरू कर दिया। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि हमलोग असली रामभक्त हैं। भाजपा के लोग भावनाओं को भड़काया रहे हैं। हजारीबाग में धरना पर बैठने वाले भाजपा कार्यकर्ता हैं। किसी को हजारीबाग में रोका नहीं गया है। भाजपा वाले झूठ बोलते हैं। हम लोग जय सियाराम बोलते हैं। ये लोग जय श्रीराम बोलते हैं। इस पर पलटवार करते हुए मनीष जयसवाल ने मिथिलेश ठाकुर को कहा कि ये बेईमान हैं। सब विधायकों को 10 किलोमीटर रोड दिया, ये 40 किलोमीटर रोड लिये हैं। बेईमान मंत्री से क्या कहना है। मनीष जायसवाल ने कहा कि मंत्री सुप्रीम कोर्ट के बयान को गलत कह रहे हैं। इधर प्रदीप यादव ने कहा कि हम भी राम के भक्त हैं। मगर राम के नाम पर ये लोग दंगा कराते हैं। राम के नाम पर ये लोग नाटक करते हैं। बार बार टोके जाने पर दीपिका पांडे को मनीष जायसवाल ने कहा की ये जिस पार्टी में हैं, उसके संस्कार यही है। दीपिका पांडेय भी वेल में आ गयी। उन्होंने कहा कि मैं हिंदू हूं। नगर वधू नहीं हूं। मनीष जायसवाल की ओर इशारा करते हुए दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि इनके पार्टी के सांसद ने मुझे नगर वधू कहा है। ये राम,सीता की बात करते हैं। इन्होंने मेरा अपमान किया है। इस दौरान विधायक अमर बाउरी ने भी कहा कि मिथिलेश ठाकुर का व्यवहार और बयान ठीक नहीं है। उन्होंने सदन में जिस तरह कहा कि कोर्ट का आदेश है। उन्होंने चार टाइम अजान का डिसाइबल चेक किया है क्या। न्यूनतम मजदूरी 275 रुपये से बढ़ाकर 335 रुपये किया : वहीं कटौती प्रस्ताव के विपक्ष में बोलते हुए झामुमो विधायक सीता सोरेन ने कहा कि हेमन्त सरकार लगातार राज्य के विकास के लिए काम कर रही है।

### सरयू राय का छलका...

बजट सत्र के शेष बचे दिन में भाग नहीं लेने की घोषणा कर दी। दरअसल सरयू राय ने स्वास्थ्य विभाग के प्रश्न किया था कि जो विभाग के द्वारा भारत सरकार के कंपनियों से अत्यधिक दामों पर खरीद की जा रही हैं उसमें सरकार को राजस्व की क्षति हो रही है जिस पर स्वास्थ्य मंत्री का जवाब से सरयू राय नाराज हो गये। ऊंचे दामों पर दवा खरीदे जाने संबंधी प्रश्नों का जवाब स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा गलत दिये जाने पर इसकी शिकायत विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो से करते हुए अवमानना चलाने की मांग की। स्पीकर ने प्रश्नकाल के बाद इसपर समुचित कदम उठाने का आश्वासन दिया लेकिन प्रश्नकाल के बाद जैसे ही सरयू राय अपनी बात सदन में रखने लगे माइक बंद करा दिया गया जिससे सरयू राय नाराज हो गये।

# उपायुक्त ने सुनीं आम लोगों की समस्याएं

## जनता दरबार



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में ग्राम पंचायत हरिहरपुर से आई मुखिया तबस्सुम खातून ने आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, सामुदायिक पंचायत भवन एवं काजी हाउस के निर्माण हेतु उपायुक्त को आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि हरिहरपुर अंतर्गत संथालडीह आंगनबाड़ी केंद्र को पूर्व मध्य रेलवे द्वारा रेलवे लाइन निर्माण हेतु अधिग्रहण की गई है। अधिग्रहण के पश्चात आंगनवाड़ी भवन को ध्वस्त कर दिया गया है। फलस्वरुप आंगनबाड़ी के अधीन समस्त कार्य को सुचारू रूप से चलाने में कठिनाई हो रही है। उपायुक्त ने इस मामले को संबंधित पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन हेतु अग्रसारित किया। कतरास के पुराना तोपचांची मार्ग, कतरास बाजार से आई मधुमाला ने बाघमारा प्रखंड में अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराने हेतु उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि पूरे बाघमारा प्रखंड की कुल आबादी अनुमानित पांच लाख से अधिक है। घनी आबादी के बीच आग लगने जैसी घटनाएं भी सामने आ चुकी है।

# यूथ फोर्स ने उत्कृष्ट स्थान पाने वाले छात्रों को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** मंगलवार को श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट करने वाले प्रतिभागियों को सम्मान करने के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। सभी उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले सफल प्रतिभागियों को बधाई दी और आगे भी उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक एवं जदयू के प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों जिसमें अमन राज सिंह जिन्होंने सिविल इंजीनियरिंग गेट परीक्षा में पूरे भारतवर्ष में 57 रैंक हासिल किया है , डॉ एम एन वर्मा जो नस और हड्डी रोग विशेषज्ञ है , शुभम तिवारी जिन्होंने एसएससी सीजीएल में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में अपना चयन प्राप्त किया है , नागेश्वर नायक जिन्होंने इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल किया है, आरूष कुमार रावत जिन्होंने नेशनल मार्शल आर्ट में गोल्ड मेडल हासिल किया है एवं देवश्री कुमारी जिन्होंने नेशनल चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है , सभी को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# बोकारोः दांतू में बंद घर से समरसेबुल पंप की चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत दांतू स्थित एनएच किनारे इतिका ढाबा के बगल में शांति नायक के बंद आवास के चहारदीवारी के सहारे घुसकर अज्ञात चोरों ने बीते दिन समरसेबुल पंप व तार चुरा लिया। शांति नायक अपने पूरे परिवार के साथ दांतू बस्ती में पुराना आवास में रहा करते है। उनकी पत्नी द्वारा किसी कार्य से उधर जाने पर बोरवेल के सामने चोरों द्वारा काटे गए रस्सी व कुछ तार के टुकड़े से चोरी होने की बात सामने आई। शांति नायक की पत्नी ने बताया कि 500 फीट नीचे बोरवेल मशीन ;पंपद्ध लगाया गया था जिसकी कीमत लगभग 60 हजार रूपए थी। चोरी होने की सूचना शांति नायक के घर वालों ने मौखिक रूप से कसमार थाना प्रभारी उज्जवल पाण्डेय को दी है। इधर कसमार थाना प्रभारी उज्जवल पाण्डेय ने बताया कि दांतू से शांति नायक के घर वालों ने फोन से चोरी होने की सूचना दी है लेकिन अभी तक लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

# नम आंखों से दी नीरज सिंह को श्रद्धांजलि



खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** 21 मार्च 2017 को एक साथ रोया था कोयलांचल, छः वर्ष पहले दिल में बना घाव का दर्द भी कोयलांचल वासिंयों के दिल में ताजा है। माफीयाओं ने नीरज का नहीं एक महान विचार धारा की थी हत्या। स्व. नीरज सिंह व्यक्ति नहीं एक विचार धारा के रूप में कोयलांचल के दिल में बसे थे। उक्त बातें झारखंड के पूर्व मंत्री मन्ना मल्लिक ने कहा। श्रद्धांजलि सभा में स्व. नीरज सिंह, मुन्ना तिवारी, अशोक यादव, घोलटू महतो का फोटो के सामने पहुचे तो आंखे नम हुई। उन्होंने ने कहाकि कोयलांचल वासिंयों की दिल का दर्द दुर करने को लेकर विधाय पूर्णिमा नीरज सिंह प्रयासरत है। नीरज सिंह की विचार धारा अपनने से होगा : जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहाकि कि स्व. नीरज सिंह का हत्या होने से लाखों युवा बेरोजगार की चाहत की हत्या हुई। जब जरुरत पडे याद किजिये नीरज सिंह साथ में मिलते थे। उन्होंने आह्वान किया कि सामुहिक रूप से स्व. नीरज सिंह की विचार धारा को अपनाया जाये तभी कोयलांचल में खुशहाली आने की संभावना है।

# जेएसडब्ल्यू कोल वाशरी के समक्ष बीसीकेयू का धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**सुदामडीह।** बीसीसीएल के पाथरडीह कोल वाशरी स्थित जेएसडब्ल्यू कोल वाशरी के मुख्य गेट समक्ष ठेका मजदूरों को हाई पावर कमिटी की दर से वेतन का भुगतान करने सहित पाँच सूत्री मांगों को लेकर बीसीकेयू के बैनर तले मजदूरों ने प्रदर्शन व नारेबाजी कर अनिश्चित कालीन धरना पर बैठ गए है। तथा सभा की।

सभा को सम्बोधित करते हुए बीसीकेयू के नेता सबूर गोराई ने कहा कि ठेका मजदूरों के 5 सूत्री माँगों को लेकर कोल वाशरी प्रबंधन को इसके पूर्व कई बार पत्र प्रेषित कर मजदूरों की समस्याओं का समाधान करने की माँग की गई। परन्तु प्रबंधन द्वारा बार बार आश्वाशन देने के बाद भी वादा खिलाफी किया जा रहा है।जिससे मजदूरों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि मजदूरों ने अपनी माँगों को लेकर पूर्व में कई बार आंदोलन किया है। जिस पर प्रबंधन ने सहमति भी जताई है। लेकिन प्रबंधन अब आनाकानी करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि पाथरडीह कोल वाशरी में वर्षों से यहां रिजेक्ट स्लरी का उठाव स्थानीय मजदूरों द्वारा किया जाता था। जिसे आज मशीन द्वारा रेलवे रेक और ट्रक लोडिंग किया जा रहा है। जिसे मशीनों से रैक लोडिंग बंद कर मजदूरों द्वारा मैनुअल लोडिंग कराया जाय। उन्होंने कहा कि प्रबंधन यदि तत्काल मैनुअल स्लरी लोडिंग चालू नहीं किया तो तीव्र आंदोलन किया जाएगा।




## धरना में थे शामिल

मौके पर बीसीकेयू नेता सबूर गोराई, राजकिशोर महतो सोनू गोराई रमेश कुमार अशोक कुमार ललित नारायण महतो भागीरथ रवानी अजीत महतो रूम रमेश रवानी चंद्रिका मलिक चंद्रमणि पार्वती देवी के अलावे दर्जनों मजदूर उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### अमृतपाल के तीन और साथियों को डिब्रूगढ़ जेल

डिब्रूगढ़। असम पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह के चाचा हरजीत सिंह समेत उसके तीन और साथियों को मंगलवार को उच्च सुरक्षा वाली डिब्रूगढ़ जेल में लाया गया ।इन लोगों को मिला कर 19 मार्च के बाद से अमृतपाल सिंह के वारिस पंजाब दे (डब्ल्यूपीडी) से जुड़े सात सदस्यों को यहां लाया जा चुका है। हरजीत सिंह को मंगलवार तड़के डिब्रूगढ़ लाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुलवंत सिंह धालीवाल और गुरिंदर पाल सिंह नामक डब्ल्यूपीडी के दो सदस्यों को दिल्ली से एक विमान से आज यहां लाया गया और बाद में कड़ी सुरक्षा के बीच डिब्रूगढ़ केंद्रीय कारागार ले जाया गया।

### बंगाल में पटाखा फैक्टरी में आग, तीन की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में एक पटाखा फैक्टरी में भीषण आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोलकाता से सटे महेशतला के पुत्खली मंडलपारा में सोमवार देर रात आग लग गई। अग्निशमन सेवा मंत्री सुजीत बोस ने बताया कि पटाखा इकाई के मालिक भरत हाटी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों की पहचान भरत की पत्नी लिपिका हाटी (52), उनके बेटे शांतनु (22) और उसके पड़ोसी आलो दास (17) के रूप में हुई है।

### इमरान खान ने कोर्ट से की आशंका जतायी

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने देश के मुख्य न्यायाधीश से उनके खिलाफ दर्ज मामलों में उन्हें वीडियो लिंक के जरिए अदालती कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देने का अनुरोध करते हुए दावा किया कि अगर वह अदालत में पेश होते हैं तो उनकी हत्या की जा सकती है। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश उमर अता बांदियाल को सोमवार को लिखे पत्र में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख ने अपने खिलाफ दर्ज मुकदमों को जोड़ने की भी गुजारिश की।

### अडाणी, चोकसी भाजपा के अच्छे दोस्त : ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि व्यवसायी गौतम अडाणी और भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी केंद्र और भाजपा की सरकार के सबसे अच्छे दोस्त हैं और भगवा पार्टी इन्हीं लोगों के लिए काम कर रही है। ममता बनर्जी ने यह आरोप इंटरपोल की रेड कॉर्नर नोटिस सूची से चोकसी का नाम हटाए जाने के एक दिन बाद लगाया है।

### कारोबारी ईप्पन को ईडी की हिरासत में

**कोच्चि।** कोच्चि की एक विशेष अदालत ने केरल सरकार की प्रमुख आवास योजना के कार्यान्वयन में कथित आर्थिक अनियमितता के आरोप में गिरफ्तार कारोबारी संतोष ईप्पन को मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया।. यूनिटेक बिल्डर्स कंपनी के प्रबंध निदेशक ईप्पन को पूछताछ के बाद ईडी ने सोमवार को गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने उन्हें 23 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेजा।

### अतीक के कार्यालय से अवैध हथियार बरामद

**प्रयागराज।** माफिया और पूर्व सांसद अतीक अहमद के चकिया स्थित कार्यालय से मंगलवार को पुलिस ने लाखों रुपये की नकदी और करीब एक दर्जन अवैध हथियार बरामद किए। अतीक के चकिया कार्यालय के सामने का हिस्सा काफी पहले ही बुल्डोजर से ध्वस्त कर दिया गया था और पुलिस बल की मौजूदगी में कार्यालय की तलाशी ली गई जहां से लाखों रुपये नकद और एक दर्जन के हथियार बरामद हुए।

# पीएफआइ पर जारी रहेगा बैन

## ट्रिब्यूनल ने केंद्र के फैसले को सही ठहराया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम कानून (यूएपीए) के तहत गठित एक अधिकरण ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) को गैर कानूनी संगठन घोषित करने और इसपर पांच साल का प्रतिबंध लगाने के केंद्र सरकार के फैसले की मंगलवार को पुष्टि की।

इस्लामिक स्टेट (आईएस) जैसे वैश्विक आतंकवादी संगठनों से कथित रूप से संबंध होने और देश में सांप्रदायिक नफरत फैलाने के आरोप में बीते बरस 27 सितंबर को केंद्र सरकार ने पीएफआई पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था।



मामले से जुड़े वकीलों ने पुष्टि की कि अधिकरण की अगुवाई कर रहे दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने अपने फैसले में संगठन पर प्रतिबंध की पुष्टि की है। केंद्र ने पीएफआई और इसके सहयोगी या इससे संबंद्ध संगठनों पर रोक लगा दी थी, जिसमें रेहाब इंडिया फाउंडेशन (आरआईएफ), कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया (सीएफआई), ऑल इंडिया इमाम्स काउंसिल (एआईआईसी), नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन (एनसीएचआरओ), नेशनल वूमंस फ्रंट, जूनियर फ्रंट, इम्पावर इंडिया फाइंडेशन और रेहाब फाउंडेशन, केरल शामिल था। नेशनल वूमंस फ्रंट की पैरवी कर रहे वकील कार्तिक वेणु ने कहा कि अधिकरण ने सभी आठ संगठनों पर प्रतिबंध की पुष्टि की है। केंद्र सरकार ने पिछले साल 27 सितंबर को जारी अधिसूचना में कहा था उक्त कारणों के चलते केंद्र सरकार का दृढ़ता से यह मानना है कि पीएफआई की गतिविधियों को देखते हुए उसे और उसके सहयोगियों या मोर्चों को तत्काल प्रभाव से गैरकानूनी संगठन घोषित करना जरूरी है। उक्त अधिनियम की धारा-3 की उपधारा (3) में दिए गए अधिकार का इस्तेमाल करते हुए इसे गैर-कानूनी घोषित किया जाता है। पीएफआई से कथित रूप से जुड़े 150 से अधिक लोगों को पिछले साल सितंबर में सात राज्यों में छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया था।

# आठवें दिन भी संसद बाधित

## सरकार और विपक्ष ने एक दूसरे को ठहराया जिम्मेदार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों में राहुल गांधी के लंदन में लोकतंत्र पर दिए बयान को लेकर जारी सत्तापक्ष का संग्राम दिनोंदिन तेज हो रहा है तो विपक्ष भी अदाणी मुद्दे की संयुक्त संसदीय समिति से जांच की मांग को जोरदार तरीके से उठाने से परहेज नहीं कर रहा है। इस दोहरी सियासी रस्साकशी में लगातार आठवें दिन संसद की कार्यवाही नहीं चल पायी और हंगामे के बीच ही जम्मू-कश्मीर का बजट लोकसभा में बिना चर्चा के पारित कर दिया गया। सियासी घमासान के बीच अब सरकार और विपक्ष संसद ठप होने के लिए एक दूसरे को जिम्मेदार ठहराने लगे हैं। भाजपा ने कहा है कि पीएम मोदी के नेतृत्व को मिल रही वैश्विक मान्यता के बीच विपक्ष जान बूझ कर आधारहीन आरोप लगाते हुए




संसद को ठप कर गैर जिम्मेदाराना व्यवहार कर रहा है। कांग्रेस ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी पर बेबुनियाद आरोप लगाकर भाजपा सरकार संसद नहीं चलने दे रही और राज्यसभा में तो नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सरकार के मंत्री बोलने तक नहीं दे रहे हैं।

**सदन की कार्यवाही स्थगित :** लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे रोज की तरह सत्तापक्ष के आक्रामक हंगामे और विपक्ष की जवाबी नारेबाजी के चलते स्थगित हो गई। दोपहर दो बजे लोकसभा में हंगामे के बीच ही केंद्र सरकार के खर्च से जुड़ी अनुदान मांगों और जम्मू-कश्मीर के बजट को बिना चर्चा के पारित कर दिया गया। सभापति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की ओर से दोनों सदनों में सरकार और विपक्ष के नेताओं की बुलाई गई बैठक में भी दोनों पक्षों का रूख नरम नहीं रहा और गतिरोध का समाधान नहीं निकला।

**धनखड़ का बार-बार अपमान करने का आरोप :** राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल और संसदीय कार्यमंत्री प्रलहाद जोशी ने विपक्षी दलों पर धनखड़ का बार-बार अपमान करने का आरोप लगाया तो कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने गोयल पर नेता विपक्ष का अपमान करने का आरोप लगाया। सभापति के दो मौकों बोलने की अनुमति देने के बाद भी गोयल ने खरगे को सदन में बोलने से रोका।

**जेपीसी के लिए विपक्ष की मांग :** उन्होंने कहा कि अदाणी मुद्दे पर जेपीसी के अलावा नेता विपक्ष को चुप कराना भी हमारे लिए एक मुद्दा है। जयराम ने संसद को ठप करने के लिए राहुल गांधी के बयान को बहाना बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पीएम से जुड़े अदाणी घोटाले में जेपीसी के लिए विपक्ष की मांग को पूरी तरह से निराधार आरोपों को राहुल गांधी से माफी मांगने की भाजपा की मांग से कैसे जोड़ा जा सकता है। उनके मुताबिक जेपीसी की मांग एक वास्तविक घोटाले को लेकर है जबकि माफी की मांग इस घोटाले से ध्यान हटाने के लिए है।

### राहुल का स्पीकर से आग्रह जवाब देने का मौका मिले



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह किया है कि उन्हें सदन में जवाब देने का अधिकार है, क्योंकि उनके खिलाफ सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों ने पूरी तरह से निराधार और अनुचित आरोप लगाए हैं। उन्होंने बिरला को लिखे पत्र में नियम 357 का हवाला दिया और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद रविशंकर प्रसाद का उदाहरण दिया कि प्रसाद ने बतौर मंत्री संसद में ज्योतिरादित्य सिंधिया की ओर से की गई टिप्पणी का जवाब देने के लिए इस नियम का हवाला दिया था। राहुल गांधी ने कहा कि मैं आपसे फिर ऐसा ही आग्रह कर रहा हूं। मैं संसद की परिपाटी, संविधान में निहित नैसर्गिक न्याय, नियम 357 के तहत आपसे अनुमति मांग रहा हूं। उन्होंने कहा कि मंत्रियों द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर उन्हें नियम 357 के तहत जवाब देने की अनुमति मिलनी चाहिए। राहुल गांधी ने बिरला को यह पत्र 18 मार्च को लिखा था।

## सिंगापुर के ड्रीम क्रूज पर अक्षरा सिंह ने मचाया धमाल

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने सिंगापुर के ड्रीम क्रूज पर धमाल मचा दिया है। प्रियंका चोपड़ा और दलेर मेहंदी के बाद सिंगापुर के ड्रीम क्रूज पर अक्षरा सिंह ने धमाल मचा दिया है। कैप्टन टीएमटी के कंपनी के डीलर्स मीट के अवसर पर अक्षरा ने ड्रीम क्रूज पर एक से बढ़ कर एक भोजपुरी और हिंदी गानों पर अपने डांस मूव्स से सबों को झूमने पर मजबूर कर दिया। अक्षरा सिंह भोजपुरी इंडस्ट्री की पहली ऐसी कलाकार बन गई हैं, जिसे ड्रीम क्रूज पर आमंत्रित किया गया था। कैप्टन टीएमटी के कंपनी के डीलर्स मीट के दौरान ही अक्षरा को कंपनी ने अपना ब्रांड एम्बेसडर बना लिया है। अक्षरा के पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम के दो सितारे सौरभ गांगुली और हरभजन सिंहकैप्टन टीएमटी के ब्रांड एम्बेसडर रह चुके हैं ।इसे मौके पर अक्षरा सिंह ने कहा कि पुरुष प्रधान समाज में एक लड़की का आगे बढ़ना आसान नहीं होता है। वहाँ ताकत और जुनून के साथ आगे बढ़ने में आप लोगों का सपोर्ट मिलता हैं। इसके लिए मैं सबकों का दिल से शुक्रिया। मैं यहाँ उमंग कैप्टन



स्टील परिवार से जुड़ कर कृतज्ञ महसूस कर रही हूँ। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

### 100 करोड़ क्लब में शामिल हुयी 'तू झूठी मैं मक्कार'

बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर और अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की फिल्म तू झूठी मैं मक्कार 100 करोड़ के क्लब में शामिल हो गयी है। लव रंजन के निर्देशन में बनीं फिल्म 'तू झूटी मैं मक्कार' हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। इस फिल्म में रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की मुख्य भूमिका है ।यह फिल्म 100 करोड़ के क्लब में शामिल हो गयी है ।तू झूठी मैं मक्कार रणबीर कपूर, श्रद्धा कपूर ,डिंपल कपाड़िया व बोनी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

### सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कुछ खालिस्तान समर्थक तत्वों द्वारा सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर किए गए हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे पूरी तरह से अस्वीकार्य करार दिया और कहा कि वह राजनयिक मिशनों और उनमें काम करने वाले राजनयिकों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने रविवार को सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला कर वहां तोड़फोड़ की थी। खालिस्तान समर्थक नारे लगाते हुए, प्रदर्शनकारियों ने पुलिस द्वारा लगाए गए अस्थायी सुरक्षा अवरोधकों को तोड़ दिया और वाणिज्य दूतावास परिसर के अंदर दो तथाकथित खालिस्तानी झंडे लगा दिए। हालांकि, वाणिज्य दूतावास के दो कर्मियों ने जल्द ही उन झंडों को हटा दिया।

## चोकसी के खिलाफ रेड नोटिस की बहाली को सीबीआइ ने सीसीएफ से किया संपर्क

**नयी दिल्ली।** सीबीआइ ने पंजाब नेशनल बैंक से 13,000 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी मामले में वांछित भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के खिलाफ रेड नोटिस बहाल करने के लिए कमीशन फॉर कंट्रोल ऑफ इंटरपोल फाइल्स (सीसीएफ) से संपर्क किया है। एजेंसी ने एक बयान में यह जानकारी दी। इंटरपोल ने सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध पर 2018 में चोकसी के खिलाफ रेड नोटिस जारी किया था।



इसके खिलाफ चोकसी की अपील 2020 में खारिज कर दी गई थी। एजेंसी ने कहा, अपने कथित अपहरण के प्रयास के लगभग एक साल बाद वर्ष 2022 में चोकसी ने 2020 के सीसीएफ के पूर्व के फैसले को संशोधित करने के लिए उससे संपर्क किया। सीसीएफ, इंटरपोल के भीतर एक अलग निकाय है, जो इंटरपोल सचिवालय के नियंत्रण में नहीं है और इसमें मुख्य रूप से विभिन्न देशों के निर्वाचित वकील नियुक्त हैं। एजेंसी ने कहा कि केवल काल्पनिक और अप्रमाणित अनुमानों के आधार पर पांच सदस्यीय सीसीएफ चैंबर ने नवंबर, 2022 में रेड नोटिस को हटाने का निर्णय लिया।

एजेंसी ने कहा कि सीसीएफ ने बाद में सीबीआई को स्पष्ट किया है कि उसका फैसला किसी भी तरह से मेहुल चोकसी के किसी भी अपराध या निर्दोषता पर कोई प्रभाव नहीं डालता है, जिस पर भारत में आरोप लगाया गया है। सीबीआई ने कहा कि ताजा सूचना और निर्णय में गंभीर त्रुटियों के आधार पर सीबीआई, सीसीएफ के निर्णय को संशोधित करने के लिए कदम उठा रही है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था में नहीं आयेगी सुस्ती : आरबीआइ

**मुंबई।** वैश्विक अर्थव्यवस्था की तरह भारतीय अर्थव्यवस्था में सुस्ती नहीं आएगी और वित्त वर्ष 2022-23 में हासिल वृद्धि की रफ्तार आगे भी कायम रहेगी। रिजर्व बैंक के एक लेख में यह संभावना जताई गई है। रिजर्व बैंक के बुलेटिन के मार्च संस्करण में प्रकाशित एक लेख में अर्थव्यवस्था की स्थिति का आकलन पेश करते हुए कहा गया है कि तमाम समस्याओं के बावजूद रिजर्व बैंक भारत को लेकर आशावादी बना हुआ है। मंगलवार को प्रकाशित इस आरबीआई बुलेटिन के मुताबिक, फरवरी के अंत में जारी आर्थिक वृद्धि संबंधी आंकड़े दुनिया के अन्य हिस्सों की तुलना में भारत को बेहतर स्थिति में दशार्ते हैं। इसके लिए घरेलू अर्थव्यवस्था के जुझारूपन के साथ ही घरेलू कारकों पर निर्भरता भी एक अहम घटक रही है ।वर्ष 2023 में वैश्विक वृद्धि पर मंदी की मार पड़ने की आशंका होने के बावजूद भारत शुरूआती धारणा के उलट महामारी के बाद कहीं अधिक मजबूत बनकर उभरा है।

# नवरात्र में प्रतिदिन 20 घंटे मां विंध्यवासिनी का दर्शन

## चारों आरती में बदलता है मां का स्वरूप

एजेंसी

मीरजापुर। नवरात्र भर प्रतिदिन दोपहर एक से डेढ़ बजे तक व रात 12 से भोर चार बजे तक लगने वाला शयन नहीं लगेगा। इससे नवरात्र के समय श्रद्धालु प्रतिदिन 20 घंटे मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन कर सकेंगे। आरती के समय श्रद्धालु मां विंध्यवासिनी का दर्शन नहीं कर सकेंगे। इस समय मां की आरती व श्रृंगार होने के कारण मंदिर का कपाट बंद रहता है।

मां विंध्यवासिनी धाम आने वाले रास्तों का नजारा एकदम बदल चुका है। चार-छह फीट की गलियों की जगह अब 35 फीट चौड़ा रास्ता मिलेगा। यह संभव हो पाया है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट विंध्य कारिडोर से। श्रद्धालु माता के धाम से ही पतित पावनी मां गंगा का भी दर्शन कर



पाएंगे। मां विंध्यवासिनी के दरबार में अबतक पताका दर्शन से वंचित भक्तों को अब धाम के हर कोण से पताका दर्शन मिलेगा।मां विंध्यवासिनी अपने भक्तों के कल्याण के लिए प्रत्येक दिन चार रूपों में दर्शन देती हैं। जीवन के चार पुरुषार्थ अर्थ, धर्म, काम एवं मोक्ष प्रदान करने वाली आदिशक्ति मां विंध्यवासिनी की चार स्वरूपों में चार (अवस्था) आरती होती है। प्रत्येक अवस्था में मां का स्वरूप बदल जाता है। प्रधान श्रृंगारिया विश्वमोहन उर्फ शिवजी मिश्र ने बताया कि भक्तों का कल्याण करने वाली मां विंध्यवासिनी विभिन्न अवस्था में दर्शन देकर अपने भक्तों की सारी मनोकामना अवश्य पूरी करती हैं। मां विंध्यवासिनी की आरती के मात्र दर्शन कर लेने से हजारों अश्वमेघ यज्ञ का फल प्राप्त होता है।

**मां की महत्ता:** हजारों मील का सफर करने वाली पतित पावनी गंगा धरती पर आकर आदिशक्ति मां विंध्यवासिनी का पांव पखार कर त्रिलोक न्यारी शिवधाम काशी में प्रवेश करती हैं। हजारों मील लंबे विंध्य पर्वत व गंगा नदी का मिलन मां विंध्यवासिनी धाम विंध्याचल में ही होता है। धाम से आगे जाकर गंगा उत्तर वाहिनी जाती है। जबकि विंध्य पर्वत दक्षिण दिशा की ओर मुड़ जाता है। अनादिकाल से सिद्धपीठ विंध्याचल धाम ऋषि मुनियों की तपस्थली रहा है। माता के धाम में त्रिकोण पथ पर संत देवरहा बाबा, नीम करौरी बाबा, गीता स्वामी, माता आनंदमयी, बाबा नरसिंह, अवधूत भगवान राम, पगला बाबा, बंगाली माता आदि अनेक सिद्ध साधकों की तपोस्थली है।

### आरती का समय

- सुबह तीन से चार बजे तक मंगला आरती।
- दोपहर 12 से एक बजे तक मध्याह्न आरती।
- शाम साढ़े सात से साढ़े आठ बजे तक सांध्य आरती।
- रात्रि साढ़े नौ से साढ़े दस बजे तक राजश्री आरती।

## वाणिज्य की खबरें

### बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 445 अंक चढ़ा, निफ्टी 17,000 अंक पार

**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 445 अंक से अधिक चढ़ गया। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख तथा सूचकांक में अच्छी हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज और बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा ।तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 445.73 अंक यानी 0.77 प्रतिशत की बढ़त के साथ 58,074.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 504.38 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 119.10 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,107.50 अंक पर बंद हुआ। सोमवार को दोनों प्रमुख सूचकांक नुकसान में रहे थे। कोटक सिक्योरिटीज लि. के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, "वैश्विक बाजारों में सुधार से घरेलू बाजारों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा और वित्तीय शेयरों में तेजी से यह मनोवैज्ञानिक स्तर से ऊपर बंद हुआ। हालांकि, जो तेजी आई है, उसका बरकरार रहना मुश्किल हो सकता है। इसका कारण अमेरिका तथा यूरोप के बैंकों में संकट है, जिससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बुधवार को नीतिगत दर को लेकर बैठक पर निवेशकों की नजर है। अगर ब्याज दर में बाजार की उम्मीद से ज्यादा वृद्धि होती है, इससे निवेशकों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। कच्चे तेल की कीमतों में जिस तेजी से गिरावट हो रही है, इससे वैश्विक आर्थिक स्थिति को लेकर चिता बढ़ी है। सेंसेक्स के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा 3.11 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, टाइटन, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, लार्सन एंड टुब्रो, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी और कोटक महिद्रा बैंक में प्रमुख रूप से तेजी रही।

### सोना 470 रुपये टूटा, चांदी फिसली

**नयी दिल्ली।** विदेशों में कमजोरी के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सरार्फा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 470 रुपये की हानि के साथ 59,480 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 59,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 420 रुपये की गिरावट के साथ 68,550 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई।

### टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहन होंगे एक अप्रैल से पांच प्रतिशत तक महंगे

**मुंबई।** वाहन कंपनी टाटा मोटर्स ने एक अप्रैल, 2023 से अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में पांच प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि कीमतों में वृद्धि एक अप्रैल से लागू होने वाले बीएस-छह उत्सर्जन मानदंड के दूसरा चरण के मद्देनजर की गई है। कंपनी ने बयान में कहा कि कीमतों में यह बढ़ोतरी वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी। यह अलग-अलग मॉडल और संस्करण के अनुरूप भिन्न-भिन्न होगी। कंपनी ने कहा, ह्यह्यटाटा मोटर्स अप्रैल से अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में पांच प्रतिशत तक की वृद्धि करेगी।

### हुंदै ने वरना का नया संस्करण उतारा कीमत 10.89 लाख रुपये से शुरू

नयी दिल्ली। देश की दूसरी सबसे बड़ी वाहन कंपनी हुंदै मोटर इंडिया (एचएमआई) ने घरेलू बाजार में मध्यम आकार की सेडान वरना का नया संस्करण मंगलवार को पेश किया। इसकी शोरूम कीमत 10.89 लाख रुपये से 17.37 लाख रुपये के बीच है। नई वरना घरेलू बाजार में होंडा सिटी, स्कोडा स्लाविया, फॉक्सवैगन वर्टस और मारुति सुजुकी सियाज को टक्कर देगी। छठी पीढ़ी की वरना के 1.5 लीटर डीजल संस्करण की शोरूम कीमत 10.89 लाख रुपये से 16.19 लाख रुपये के बीच है। वहीं, 1.5 लीटर टर्बो पेट्रोल संस्करण की कीमत 14.83 लाख रुपये से 17.37 लाख रुपये के बीच हैं ।एचएमआई के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं सीईओ उन्सू किम ने कहा कि वरना वैश्विक स्तर पर कंपनी के सबसे प्रतिष्ठित मॉडल में से रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने घरेलू बाजार में सेडान की 4.65 लाख इकाइयां बेची हैं। वहीं इस मॉडल की लगभग 4.5 लाख इकाइयों का निर्यात भी किया है।

OXFORD PUBLIC SCHOOL
Old H.B. Road, Pragati Path, Ranchi
ADMISSION NOTICE FOR CLASS-XI (SESSION: 2023-24)
Science | Commerce | Humanities
Admission forms for Class-XI are available at the school office counter and can also be downloaded from our website.
DATE OF APTITUDE TEST : 02.04.2023 (SUNDAY)
TIME : 10:00 AM TO 12:00 NOON | REPORTING TIME : 9:30 AM
7485096731, 7461944744
www.oxfordpublicschool.net.in oxfordpsranchi@rediffmail.com
PRINCIPAL

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित




सर्वत्र उपलब्ध
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-



मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA, RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
Phone : (0651) 2217945, 2217497, 9431102920, 9431174445
Visit us at www.vermapress.com, e-mail : vermapress@gmail.com